ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 20 सितम्बर 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-333 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

ऑस्कर के लिए नॉमिनेट होगी शाहरुख खान ... पेज 10 पर



## योजना का लाभ दिलाने के नाम पर विधवा महिला से सामूहिक दुष्कर्म

# नामजद तीनों सरकारी कर्मियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

योजना का लाभ दिलाने के नाम पर सदर थाना क्षेत्र में विधवा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपी सरकारी कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। विधवा के लिखित आवेदन पर सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुवे पुलिस ने नामित अभियुक्त मो. मेराज नाजिर जिला परिषद चतरा, सौरभ कुमार लिपिक जिला परिषद चतरा एवं निरंजन पांडेय मयूरहंड प्रखंड नाजिर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं महिला को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। पीड़िता ने अपने आवेदन में कहा है कि जिला परिषद चतरा द्वारा सिमरिया बाजार में एक दुकान के लिए टेंडर निकाला गया था। इसकी जानकारी के लिए चतरा कार्यालय गई तो कार्यालय में नाजिर मो. मेराज एवं लिपिक सौरभ कुमार से मुलाकात हुई।



इस दौरान इन लोगों ने मेरा मोबाइल नंबर ले लिया। 13 अगस्त को मो. मेराज ने चतरा ब्लॉक के पास यह कहकर बुलाया कि आधार कार्ड जमा करो तो दुकान मिल जायेगी। उसके बाद बताए गए स्थान पर पहुंची तो मेराज मुझे बुलाया और एक कमरे में ले गये। उस समय मयुरहंड प्रखंड के नाजिर निरंजन पाडेय पहले से ही वहां मौजूद थे। दोनों लोगों ने मेरे साथ जबरदस्ती सामूहिक बलात्कार किया। इन लोगों ने धमकी दी कि किसी को बताया तो तुम्हारी दुकान नहीं होने देंगे। उसके बाद 14 अगस्त को फिर से परिषद के क्लर्क सौरभ ने ड्राफ्ट लेकर चतरा आने के लिए फोन किया। बुलावे के अनुसार जब चतरा पहुंची तो सौरभ कुमार, मो. मेराज ने मुझे ड्राफ्ट जमा करने के लिए डीसी कार्यालय के सामने उत्सव पैलेश के पास बुलाया, जहां उन्होंने मुझे एक कमरे में बंद कर सामूहिक दुष्कर्म किया। मैंने विरोध करना चाहा तो उसने मुझे जान से मारने की धमकी दी। भय और लोक लज्जा के कारण मैंने किसी से कुछ नहीं बताया। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके बाद भी तीनों ने अपने मोबाइल से फोन कर संबंध बनाने का दबाव दिया और विरोध करने पर जन से मारने की धमकी दी।

# पलामू की बेटी को मिला एलेन होमियो नोबल अवार्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार की डॉ. दीपमाला प्रियदर्शी को डॉ मालती एलेन होमियो नोबल आवार्ड से नवाजा गया। यह उपलब्धि हासिल कर उसने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। दीपमाला प्रियदर्शी मूलतः हुसैनाबाद प्रखंड की दंगवार निवासी अखिलेश कुमार गुप्ता व सविता देवी की पुत्री है। तीन भाई बहनों में सबसे छोटी दीपमाला प्रियदर्शी झारखंड के होमियोपैथी मेडिकल कॉलेज गोड्डा के सत्र-2017-22 की छात्रा रही है। परीक्षा परिणाम में कॉलेज टॉपर रही। इस संबंध में उसके पिता अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उसकी प्रारंभिक शिक्षा रामवि दंगवार से हुई है। वह शुरू से ही अपने लक्ष्य के प्रति सजग रही है। उन्होंने बताया कि कॉलेज व यूनिवर्सिटी टॉप होने पर साइंस सीटी कोलकाता में एक समारोह में डॉ. मालती एलेन होमियो नोबल अवार्ड-2023 दिया गया। यह अवार्ड डॉ. सरकार फाउंडेशन व एलेन लैबोरेटरीज की ओर से दिया जाता है। इसके तहत संस्था के डॉ. जीपी सरकार, डॉ. सुनिरमल सरकार, डॉ. गोविंद साहा ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र, मेडल व दस हजार का चेक प्रदान किया। अपनी इस उपलब्धि को साझा करते हुए डॉ. दीपमाला प्रियदर्शी ने बताया कि किसी भी तरह की सफलता प्राप्त की जा सकती है। शर्त है कि कठिन मेहनत की जाये। सफलता के लिये सतत प्रयास व मेहनत जरूरी है। लक्ष्य के प्रति गम्भीरता व स्व आकलन करना अति आवश्यक है। उसकी इस उपलब्धि पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में दो बच्चों की मौत, परिवार में छाया मातम

**सेन्हा।** सेन्हा थाना के सेरेंगहातु में घर के समीप खड़े दो बच्चो को तेज रफ्तार वाहन ने धक्का मार दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु ढोड़हा के समीप परमेश्वर साहु का 14 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार साहू अपने 6 वर्षीय भगीना के साथ घर के समीप खड़ा था। उसी दौरान भंडरा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे चार पहिया वाहन के चालक द्वारा विपरीत दिशा में जा कर घर के समीप खड़े दोनों बच्चों को धक्का मार दिया गया, जिससे दोनों बच्चे घायल हो गए। दोनों घायल बच्चों को परिवार के सदस्यों द्वारा आनन फानन में इलाज के लिये रांची ले जाया जा रहा था। इसी दौरान घायल दोनों बच्चों का रास्ते में मौत हो गई। जिसे परिवार में मातम छा गया।

### जमीन घोटाले के आरोपित भानू प्रताप ने दायर की जमानत याचिका

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित और बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप ने जमानत याचिका दायर की है। भानू प्रताप ने अधिवक्ता के माध्यम से मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि भानू प्रताप को ईडी ने अप्रैल माह में गिरफ्तार किया था। भानु पर राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री करने का आरोप है।

### हत्या के आठ दोषियों को उम्रकैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने मंगलवार को हत्या के एक मामले में एक महिला सहित आठ लोगों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। इनमें मो साबिर, उसकी पत्नी निखत परवीन, बेटा साजिद उर्फ माचिस, आसिफ उर्फ मबो, छोटका, दानिश, विक्की और मो। इरशाद उर्फ रैडर शामिल हैं। यह मामला लोअर बाजार थाना क्षेत्र से जुड़ा है। दोषियों ने कलाल टोली के रहने वाले जैफ आलम की सात दिसम्बर, 2018 को कर्बला चौक के नजदीक सामूहिक हत्या कर दी थी। यह जानकारी अधिवक्ता परमानंद यादव ने दी।

### तालाब में डूबने से चार बच्चियों की मौत

**गिरिडीह।** पचंबा थाना इलाके के बुढ़वाआहर तालाब में मंगलवार सुबह कर्मा पूजा के मिट्टी लाने गई चार बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। इस दौरान डूबने से बची एक अन्य बच्ची की हालत काफी गंभीर है। बताया जाता है कि हन्डाडीह की रहने वाली कुछ बच्चियां कर्मा पूजा के लिए मिट्टी लाने के लिए पचंबा के बुढ़वाआहर तालाब में गई हुई थी। इस दौरान पांच बच्चियां तालाब में डूब गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के प्रयास से एक बच्ची को बाहर निकाल लिया गया लेकिन चार बच्चियों की मौत हो गई।

# महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश



**नई दिल्ली।** नई संसद में पहले दिन लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2023 यानी महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया। विधेयक को पेश किए जाने से पूर्व ही प्रधानमंत्री ने सभी दलों से आग्रह किया कि वे विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने में सहयोग दें। विधेयक को केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने पेश किया। यह संविधान का 128वां संशोधन विधेयक होगा। इसके तहत संविधान के अनुच्छेद 330ए, 332, 334ए में बदलाव किया जाएगा। विधेयक के पारित होने पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्ष दिया जाएगा। मेघवाल ने कहा कि विधेयक के अधिनियम बनने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या न्यूनतम 181 हो जाएगी। वर्तमान में लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को पहले भी लाने का प्रयास किया गया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर महिला आरक्षण विधेयक लाया गया है। विधेयक में संविधान संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, लोकसभा और राज्य विधानसभा में आरक्षण संबंधित प्रावधानों में बदलाव किया जाएगा। साथ ही इसे 15 साल के लिए लाया जाएगा जिसका समय आगे बढ़ाया जा सकता है। विधेयक को पुरःस्थापित करते समय विपक्षी सांसदों की ओर से विधेयक की प्रति प्राप्त नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। अध्यक्ष ने सदस्यों से अपने डिजिटल मोनिटर में विधेयक की प्रति देखने को कहा। वहीं संसदीय कार्य राज्यमंत्री ने कहा कि संशोधित कार्यसूची भी सभी सदस्यों को भेज दी गई थी। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने राज्य सभा में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया। वहीं विपक्षी सदस्यों ने विधेयक पेश करने से जुड़ी प्रक्रिया ठीक से नहीं उठाने के मुद्दे पर शोर-शराबा किया। विधेयक को ध्वनिमत से पेश करने की अनुमति दी गई लेकिन विपक्ष की ओर से इसके पक्ष में अवाज नहीं उठाई गई।

### 181 हो जाएगी महिला सांसदों की संख्या

**नई दिल्ली।** नई संसद में पहले दिन की कार्यवाही के रूप में मोदी सरकार के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा 128वां संविधान संशोधन 'नारी शक्ति वंदन विधेयक-2023' पेश कर दिया। इससे पहले सदन के नेता के रूप में नए संसद भवन की नई लोकसभा में पहले वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज के दिन को अमरत्व प्रदान करने के लिए नए संसद भवन में सदन की पहली कार्यवाही के रूप में सरकार यह बिल लेकर आ रही है और वे आज के दिन दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों से इसे सर्वसम्मति से पारित करने की प्रार्थना करते हैं। लोकसभा में बुधवार को महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक पर चर्चा शुरू होगी। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। इस कानून के प्रभावी होने के बाद लोकसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएगी और महिला सांसदों की संख्या 181 हो जाएगी। वर्तमान लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या सिर्फ 82 है। इस संशोधन में वर्तमान में महिला आरक्षण को सिर्फ 15 वर्षों के लिए लागू करने का प्रावधान किया गया है। लेकिन, भविष्य में संसद इस अवधि को बढ़ा भी सकती है।

### 1250 करोड़ में बनकर तैयार हुई संसद है हाईटेक

**नई दिल्ली।** नए संसद भवन में मंगलवार से कामकाज शुरू हो गया। नई संसद में कुल 1280 सासदों के बैठने की व्यस्था है। लोकतंत्र का मंदिर यानी संसद भवन काफी खूबसूरत दिखता है। संसद भवन के द्वार पर सत्यमेव जयते लिखा गया है। संसद का वर्तमान भवन 1927 में बन था, जो अब करीब 100 साल पुराना होने वाला है। इसके दोनों सदनों में सांसदों के बैठने की सुविधाजनक व्यवस्था का अभाव होने की वजह से नई संसद की जरूरत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुराने संसद भवन का नाम 'संविधान सदन' रखा है। अब पुरानी संसद भवन को 'संविधान सदन' के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर, 2020 में नए संसद भवन की आधारशिला रखी थी। तीन साल से कम समय में नई संसद बनकर तैयार हो गई। त्रिकोणीय आकार की चार मंजिला यह इमारत 64,500 वर्ग मीटर में फैली है। पुरानी संसद से नई संसद भवन लगभग 17,000 वर्ग मीटर बड़ा है। अत्याधुनिक तकनीक से तैयार इस भवन पर भूकंप का असर नहीं होगा। नई संसद भवन को बनाने में 1200 करोड़ की लागत आई है, जो पहले अनुमानित लागत 971 करोड़ रुपये तय थी। नई संसद भवन की इमारत का निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स ने किया है। इमारत को बनाने का कार्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कुलदीप द्विवेदी बनाये गये सीबीआई के डीआईजी

**रांची।** झारखंड कैडर के 2005 बैच के आईपीएस कुलदीप द्विवेदी को सीबीआई का डीआईजी नियुक्त किया गया हैं। कुलदीप द्विवेदी वर्तमान में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में उप डीआईजी के पद पर हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में कहा गया है कि कार्मिक मंत्रालय ने 17 जनवरी, 2026 को समाप्त होने वाली पांच साल की अवधि के लिए द्विवेदी को उनके पद डीआईजी आईटीबीपी से डीआईजी सीबीआई के पद पर अधिकृत किया है।

### रांची रेल मंडल से चलने वाली नौ ट्रेनें रद्द

**रांची।** कुड़मी (कुर्मी) को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर कुड़मी विकास मोर्चा बुधवार से तीन राज्यों में एक साथ अनिश्चितकालीन रेल टेक रोको आंदोलन करेगा। इसमें झारखंड का मुरी, गोमो, नीमडीह व घाघरा रेलवे स्टेशन, पश्चिम बंगाल का खेमासुली व कुस्तौर रेलवे स्टेशन और ओड़िशा का हरिचंदनपुर, जराइकेला व धनपुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

## हाई कोर्ट ने दिया आदेश, सीबीआई करेगी विवेकानंद ट्रस्ट में 42 लाख के गबन की जांच

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने जमशेदपुर स्थित स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट को वर्ष 2002-03 में केंद्रीय जनजाति विकास मंत्रालय से दिए गए 42 लाख के गबन मामले की जांच सीबीआई को सौंपा है। स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट की याचिका की सुनवाई करते हुए मंगलवार को जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने यह आदेश दिया। इससे पहले इस मामले की जांच जमशेदपुर पुलिस ने की थी लेकिन अब हाई कोर्ट ने इस मामले की नए सिरे से जांच करने का आदेश सीबीआई को दिया है। भारत सरकार ने भी इस मामले में जमशेदपुर पुलिस एवं जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार को मामले की सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा करने को कहा था लेकिन इस दिशा में कोई एक्शन नहीं लिया गया था। इसके बाद स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट ने हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर गबन की जांच करने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पांडे नीरज राय ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002-03 में स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट, जमशेदपुर को केंद्रीय जनजातीय विकास मंत्रालय ने 42 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि इस पैसे का ट्रस्ट के सचिव सरोज दास ने विभिन्न बैंकों के माध्यम से गबन कर लिया। मामले में जमशेदपुर के बिस्टुपुर थाना में वर्ष 2003 में कांड संख्या 154/2003 दर्ज किया गया लेकिन पुलिस ने जांच में सरोज दास को क्लीन चिट दे दिया था।

### पटना के बेऊर जेल से रांची लाया जाएगा चितरंजन

रांची। कांके थाना में जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर दिनदहाड़े फायरिंग कराने के आरोपित चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से रांची लाया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को कांके थाना के अनुसंधान पदाधिकारी ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह की कोर्ट में आवेदन दिया है। इस आवेदन को स्वीकृत करते हुए सीजेएम ने बेउर जेल के जेल अधीक्षक को पत्राचार कर दिया है। चितरंजन फिलहाल एक्साइज एक्ट के मामले में बेऊर जेल में बंद है। उसपर पटना के गांधी मैदान थाना में 30 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अलावा रांची के गोंदा और कांके थाना में पहले से ही तीन केस दर्ज हैं।

# आदित्य-एल1 की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित चौथी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी : इसरो

**बेंगलुरु।** भारत के पहले सूर्य मिशन के तहत सूरज के बाहरी वातावरण के अध्ययन के लिए भेजे गए आदित्य-एल1 यान की पृथ्वी की कक्षा परिवर्तन से संबंधित चौथी और आखिरी प्रक्रिया मंगलवार तड़के सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। इसी के साथ पृथ्वी की कक्षा में दो सितंबर से चक्कर लगा रहा आदित्य-एल1 ट्रांस-लैग्रेंजियन बिंदु-1 की तरफ स्थानांतरण कक्षा में दाखिल हो गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि ट्रांस-लैग्रेंजियन बिंदु-1 की तरफ स्थानांतरण कक्षा में प्रवेश करने के साथ ही आदित्य-एल1 की लैग्रेंज बिंदु एल-1 के आसपास के निर्धारित क्षेत्र में पहुंचने की लगभग 110 दिन लंबी यात्रा शुरू हो गई। लैग्रेंजियन बिंदु पर सूर्य और पृथ्वी के बीच गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है, जिससे किसी उपग्रह को इस बिंदु पर रोकने में




आसानी होती है। इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु की तरफ रवाना! ट्रांस-लैग्रेंजियन बिंदु-1 की तरफ स्थानांतरण कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया (टीएल1आई) सफलतापूर्वक निष्पादित की गई है। अंतरिक्ष यान अब एक प्रक्षेप पथ पर है, जो उसे सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु पर ले जाएगा। इसे लगभग 110 दिनों के बाद एक प्रक्रिया के माध्यम से एल1 के आसपास की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो ने कहा कि यह लगातार पांचवीं बार है जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने किसी वस्तु को अंतरिक्ष में किसी अन्य खगोलीय पिंड या स्थान की तरफ सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है। आदित्य एल1 भारत की पहली अंतरिक्ष आधारित वेधशाला है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित पहले सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु (एल-1) में रहकर सूरज के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगी। इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी57) ने दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के दूसरे लॉन्च पैड से आदित्य एल1 का सफल प्रक्षेपण किया था। आदित्य एल1 की कक्षा परिवर्तन संबंधी पहली, दूसरी और तीसरी प्रक्रिया को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# हाई कोर्ट ने रांची में पेयजल समस्या पर मांगा एक्शन प्लान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण को लेकर स्वतः संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस वर्ष मानसून में अब तक कम वर्षा हुई है। रांची के लोगों को पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए क्या एक्शन प्लान है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 31 अक्टूबर निर्धारित की। कोर्ट ने रांची नगर निगम को शहर के जल स्त्रोतों कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के आसपास से अतिक्रमण हटाने एवं इन जल स्त्रोतों में सॉलिड़ एंड लिक्विड कचरा जाने से रोकने के संबंध में जवाब मांगा है।इससे पहले एमिकस क्यूरी इंद्रजीत सिंह ने कोर्ट को बताया कि मानसून में इस साल अबतक रांची में 27 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। इस वर्ष दिसंबर के बाद से पेयजल की समस्या रांची में होने लगेगी। ऐसे में सरकार कैसे इस समस्या से कैसे लड़ेगी, इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएम सहदेव ने पैरवी की।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के अलावा बड़ा तालाब के आसपास से अतिक्रमण हटाने को कहा था, अतिक्रमण नहीं हटने पर कोर्ट ने कड़ा आदेश पारित करने की बात भी कही थी। रांची के जल स्त्रोतों यथा कांके डैम, धुर्वा डैम एवं गेतलसूद डैम की जमीन का अतिक्रमण किए जाने मामले में भी कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

**महिला आरक्षण** यह हुआ तो 181 सीटों पर एक पुरुष व एक महिला सांसद चुने जाएंगे

# क्या लोस की 543 में से 181 सीटों पर ड्यूल सीट सिस्टम से चुनाव होगा?

### यदि सीट आरक्षित हुई तो उस सीट पर आरक्षित वर्ग के पुरुष व महिला लड़ेंगे

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया। बिल पास भी हो जाएगा। पर सवाल यह है कि इस बिल में क्या होगा? क्या कई लोक सभा सीट पर दो सांसद चुने जाएंगे? जिसे ड्यूल सीट सिस्टम कहते हैं। ड्यूल सीट सिस्टम का अर्थ है कि एक ही सीट पर दो सांसदों का निर्वाचित होना। भारत में हुए पहले आम चुनाव में हर तीन में से एक सीट ड्यूल सीट सिस्टम के तहत थी। उस समय ऐसे



सीटों की संख्या 86 थी। इस तरह 86 सीटों पर दो-दो सांसद निर्वाचित हुए थे। हर सीट पर एक सामान्य वर्ग का उम्मीदवार और एक एससी-एसटी वर्ग का व्यक्ति सांसद पहुंचा था। दूसरे लोकसभा चुनाव जो 1957 में हुआ, उसमें ड्यूल सीट वाली लोकसभा की संख्या 91 पहुंच गई। लेकिन 1961 में तीसरे आम चुनाव के दौरान एससी झ एसटी के लिए अलग से सीटें आरक्षित कर दी गई और यह व्यवस्था खत्म हो गई।उसी आधार पर यदि महिला आरक्षण बिल में भी ड्यूल सीट सिस्टम का फामूर्ला अपनाया जाता है तो 543 में से 181 सीट पर प्रति सीट दो सांसद निर्वाचित होंगे। इस बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि ड्यूल सीट सिस्टम फामूर्ला का इस्तेमाल किया जाएगा या फिर नहीं किया जाएगा।

# जसलोक अस्पताल के संचालक ने की फायरिंग, हिरासत में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र स्थित जसलोक अस्पताल के संचालक डॉक्टर जितेंद्र ने सोमवार देर रात अचानक रिंग रोड स्थित अपने नए निमार्णाधीन अस्पताल के समीप फायरिंग कर दी। पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है की डॉक्टर नशे की हालत में था। हालांकि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा की डॉक्टर नशे में था नहीं। डॉक्टर फायरिंग कर बवाल कर रहा था। पुलिस ने डॉक्टर का पिस्टल जब्त कर लिया है। डॉक्टर का मेडिकल कराने के बाद उसे थाना में रखा गया है। मेडिकल रिपोर्ट मंगलवार को पुलिस को मिलेगी। पुलिस का कहना है कि पिस्टल लाइसेंसी है। शुरूआती जांच में पता चला है कि डॉक्टर का रिंग रोड में ट्रक ड्राइवर के साथ विवाद हुआ था। कई ट्रक चालकों ने डॉक्टर को घेर लिया था। चालकों से बचने के लिए डॉक्टर ने फायरिंग कर दी । हालांकि गोली किसी को लगी नहीं है। पुलिस घटना स्थल के समीप लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है। आरोपित डॉक्टर जसलोक और ट्यूलिप हॉस्पिटल का संचालक है। रातू थाना के प्रभारी सपन महथा ने मंगलवार को बताया कि डॉक्टर ने पूछताछ में बताया है कि दो ट्रक चालकों ने सड़क पर गाड़ी खड़ी कर दी थी। रास्ता जाम था। उन्होंने उनको ट्रक हटाने के लिए कहा, तो वह उनसे उलझ पड़े। इसलिए बचाव में उन्होंने अपने पिस्टल से हवाई फायरिंग कर दी। मामले की जांच की जा रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बसपा नेता ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकट्टा में विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम को रिबन जोड़कर उद्घाटन मुख्य अतिथि बसपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी राजन मेहता ने किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा , जोगा पंचायत के मुखिया इस कार्यक्रम जितेंद्र विश्वकर्मा, सुनील मेहता, प्रदीप विश्वकर्मा, जितेंद्र मेहता, संजय मेहता, संतोष रवि, जे पी, चंदन, मनीष, राष्ट्रीय नए महासभा चुनाव उपाध्याय धर्मेंद्र ठाकुर एवं कमेटी के तमाम पदाधिकारी लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में मृत युवा समाजसेवी का अंतिम संस्कार

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत पिपरा निवासी युवा समाजसेवी मनीष सिंह की सड़क दुर्घटना मौत हो गई थी। जिनका आज अंतिम संस्कार गांव के ही शमशान घाट पर किया गया। जिसमें बसपा नेता अभिमन्यु सिंह सहित कई लोग शामिल हुए। गौर तलब है कि मनीष सिंह की कधवन मुख्य सड़क पर पिकअप वैन से उनकी बाइक की भीषण टक्कर हो गई थी।जिसमे वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिन्हे आनन फानन में जिला अस्पताल मेदनीनगर ले जाया गया। जहां चित्सको ने प्राथमिक उपचार के उपरांत स्थिति को गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचते ही रिम्स के चिकित्सक ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।इधर पुलिस दुर्घटना ग्रस्त दोनो वाहनों को जब्त कर थाना लाई है।और आगे की छानबीन में जुट गई है। मौके पर बसपा सहित कई समाजसेवी व दिग्गजों की मौजूदगी रही।

### किसान की लाखो की अरहर की खेती बर्बाद

**विश्रामपुर।** पांडु प्रखंड अंतर्गत कजरू कला पंचायत के पिपरा गांव में एक किसान की लाखो रुपए की लागत से लगाई गई अरहर की खेती पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जिसकी जानकारी किसान ने पांडु थाना को लिखित आवेदन के माध्यम से दी है।जानकारी के अनुसार,पिपरा गांव निवासी किसान देव नारायण पांडेय अपने खेत में कई बीघा जमीन में अरहर की खेती लगाया था। जिसे कुछ शरारती लोगो ने उसे काटकर पूरी तरह फसल को बर्बाद कर दिया।वही पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है।

### पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा के रूप में मनाया गया

**मेदिनीनगर।** पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा के रूप में मनाया गया। शास्त्र के अनुसार इन दस दिनों में दस धर्मो को अंगीकार कर हम मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं। वास्तव में यह दस दिन धर्मावलंबियों को सिर्फ पूजा पाठ के लिए ही प्रेरित नहीं करता, बल्कि अपनी जीवन चर्या आचरण खान पान आदि में बड़े बदलाव की प्रेरणा देता है।आज जैन मंदिर में शांतिधारा एवम संध्या आरती धर्म चंद,पंकज विवेक, विशाल तेजस, विरांश पाटनी द्वारा की गयी। प्रथम अभिषेक विजय कुमार विवेक कुमार सरस सम्यक निहार छाबड़ा के द्वारा किया गया। सांगानेर से पधारे उमेश जैन ने उत्तम क्षमा के विषय में बताया कि क्षमा कायरो का नहीं वीरों का आभूषण है। रात्रि में महिला मंडल के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पति की लंबी आयु को लेकर 24 घंटे का उपवास रखी सुहागिन महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के लगभग सभी ग्रामीण इलाकों में सुहागिन महिलाओं के द्वारा तीज का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया।अपने पति की दीघार्यु एंव अखंड सौभाग्यवती होने की कामना के साथ प्रखंड में सुहागिनों ने तीज का निर्जला व्रत कर पूरे विधि विधान एंव श्रद्धा भाव से किया । मालूम हो कि तीज व्रत की तैयारी में महिलाएं कई दिन पूर्व से जुट गइ थीं। जिसमें तीज व्रत के अवसर पर बनाए जाने वाले पकवान,अपने लिए नई साड़ी एंव श्रृंगार के सामान शामिल हैं। महिलाएं एक दिन पूर्व से ही हाथों में मेहंदी



लगाते हुए देखी गईं व हाथों में एक से बढ़कर एक डिजाइन की मेहंदी रचाई और फिर पूजा की तैयारी में जुट गईं। सोमवार को तीज के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने नीर्जला व्रत रखकर सोलह श्रृंगार कर शाम को शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर पूजारी से तीज से संबंधित पौराणिक कथा सुनी। साथ ही साथ बताते हुए चले कि हरितालिका तीज का हिंदू धर्म में सबसे बड़ा व्रत माना जाता है।यह तीज का त्यौहार भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। इस त्यौहार में महिलाए द्वारा निराहार एंव निर्जला किया जाता है।अखंड सौभाग्य का वरदान प्राप्त करने के लिए सुहागिन महिलाएं हरतालिका तीज व्रत रख रही हैं। सुहागिन महिलाओं के लिए हरतालिका तीज के त्योहार का विशेष महत्व है। हरतालिका तीज का व्रत बेहद ही कठिन माना जाता है और इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। हरितालिका तीज का त्यौहार मुख्य से झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़,उतर प्रदेश और मध्यप्रदेश में मनाया जाता है।

### हैदरनगर प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

## शिविर में 554 मरीजों ने करायी जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू के हैदरनगर प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के करीमनडीह गांव में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें जिप सदस्यों सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की सजगता व सक्रियता से मेला सफल हो सका है। जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह, नाजमा खातून, पंसस हुमैरा खातून व अशोक यादव, बीडीओ सह सीओ राजीव नीरज ने इस कार्यक्रम का उदघाटन उपरांत कहा कि सरकार व प्रशासन सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य मेला लगाकर अधिकांश लोगों के सुविधा देने को कृतसंकल्पित है। सीएचसी हुसैनाबाद के कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार ने कहा कि किसी भी प्रखंड में स्वास्थ्य मेला लगाने से




पूर्व वहां की प्रशासन की सहमति व सुझाव लेने के बाद स्थान तय किये जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उदेश्य है कि जिस गांव पंचायत के लोगों को अस्पताल व प्रखंड मुख्यालय तक रोगियों के आवागमन बाधित अथवा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उस स्थान को चिन्हित कर स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे से प्रारंभ इस मेला में महज चार घंटे में ही विभिन्न रोगों से ग्रसित कुल 554 रोगियों की जांच करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देर शाम तक रोगी आने तक मेला का संचालन जारी रहेगा। इस मेला में वैसे भी रोगी जांच में मिले हैं। जिन्हें 400 प्वाईंट से अधिक शुगर पूर्व से ही है। पर नियमित जांच नहीं करा पाने के अभाव में पीड़ित को पता ही नहीं है कि वे इस रोग से ग्रसित हैं। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मंजूर आलम ने कहा कि सीएचसी उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार के निर्देश पर आयोजित इस मेला की सफलता में उपमुखिया पवन कुमार, समाजसेवी नावाजिश खान, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, लेखा प्रबंधक राजीव रंजन, पर्यवेक्षिका शांति कुमारी, एएनएम फातमा खातून, विभा, सीमा कुमारी, ज्योति प्रीति कच्छप, सुनीता होरो, प्रियंका कुमारी, सीएचओ, रंजना, प्रभावती, सीमा सिंह, एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार, राजेश कुमार, बिमलेश कुमार, डॉ. बिमल हेम्ब्रम, डॉ. राहुल कुमार सिंह, नेत्र सहायक दयानंद कुमार, राजीव रंजन पाल का सक्रियता व सजगता विशेष रहा है।

### सर्वेश्वरी समूह का 63 वां स्थापना दिवस गुरुवार को

**मेदिनी नगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 63वां स्थापना दिवस समारोह 21 सितंबर गुरुवार को अघोर आश्रम शाखा प्रांगण में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारी जोरों पर है।इस संबंध में शाखा के प्रचार मंत्री अनुराग सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस के दिन सुबह पांच बजे से साफ-सफाई के पश्चात सुबह छः बजे से श्री सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक अध्यक्ष अघोरेश्वर भगवान राम के तैल चित्र को गाड़ी पर सजाकर समूह सदस्यों द्वारा भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए आश्रम प्रांगण में समाप्त होगी। सुबह नौ बजे से ध्वजारोहण के साथ सफल योनी ग्रंथ का पाठ सदस्यों के बीच किया जाएगा। सुबह साढ़े ग्यारह बजे से एक पारिवारिक गोष्ठी की जाएगी, जिसमें समूह के प्रबुद्ध लोगों द्वारा विचार व्यक्त किया जाएगा। प्रचार मंत्री ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह का यह मुख्य आयोजन है। इसमें सभी समूह सदस्य व श्रद्धालु भाग लेंगे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गये रामदेनी राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** स्व. रामदेनी राम की पुण्यतिथि पर उनके जन्मस्थली पिपरा प्रखंड के बभंडी स्थित अंबेडकर पार्क में परिनिर्वाण दिवस पर स्व. रामदेनी राम के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। मौके पर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति



महासभा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रसाद ने कहा कि गरीब दलित परिवार में पैदा होकर स्व. रामदेनी राम ने विधानसभा एवं लोकसभा दोनों में ही पलामू का प्रतिनिधित्व किया तथा अपनी छवि पर कभी दाग नहीं लगने दिया। इस दौरान नागेंद्र प्रसाद, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामविलास राम, बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार गौतम, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व पंसस उपेंद्र कुमार, अशोक राम, रामनरेश राम, अरुण राम, पुरुषोत्तम प्रसाद, ओमप्रकाश राम, डॉ. सुरेश कुमार, बैजनाथ राम, रमेश राम, राजेश राम, रवि कुमार, सुनीता देवी, पार्वती देवी, शर्मिला देवी, अनीता देवी, रीना देवी, मनीता, पुष्पा आदि मौजूद थे।

## बक्सी हाई स्कूल के मैदान में डाक मेले का आयोजन 22 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डाक विभाग झारखंड परिमंडल रांची के निर्देश पर जपला मुख्य डाकघर अंतर्गत बक्सी हाई स्कूल के मैदान में 22 सितम्बर को 11 बजे से डाक विभाग द्वारा डाक मेला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू प्रमंडल के डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार एवं भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। इस डाक मेला में डाक विभाग का सुकन्या खाता,आईपीपीबी खाता, ग्रामीण डाक जीवन बीमा,आधार मोबाईल अपडेट, महिला सम्मान योजना, अटल पेंशन योजना,नया आधार सहित सभी योजनाओं का स्टाल लगाया जायेगा । इस संबंध में जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी उप डाकपाल विक्रम कुमार एवं अरविन्द कुमार ओझा ने संयुक्त रूप से इस डाक मेला की जानकारी देते हुए हुसैनाबाद के सभी नागरिकों एवं ग्राहकों को इस मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर डाक विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### पेट दर्द से तड़पती महिला को टाइगर मोबाइल जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

## इलाज के दौरान महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट के पास मैरिन ड्राइव से एक महिला पेट दर्द से तड़पती मिली। सूचना मिलने के बाद टीओपी वन के जवान अतुल कुमार ने महिला को उठाकर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया, लेकिन जहरीला पदार्थ पेट से निकालने वाली पाइप समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण महिला की मौत हो गयी। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। लेकिन चर्चा है कि वह चैनपुर थाना क्षेत्र के बुढीवीर इलाके में यादव टोला की रहने वाली कुंती देवी है । उसकी दिमागी हालत खराब बतायी गयी है । जवान अतुल ने बताया कि शिवाला घाट मंदिर के पास मैरिन ड्राइव इलाके में एक महिला के पेट दर्द से तड़पते पाए जाने की जानकारी मिली। सूचना पर मौके पर पहुंचे और टेम्पो की मदद से उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में लेकर पहुंचे। यहां इलाज शुरू किया गया, लेकिन पेट के अंदर डालकर जहरीला पदार्थ निकालने वाली पाइप नहीं मिलने के कारण बेहतर इलाज नहीं हो पाया। कर्मी तत्काल पाइप जुटा नहीं पाए। कर्मियों ने बताया कि स्टोर रूम में पाइप उपलब्ध नहीं है। ऐसे में आधे घंटे तक दर्द से तड़पती रही महिला ने दम तोड़ दिया । मैरिन ड्राइव से अस्पताल लाने के दौरान महिला ने जानकारी दी थी कि उसने चूहे मारने की दवा खा ली है, जिससे उसका पेटदर्द कर रहा है। इधर, एमआरएमसीएच के अधीक्षक डा. आरके रंजन ने जानकारी दी कि अस्पताल में राइलेस टयूब पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। मेडिकल कॉलेज के सुपरीटेंडेंट डा. डीके सिंह ने बताया कि स्टोर रूम में राइलेस टयूब खत्म हो गया होगा। इस कारण तत्काल उपलब्ध नहीं हुआ। इस मामले को देखा जा रहा है।

## छतरपुर में डायरिया से दो लोगों की मौत, दो गंभीर, पहुंचे चिकित्सक



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** जिले के उटारी प्रखंड अंतर्गत लुंबा सतबहिनी पंचायत के छतरपुर गांव में डायरिया से एक परिवार के दो लोगो की मौत हो गई है। जिनकी पहचान 30 वर्षीय उर्मिला देवी, वहीं दूसरा प्रिंस कुमार का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार दोनों को अचानक दस्त व लूज मोशन होने लगा, परिजन इलाज हेतु कुछ कर पाते, तब तक इन दोनो की मौत हो गई। जबकि गांव के ही दो अन्य लोग- राम रजवार व रंजू कुमारी को मुहम्दगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं जानकारी मिलने के बाद लुंबा सतबहिनी की मुखिया शकुंतला देवी मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दी। साथ ही मुखिया ने स्थानीय प्रशासन व चिकित्सा प्रभारी को दूरभाष पर इसकी सूचना दी। वहीं सूचना के आलोक में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार ने अपने टीम के साथ डायरिया से ग्रसित लोगो का उपचार कर उनका हाल चाल जाना। प्रभारी ने कहा कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें और हल्का भोजन करें। मौके पर बीपीएम पंकज कुमार पाण्डेय,अविनाश कुमार, डॉ अखिलेश्वर विश्वकर्मा शामिल थे।

### सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला उपवास

**मनातू।** प्रखंड क्षेत्र में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए सोमवार सुबह से हरितालिका तीज व्रत पर 24 घंटे का निर्जल उपवास रखकर पति के दीघार्यु होने की कामना की। पति के जीवन में किसी प्रकार का सुख दुख न हो इसके लिए भगवान शिव व पार्वती से आराधना की, पूरे विधि विधान के साथ भगवान शिव माता पार्वती की हरितालिका तीज की कथा सुनी, पूजा पाठ करने के बाद मंगलवार दिन को विसर्जन किया गया। वही वेद के अनुसार सौभाग्यवती स्त्रियां अपने सुहाग को अखंड बनाए रखने और विवाहित युवतियां मन अनुसार वर पाने के लिए हरितालिका तीज का व्रत करती हैं। इस व्रत को सर्वप्रथम माता पार्वती ने भगवान शिव शंकर के लिए निर्जला उपवास रखा था, तब से लेकर आज तक इस व्रत को महिलाएं करती आ रही है।तीज व्रत को लेकर अपने घरों व मंदिरों में महिलाओं के भीड़ उमड़ी व महिलाओं ने सोलह सिंगार कर पारंपरिक रूप से भगवान शिव की पूजा अर्चना की एवं अपने अपने पति की लंबी उम्र के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### रामदेनी बाबू व्यक्ति नहीं विचार थे : दीनानाथ तिवारी

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री रामदेनी राम व्यक्ति नहीं विचार थे। ईमानदारी से राजनीति करते हुए अपने उपर कोई दाग नहीं लगने दिया। उक्त बातें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी ने कही। स्थानीय डॉ. संजय कुमार के सूदना स्थित आवासीय प्रांगण में स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व मंत्री स्व. रामदेनी राम की आयोजित 25 वीं पुण्यतिथि समारोह में बोल रहे थे। इसके पूर्व स्व.रामदेनी राम की बेटी बिमला कुमारी डा. संजय, विजय कुमार, समेत रामचंद्र राम कई नेताओं व गणमान्यों ने स्व. रामदेनी राम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर उनकी जीवनी के अनेक अनछुए पहलुओं को याद किया। बीससूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने कहा कि रामदेनी बाबू विधायक बने या फिर मंत्री उनमें घमंड कभी नहीं रहा। रामदेनी बाबू महान आदर्शवादी इंसान थे। राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी ने रामदेनी राम के बताए पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कांग्रेसी नेता लक्ष्मी तिवारी ने कहा कि रामदेनी राम गरीबों की सेवा करने में पीछे नहीं हटते थे। इस अवसर पर किस्मत देवी, देवमती देवी, राजमती देवी, श्याम लाल राम, बसंत चौधरी, राम करण राम, विजय राम कामेश्वर तिवारी बिनोद तिवारी धनंजय तिवारी ,संजय कुमार समेत बड़ी संख्या में गणमान्य मौजुद थे।

### भाकपा माले क्रांतिकारी पहल के बैनर तले कधवन में जमीन विवाद का हुआ निपटारा

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत तोलरा पंचायत के कधवन गांव में भाकपा माले क्रांतिकारी पहल के बैनर तले सामाजिक सरोकार के तहत आपसी जमीनी विवाद के एक मामले को ग्रामीणों व भाकपा माले क्रांतिकारी के सदस्यों की सूझ बूझ से सुलझा लिया गया है। भाकपा माले क्रांतिकारी पहल के झारखंड राज्य सचिव अनिल मिस्त्री ने कहा कि आपसी जमीन विवाद इन दिनों क्षेत्र में काफी देखा जा रहा है। जिसमें जितना हो सके हम लोग बिना खर्च के मामले का निपटारा करते हैं। ताकि गरीब का पैसा व समय दोनो की बचत हो सके। मौके पर पलामू जिला सचिव लियाकत अंसारी,समाजसेवी सह सेवानिवृत्त शिक्षक हलकानी राम,नारायण दास सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर

**विश्रामपुर।** रेहला - पड़वा मुख्य पथ एनएच 39 पर बी मोड़ चेक नाका के पास सड़क हादसा में दो युवक घायल हो गए।जिनमे से एक युवक की हालत गंभीर है।घटना मंगलवार तीन बजे की है।मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव निवासी बांके बिहारी चौबे के पुत्र दुर्गेश चौबे व गोदरमा गांव निवासी निमाजी अंसारी का पुत्र अली जान अंसारी मोटरसाइकल से रेहला जा रहे थे।इसी बीच बी मोड़ चेक नाका के पास एक तेजरफ्तर कार ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया।घटना में दोनो युवक घायल हो गए।दोनों घायलों को बसपा नेता संजय मेहता ने स्थानीय लोगों की मदद से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया।दुर्गेश चौबे की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।

### नप मुख्यालय के सात तालाबों का होगा सुंदरीकरण

**विश्रामपुर।** नगर परिषद मुख्यालय के विभिन्न वार्डो में सात तलाबों का सुंदरीकरण किया जायेगा। मंगलवार को कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने नप अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने बताया कि विश्रामपुर नगर परिषद को स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु हर प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र के सभी तालाबों का सुंदरीकरण किया जायेगा। अभी सात तलाब की सूची तैयार की गयी है। जिसका आज स्थलीय जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम,जेई विभूति भूषण,अजित टुडू,मुकेश कुमार,मुबारक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### भाजपा ने सेवा पखवाड़ा में चलाया रक्तदान शिविर

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पलामू द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय के नेतृत्व मे रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक सदर अस्पताल में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने बताया कि 15 दिनों तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा में सेवा कार्य,स्वास्थ्य शिविर आयोजन,रक्तदान शिविर,सफाई अभियान, वृक्षारोपण आदि अनेकों कार्य होने हैं,जिसे भारतीय जनता पार्टी पूरे जिले भर में करने वाली है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री पांडेय ने बताया कि युवा मोर्चा केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के निमित्त युवा मोर्चा के द्वारा कई कार्यक्रम करने हैं।प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर मोर्चा कार्यकताओं द्वारा जरूरतमंदों एवं अस्पतालों में भर्ती मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया तथा दूसरे कार्यक्रम रक्तदान में युवाओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता अमित तिवारी, दुर्गा जोहरी, गुड्डू खान, श्वेतांक गर्ग चंदन केसरी जी,रोहित पाठक, राहुल अग्रवाल, प्रधान जी, अनिकेत मेहता जी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**आस्था**

### धूमधाम से की गयी गणेश चतुर्दशी पर पूजा अर्चना

## गणपति का दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में रिद्धि सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा- अर्चना शहर में धूमधाम से की गई। गणेश चतुर्थी के मौके पर शहर के हरिहर चौक के समीप नव युवक क्लब जागृति संघ के द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। मंदिरों और पंडालों में भी भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गई।काफी संख्या में



श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर उनका दर्शन कर पूजा की। पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश पूजनोत्सव धूम-धाम के साथ मनाया गया। पूजा के दौरान नव युवक क्लब के अध्यक्ष

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजा महोत्सव शुरू

**मेदिनीनगर।** शहर के बेलवाटिका स्थित गणपति चौक पर मां शारदे क्लब के द्वारा गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसे सफल बनाने में क्लब के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभायी। मंगलवार को दोपहर में विधि विधान से भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गयी। पंडित संदीप पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अनुष्ठान कराया।इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।इस तरह पूजा अनुष्ठान के साथ 10 दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव शुरू हुआ।क्लब के संरक्षक पूर्व वार्ड पार्षद निरंजन प्रसाद ने बताया कि गणपति चौक पर पिछले कई वर्षों से गणेश पूजा हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाता है।पूजा अनुष्ठान में क्लब के रंजीत कुमार सोनी,संजय सिंह,निरंजन कुमार,रोहित कुमार, जुनजुन,विकास कुमार,मान सिंह,अंशु,प्रभु दयाल,संतोष राम, भोलू,सुनील कुमार,पंचम कुमार सहित कई लोग सक्रिय थे।

वारिश खान,आदित्य कुमार,सूरज कुमार, करण कुमार,सतीश कुमार, पेंटल, युवराज कुमार,नीरज कुमार आदि सक्रिय रहें।

## ऊपज परियोजना के तहत वितरित की गयी खाद्य सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** जेएसएलपीएस के द्वारा नौडीहा बाजार में चल रही ऊपज परियोजना के अंतर्गत शाहपुर पंचायत के मंगराडीह आजीविका महिला ग्राम संघठन, हुलसी खुर्द आजीविका महिला ग्राम संघठन और करकटा पंचायत के गम्हरियाडीह आजीविका महिला ग्राम संगठन के नेतृत्व एवं निगरानी में 71 चयनित अति गरीब परिवार के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें अति गरीब परिवार को चावल, दाल, आटा, अंडा, सरसों तेल, चना, सर्फ, चीनी,नमक और साबुन दिया गया। ऊपज परियोजना समन्वयक नीतीश कुमार और प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप खल्खो ने बताया कि ऊपज



परियोजना के तहत ग्राम संगठन के द्वारा चयनित कुल 1100 अति गरीब परिवार को परियोजना से जोड़ा गया। इन परिवारों के साथ मिलकर ग्राम संगठन की निगरानी में इन परिवारों का आर्थिक, सामाजिक और आर्थिक विकास किया जायेगा। खाद्य सामग्री वितरण ग्राम संगठन के पदाधिकारीयों -अध्यक्ष रिंकी देवी, कमला देवी,सुचिता देवी सचिव रजमतिया देवी, कामोदी देवी, रेणु देवी कोषाध्यक्ष उषा देवी, जगती देवी, मुनिया देवी की निगरानी में किया गया। पूरे कार्यकर्म को सफल बनने में ऊपज परियोजना अंतर्गत चयनित अति गरीब बदलावकर्ता सुशील कुमार गुप्ता और शंभू कुमार का कार्य सराहनीय रहा।

# डालसा चलायेगा 100 दिनी जागरूकता कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में डालसा जागरूकता अभियान चलाएगा। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत जिले में 17 सितंबर से हो चुकी है। इसके तहत जिले से गांव में पहुंचकर डालसा की टीम देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान करेगी। उन्हें तस्करी दुर्व्यवहार ,बाल श्रम, बाल विवाह पोक्सो आदि का शिकार होने से रोकने के लिए बाल संरक्षण योजना से जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन कर महिलाओं को सशक्त करना है। घरेलू तथा यौन अपराधों से बचाने व उचित मामले में पीड़ित प्रतिकर दिलाने के संबंध में कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सरकार क ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर एस टी एससी के अधिकारों की जानकारियां दी जाएगी। अभियान के द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में व संप्रेषण गृह में सुनिश्चित किया जाएगा की कोई बन्दी या बालक बिना अधिवक्ता के ना रहे और समय पर अपनी अपनी जमानत आवेदन व अपीलदार कर सके।

## निगम की सड़कें जल्द होंगी अतिक्रमण मुक्त : आईजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में जल्द ही पहल किया जाएगा उक्त बातें पलामू के आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सड़कों का अतिक्रमण के कारण आम लोगों को सड़क जाम से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छह मुहान से अस्पताल चौक तक सड़क के बीच डिवाइडर लगा दिए जाने के कारण सड़क संकरी हो गई है। उन्होंने शहर के ट्रैफिक व्यवस्था पर आसंतोष जताया कहां की डाल्टनगंज में ट्रैफिक थाना खुलेगा इसके लिए पुलिसकर्मियों को चालान काटने में आसानी होगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवती घायल

**मेदनीनगर।** सड़क दुर्घटना में पाटन थाना क्षेत्र के करीवा पत्थर गांव निवासी स्वर्गीय मनदीप भुइयां की पुत्री शांति कुमारी उम्र 16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार शांति कुमारी सोमवार की शाम करीब 6:00 बजे अपने घर के पास से सड़क क्रॉस कर रही थी इसी बीच अज्ञात दोपहिया वाहन उसे धक्का मार कर भाग निकला। जिसमें शांति कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण व परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी शांति कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए वहां के चिकित्सको ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी शांति कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### अदबी संसार की 26 वीं तरही नातिया मुशायरा संपन्न

**मेदिनीनगर।** 'एक शाम मौलाना महताब आलम ज़ियाई के नाम' अदबी संसार ने 26 वीं तरही नातिया मुशायरा 19 सितंबर को आयोजित किया गया। उर्दू लाइब्रेरी के अध्यक्ष हसनैन खां. के शाहपुर स्थित आवास पर इसकी अध्यक्षता मौलाना महताब आलम ज़ियाई व संचालन शमीम रजवी ने किया। अतिथि शायर मौलाना लुकमान अहमद रूमी उपस्थित हुए। सभी शायरों का स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे.अजहर ने किया। मुशायरा की शुरूआत हाफि ज मो. मेराज आलम शम्सी ने तिलावत ए कुरआन से की। मौलाना महताब आलम ज़ियाई, मौलाना लुकमान अहमद रूमी, शमीम रजवी,अमीन रहबर, एम.जे. अजहर, कारी जसीमुद्दीन शमीमी, रहबर पालमुवी, नसीम अख्तर, इमरान शाद, अदनान काशिफ, मो.इस्तखाऱ ने अपने-अपने कलाम पढ़े। मुशायरा में शिक्षक नेता मुमताज अंसारी, जमीरउद्दीन खां.सहित कई लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन हसनैन खां.ने किया।

### नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष ने यूटीआरसी स्पेशल कैम्पेन का किया शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कृष्ण कॉल के द्वारा सोमवार को यूटीआरसी स्पेशल कैंपेन का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में सभी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव के अलावे सभी राज्य के जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व सचिव डीसी, एसपी, कारा अधीक्षक शामिल हुए। राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व मेंबर सेक्रेटरी सिस्को लिंक के माध्यम से शामिल थे। वहीं डालसा के अध्यक्ष, सचिव, डीसी, एसपी व जेल अधीक्षक यूट्यूब ब्रचुएल लिंक के माध्यम से शामिल थे। विदित हो कि कारा में बंद प्रिजनर जो 13 कैटेगरी में आएंगे उनको पी डी जे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, डी सी, पुलिस अधीक्षक, कारा अधीक्षक जो यूटीआरसी के मेंबर है, 13 कैटेगरी आने वाले प्रिजनर को बेल के लिए कोर्ट को रिकमेंड करेंगे।

## सदर अस्पताल में दलाली का धंधा चरम सीमा पर

# महिला दलालों के चंगुल में मरीज

### गरीब व असहाय मरीजों को ठगने का काम करते हैं दलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल में फिर से महिला दलालों ने अपना डेरा जमा लिया है। जिसके वजह से आए दिन गरीब मरीज ठगी का शिकार हो रहे हैं। बताते चले की कुछ दिनों पहले जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा दलालों के प्रति कानूनी कार्रवाई की गई थी ।इसके बाद से दलाल सतर्क हो गए थे और अस्पताल में नजर नहीं आ रहे थे।अभी हाल में फिर से सदर अस्पताल में दलालों ने अपना कब्जा जमा लिया है। इन दलालों के द्वारा निजी क्लीनिक में मरीज को ले जाने और इलाज कराने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन सदर अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंचे वाले मरीजों को महिला दलालों के माध्यम से निजी क्लीनिक ले जाया जा रहा है ।जहां भारी-भरकम राशि की उगाही की जा रही है। शहर में कई नर्सिंग होम को चलाने में और उन्हें बेनिफिट कराने में ये दलाल अपना अहम भूमिका निभा रही हैं। नर्सिंग होम में खासकर महिला मरीजों को महिला दलाल फंसा कर लाती हैं ।इसके बदले संबंधित नर्सिंग होम से उन्हें तीन से पांच हजार रुपए तक कमीशन मिलता हैं। मोटी राशि के लालच में महिला दलालों ने इसे अपना पेशा बना लिया है। बताया जाता है कि इन दलालों ने कई अस्पतालों से साठगांठ कर रखी है। सदर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को वह बहला फुसलाकर निजी अस्पतालों तक ले जाने का काम कर रही हैं ।प्रतिदिन सुबह 10 बजते ही महिला दलाल सदर अस्पताल पहुंच कर पर्ची काउंटर के पास खड़े हो जाते हैं, और मरीज को अपने झांसा में फसाने के काम में लग जाते हैं। इन दिनों सदर अस्पताल के पर्ची काउंटर पर मरीजों का काफी भीड़ हो रहा है। जैसे ही कोई मरीज टिकट काउंटर से पर्ची कटवा कर बाहर निकलता है,टिकट काउंटर पर खड़े महिला दलाल मरीज को रोक कर उसका पुर्जा पढ़ते हैं और झांसा देते हैं कि वह उन्हें इलाज करवाने के साथ-साथ कम पैसे में जांच करा देंगे। लेकिन जांच करने के बहाने मरीजों से मोटी रकम की मसूली की जाती है। इतना ही नहीं मरीजों को इन दलालों द्वारा यह भी बताया जाता है कि सदर अस्पताल में सही इलाज नहीं होता है, यहां अच्छे डॉक्टर नहीं रहते हैं,और यहां का सरकारी दवा खाने पर लाभ नहीं पहुंचता है ।उनके बातो से प्रलोभन में आकर मरीज भी जानकारी के अभाव में उनके चंगुल में फंसकर इलाज कराने, प्राइवेट क्लीनिक से दवा लेने और जांच कराने को मजबूर हो जाते हैं। यदि समय रहते इन दलालों पर नकेल नहीं कसा गया तो आने वाले दिनों में गरीब मरीजों को महिला दलालो की वजह से और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

# पांच नदियों के प्रदेश पंजाब में पहुंची पुस्तक 'पलामू के क्रांतिकारी'



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सूर्य की किरणों की तरह अनूठी पुस्तकें तेजी से हर जगह जनमानस तक शीघ्र पहुंच ही जाती हैं। ऐसा ही प्रभात सुमन रचित पुस्तक 'पलामू के क्रान्तिकारी' के साथ हुआ है। विमोचन के महज एक पखवारे से भी कम समय में यह पुस्तक पांच नदियों का प्रदेश कहे जाने वाले पंजाब तक पहुंच गई है। यह अनुपम पुस्तक जो पलामू के क्रांतिकारियों के भूले योगदानों की याद दिलाता है, द्रुत गति से लोकप्रिय हो रही है। इसी कड़ी में इसकी एक प्रति राष्ट्रीय शिक्षक पुरष्कार विजेता (2023) श्रीमती भूपिंदर गोगिआ तक पहुंची। वह पंजाब के सुप्रसिद्ध विद्यालय संत पॉल मित्तल स्कूल की वर्तमान प्राचार्या हैं। इस पुस्तक को ज्योतीश नारायणन ने अपने दादा स्व. गणेश प्रसाद वर्मा की स्मृति में श्रीमती गोगिआ को भेंट किया। गणेश प्रसाद वर्मा की गिनती जिले के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों में होती है। श्रीमती गोगिआ और विद्यालय की पुस्तकालय प्रभारी वीणा कालरा ने इस पुस्तक की काफी प्रशंसा की और प्रभात सुमन को पुस्तक के सफल विमोचन पर शुभकामनाएं दीं। बता दें कि लेखक का भी पंजाब से गहरा जुड़ाव रहा है। वह देश के प्रतिष्ठित दैनिक में ढाई साल तक जालंधर में कार्यरत रहे हैं। गौरतलब हो कि 10 सितंबर को भारतीय संविधान सभा के सदस्य रहे यदुवंश सहाय के पुत्र बृजनंदन सहाय, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एवं पूर्व मेयर अरुणा शंकर की उपस्थिति में प्रभात मिश्रा सुमन की पुस्तक 'पलामू के क्रांतिकारी' का विमोचन शहर के टाउन हॉल में समारोह पूर्वक किया गया था। इस पुस्तक में लेखक श्री सुमन ने आजादी की लड़ाई में पलामू के क्रांतिकारियों की भूमिका व योगदान को जीवंत करने का सफल प्रयास किया है।

## गांधी मैदान पार्क में खुला द दिल्ली दरबार



### ओपन एयर थियेटर एंड रेस्टोरेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन रोड गांधी मैदान के पार्क में कैफे एरिया बनाया गया है। जहां आप खाने के साथ थिएटर का मजा ले सकते हैं। इस पार्क में द दिल्ली दरबार ओपन एयर थियेटर एंड रेस्टोरेंट मौजूद है, जो कि दोपहर 2 बजे से रात के 12 बजे तक खुला रहता है।ओपन एयर थिएटर एंड रेस्टोरेंट के मैनेजमेंट डायरेक्ट संजय कुमार ने बताया कि पार्क के लोगों के द्वारा लगातार खाने पीने के लिए स्टॉल लगाने की मांग की जा रही थी। जिसके बाद हमने अपने मित्र दिल्ली के गुडगांव निवासी अरुण भसीन से नए प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू किया। महज दो महीने में यहां ओपन एयरएंड रेस्टोरेंट बनाया गया। ओपन एयर थिएटर एंड रेस्टोरेंट में 200 से 250 लोगों के बैठने की सुविधा है। यहां पार्टी करने के लिए अलग से ओपन रेस्टोरेंट की भी सुविधा दी जाती है। वहीं ओपर थियेटर में स्टेज पर लेजर प्रोजेक्टर से नाइट शो, मूवीज, लाइव क्रिकेट मैच और कई तरह के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होते रहते हैं।

## भाकपा नेताओं का नावाडीह के विभिन्न गांवों का दौरा

# भाजपा की कार्यशैली की आलोचना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो, एवं जिला कमेटी सदस्य ललन कुमार सिन्हा ने रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह विभिन्न गांवों का दौरा किया और बरवाही टोला में आम लोगों की जनसमस्याओं से अवगत हुआ। जिसमें यह पाया कि नावाडीह में आदिम जनजातियों की बहुत अबादी है देश में आज मोदी जी का अमृत महोत्सव चल रहा है लेकिन आदिम जनजातियों को अभी 5 वर्षों से नया राशन कार्ड इस इलाके में नहीं बना है। वही वृद्धावस्था पेंशन और प्रधानमंत्री आवास का भी वही हाल है लोग खपड़ा के घर में बिना गेट लगाए रह रहे हैं आदिम जनजाति परिवार की संख्या बढ़ रही है लेकिन कार्ड धारी का अलग से राशन कार्ड नहीं बन रहा है जो चिंता का विषय है पलामू उपायुक्त इस पर पहल करें। गरीब के बेटा कह कर वोट लेने वाला भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया को गरीबों के बस्ती में जाने पर शर्म लगता है वह वोट के समय केवल नजर आते हैं। नावाडीह का इलाका शुरू से जमींदारों और महाजनों के द्वारा दलित, आदिवासी और आदिम जनजातियों को प्रताड़ित करने के लिए जाना जाता था जिसके खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले भी आवाज उठाया था और आज भी इन गरीब महिलाओं का मुखर आवाज बनकर मजबूती के साथ खड़ा है। किसी भी आदिम जनजाति एवं दलित के साथ पर हम अन्य नहीं होने देंगे। नवाडीह उप स्वास्थ्य केंद्र आज कई 1 वर्षों से बंद पड़ा है लोगों के बीमार पड़ने पर डाल्टेनगंज जाना पड़ता है ऐसे में आप समझ सकते हैं कि इस क्षेत्र में आम लोगों के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था भी चरमरा गई है। मौके पर रामगढ़ प्रखंड के सहायक सचिव सुषमा मुरमा ने लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुआ और कहा कि महाजनों और संकीर्ण विचारधारा रखने वाले लोगों के खिलाफ हमेशा सीपीआई लड़ने को तैयार हैं। मौके पर आयशा के दिव्या भगत ने भी अपने विचार रखें ।सभा में पार्वती देवी जीरा कुअंर, कुमुदिनी, मंजू देवी, सोनपति कुअंर, प्रतिमा देवी महेश्वर राम नीता देवी रिंकी देवी राजमती कुंवर, हजारी तुरी, कामेश कोरवा, गीता कुमारी, सोनपति कुअंर, सनया लोहरा, कुलदीप प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# शाहपुर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने चंदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर देवी मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा को ले स्थानीय युवकों की बैठक सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। इसमें दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लेते हुए समिति गठित की गई और पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें सबकी सहमति से चंदन जायसवाल को अध्यक्ष चुना गया । वहीं जितेंद्र जायसवाल, धीरज जायसवाल, दिलीप देव व विनय जायसवाल उपाध्यक्ष, लवलेश प्रजापति कोषाध्यक्ष एवं सह कोषाध्यक्ष रणजीत जायसवाल चुने गये। इसके अलावे जयप्रकाश सोनी सचिव, विशाल सोनी सह सचिव, विनय करण नेपाली व लालबाबू पासवान उपसचिव के साथ मनमोहन गोलू, कुमार भूपेंद्र सिंह, मनजीत कुमार, रोशन रवि, शिवम, अमित, राकेश व पंकज समिति में सदस्य होंगे। जबकि भोला पांडे, संजय जयसवाल धर्मेंद्र जायसवाल, अनिल जायसवाल, सोनू जायसवाल, त्रिपुरारी जायसवाल, गणेश जायसवाल, दीपक जायसवाल व उमेश जायसवाल संरक्षक बनाये गये। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। इस बार पूजा को लेकर युवाओं में उत्साह है तो कुछ नया देखने को मिलेगा ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने कहा कि गांव के बुद्धिजीवी एवं सम्मानित गार्जियनों ने जो जिम्मेवारी दी है, उसे विधिवत पूरा करते हुए सभी के सहयोग से कुछ नया करने की कोशिश करेंगे।

## भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत बंघमनवा पंचायत के चोरटीया गांव में विश्वकर्मा पूजा के मद्दे नजर बीती रात भव्य सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसके बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुखिया प्रतिनिधी सह भाजपा नेता मनीष कुमार ने फीता काट कर सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन किया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया ।वहीं बाबा विश्वकर्मा सहित कृष्ण व राधा की आकर्षक झांकी भी निकाली गई ।जिसे देख लोग भाव विभोर हो गए। मौके पर तुलसी यादव, रामप्यारी यादव, मनोज विश्वकर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बदहाली | टेम्पो स्टैंड परिसर में गंदगी का अंबार

# स्वच्छता के नाम पर खानापूर्ति, कागजों में चल रहा स्वच्छता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू शहर के टेंपो स्टैंड परिसर में गंदगी का अंबार कहीं भी देखने को आपको मिल सकता है। कारण यह है कि नियमित साफ-सफाई नहीं होने से लोगों को हो रही है परेशानी। यात्रियों के बैठने के लिए लाखों रुपए की लागत से शहर के विभिन्ना चौराहों जहां से विभिन्ना मार्गों में टेंपो जाती हैं पर इसकी जमीनी हकीकत कुछ अलग है। शेड तो बने हैं, लेकिन पूरी तरह जमीन के पर्स पर गंदगी से अंबार लगा हुआ है ।यात्रियों का कहना है कि फिनायल का छिड़काव कर बदबू से निजात दिलाया जा सकता है। इसके बाद भी नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यात्रियों के बने यात्री शेड फिनायल नहीं डाल कर जमीन का पर्स नहीं धोया जाता है। जिसके चलते यात्रियों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में स्वच्छता के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करके कागजों में अभियान चलाया जा रहा है। गंदगी के चलते लोगों को परेशानियां का सामना करना पड़ता है। साफ-सफाई नहीं कराई करायी जा रही है। जगह-जगह फैली गंदगी के अंबार से यात्रियों को उठाना बैठना मुश्किल हो गया है।

जिसकी नाक के नीचे बदबू से लोग परेशान हैं। जिस पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि सफाई के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लोग गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं ।टेम्पो स्टैंड पर बने यात्री प्रतिक्षालय के भी बुरे हाल हैं। यहां आसपास गंदगी पड़ी रहती है। प्रतिक्षालय में अधिक गंदगी होने के कारण यात्री टेम्पो का इंतजार करने के लिए प्रतिक्षालय में न बैठकर आसपास बैठते हैं या फिर सड़क पर खड़े होकर टेम्पो का इंतजार करते हैं। वहीं महिला यात्रियों को रास्ते पर बैठकर टेम्पो का इंतजार करने में परेशानी होती है। मजबूरीवश कोई महिला रास्ते पर खड़े रहने के कारण उन्हें दुकानदार उन्हें हटाने के लिए मजबूर करते हैं। वहीं गंदगी और बदबू देने वाले स्थानों पर नहीं डाला जा रहा फिनायल स्वच्छता अभियान के प्रति नगर निगम में अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों की उदासीनता से नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का लोगों को सिर्फ सपना दिखाया जा रहा है।



### पूर्व विधायक के बयान से गुस्सा भड़का, तस्वीर पर पोती कालिख, की चप्पलों से पिटाई

# महिलाओं ने निकाला विरोध मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के एक बयान पर महिलाओं का गुस्सा भड़क उठा है। उनके बयान को महिलाओं ने महिला विरोधी एवं महिला पर अभद्र टिप्पणी बताते हुए आंदोलन की शुरुआत कर दी है। महिला शक्ति के बैनर तले मंगलवार को काफी संख्या में आक्रोषित महिलाओं ने विरोध मार्च निकाली। इस दौरान पूर्व विधायक के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही महिलाओं ने पूर्व विधायक श्री तिवारी की तस्वीर पर कालिख पोत कर चप्पलों से जमकर पिटाई की।

रेखा चौबे के नेतृत्व में आयोजित विरोध मार्च टाउन हॉल के मैदान से शुरू होकर चिनियां मोड़, रंका मोड़, मेन रोड होते हुए मझिआंव मोड़ पहुंचा। वहां से पुनः रंका मोड़ पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गई। यहां आक्रोशित महिलाओं ने पूर्व विधायक श्री तिवारी की तस्वीर पर चप्पलों का माला पहनाते हुए कालिख पोती। साथ ही चप्पलों से जमकर पिटाई भी की। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व विधायक महिलाओं को पैर की जूती समझना छोड़ दें।



इस तरह का अभद्र टिप्पनी एवं महिलाओं का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रेखा चौबे ने कहा कि महिला शक्ति जाग गई है। श्री तिवारी को यह बताना होगा कि वह महिला कौन है जिसके बारे में उन्होंने आपत्तिजनक बयान दिया है। वे 24 घंटे के अंदर नाम बताएं या सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। अन्यथा महिलाएं उनके आवास का घेराव करेंगी, कैंडल मार्च निकलेंगी, इसकी शिकायत महिला आयोग में भी की जाएगी। इसके बाद आंदोलन और उग्र होगा। यह अपमान सिर्फ गढ़वा की महिलाओं का नहीं पूरे राज्य एवं पूरे देश की महिलाओं एवं समस्त नारी जाति का अपमान है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दीपमाला ने कहा कि सत्येंद्र तिवारी ने किसी महिला का नाम लिए बगैर अभद्र टिप्पनी की है। इसका मतलब है कि उन्होंने समस्त महिला जाति को गाली दिया है। महिला का अपमान पूरे सृष्टि का अपमान है। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। आने वाले चुनाव में सभी महिलाएं मिलकर उन्हें इतनी दूर फेंक देंगे कि उन्हें गढ़वा-पलामू का नाम याद भी नहीं रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से चंदा देवी, अराधना सिंह, सोनी देवी, रेखा पाठक, अमोला देवी, राखी विश्वकर्मा, संगीता देवी, किरण देवी, उर्मिला देवी, पार्वती देवी, सुषमा देवी, रजनीगंधा, चंद्रवती देवी, मंजू देवी, ममता देवी, चांदनी देवी, शांति देवी, निर्मला देवी, वंदना देवी, वृंदा देवी, फातमा, सुचिता, उर्मिला, फेकनी कुंवर सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। महिला शक्ति के बैनर तले आयोजित आक्रोश मार्च के दौरान पूरा शहर व्यस्त हो गया। जुलूस में महिलाओं की अत्यधिक भीड़ थी। इस कारण चिनियां मोड़ से मंझिआव मोड़ तक पूरे शहर में जाम लगा रहा।

# प्रमुख जनजातीय विकास की ट्रेनिंग प्राप्त कर हैदराबाद से वापस लौटी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के प्रमुख आभा रानी सात दिवसीय ट्रेनिंग प्राप्त कर हैदराबाद से घर वापस आ गई। मंगलवार की शाम प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए प्रमुख आभा रानी ने बताया गढ़वा जिला से मैं तथा रमना प्रमुख करुणा सोनी को हैदराबाद के राष्ट्रीय ग्रामीण विकास पंचायती राज संस्थान सात दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चयन कर भेजा गया था। साथ ही बताया झारखंड के सभी प्रमुखों की तरफ से पंचायती राज के डायरेक्टर निशा उरांव को धन्यवाद देता हूं।

झारखंड के सभी 24 जिलों से प्रमुखो का चयन कर प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद भेजी थी। जो सभी साथ दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने प्रखंड वापस लौट आए हैं। एनआईआरडीपीआर के आकांक्षा शुक्ला ने पंचायती राज व्यवस्था तथा एक्ट का विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही प्रमुख की शक्तियां तथा इनके दायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में जनजातीय विकास की जरूरत क्या है। इसके क्या अधिकार है। इनका विकास कैसे करे आदि पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। वहीं मनरेगा के बारे में बताया गया।

**पेसा एक्ट के अंतर्गत बताया गया कि आखिर क्यूं सभी राज्यों का विकास एक सामान्य नहीं हो पा रहा है।**



इसके अंतर्गत कौन-कौन से कार्य होते हैं तथा इसका सही से क्रियान्वयन कैसे किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रशिक्षण में शामिल सभी प्रमुख को आरटीआई एक्ट की भी जानकारी दी गई तथा इसके क्या फायदे हैं। कन्वर्जेंस जैविक खेती तथा पैसा एक्ट का विस्तार पूर्वक जानकारी मिली।

पेसा एक्ट के अंतर्गत बताया गया कि आखिर क्यूं सभी राज्यों का विकास एक सामान्य नहीं हो पा रहा है। कौन-कौन से राज्य पेसा एक्ट से जुड़े हुए हैं। झारखंड राज्य के पूर्ण विकास नहीं होने का कारण हमें बताया गया कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार का तालमेल नहीं होने से विकास कार्य धीमी है। साथ ही सोशल ऑडिट के बारे में भी बताया गया। सोशल ऑडिट के क्या नियम है तथा इसमें कौन-कौन शामिल हो सकते हैं के बारे में बताया गया। गढ़वा जिला के सभी प्रमुखों की तरफ से एनआईआरडीपीआर के सभी प्रोफेसर को धन्यवाद देता हूं। साथ ही राज्य सरकार से पैसा एक्ट पर विचार करने की आग्रह की है।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को पकड़ कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। रंका**



रंका थाना अंतर्गत मुख्य बाजार चेकनाका स्थित अंकुश गुप्ता के सीएसपी से 76 हजार चोरी कर भागने वाले को 24 घंटे के अंदर रंका पुलिस ने पकड़ कर भेजा न्यायिक हिरासत में। इस संबंध में बताते चलें कि रंका थाना अंतर्गत चेकनाका स्थित अंकुश गुप्ता के सीएसपी से अज्ञात बाइक चालक द्वारा दुकान में घुसकर 76000 रुपया चोरी कर लेने की सूचना रंका थाना को मिलते ही रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर अभियुक्त प्रणव शुक्ला पिता स्वर्गीय शशि शुक्ला ग्राम हुरका थाना भवनाथपुर को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके पास से चोरी के 55000 नगद,मोबाइल एवं चोरी में प्रयुक्त किए गए बाइक बरामद कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत गढ़वा में भेज दी गई है।

# प्रखंड में सितंबर का राशन नहीं देंगे डीलर

### प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के डीलरों ने की आवंटन को पूर्ण कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड भर के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच अपनी परेशानी को खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के पास रखा। साथ ही सरकार की ओर से कटौती किये गए जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के आवंटन को पूर्ण कराने की मांग की है।

इस बीच डीलरों के द्वारा जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के नाम आवेदन पत्र भी प्रभारी एमओ चोनाराम हेंब्रम को सौंपा गया। पीडीएस डीलरों का कहना है कि हम लोग बहुत परेशान और दुखी हैं। जब हम लोगों को सितंबर 2022 तथा दिसंबर 2022 को आवंटन मिला ही नहीं तो अगस्त 2023 के राशन की कटौती सरकार की ओर से क्यों कर दी गई। हमारे आवंटन को पूर्ण किया जाए ताकि कार्डधारियों के बीच सही ढंग से राशन का वितरण किया जा सके। पीडीएस डीलरों ने कहा कि जब तक कटौती किए गए राशन की भरपाई नहीं की जाएगी तब तक हम लोग सितंबर माह का राशन वितरण नहीं करेंगे। साथ ही बताया कि माह सितंबर 2023 में भी हमलोगों के आवंटन को मनमाने ढंग से काटा गया है और लाभुकों को पूरा-पूरा राशन देने का निर्देश दिया गया है। ऐसी परिस्थितियों के बीच हम लोग बहुत परेशान व हैं। जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के नाम मांग पत्र एमओ को सौंपकर आवंटन में की गयी कटौती को पूर्ण कराने की मांग की है।



आवेदन सौंपने वालों में पीडीएस डीलर कृष्णा शुक्ला, पारसनाथ प्रसाद, रामेश्वर राम, सादिक अंसारी, बंशीधर बैठा, विजयकांत तिवारी, मुस्ताक अंसारी, रामदेव राम, करके गंगा महिला समूह डीलर सविता देवी, लावाही कलां वर्षा महिला समूह डीलर चांदनी देवी, झेलंगी तारा महिला समूह डीलर रजवंती कुंवर, डीलर रामचंद्र राम, रामचंद्र सिंह, ज्वाला महिला समूह डीलर फुलेंद्री देवी, डीलर महाजुद्दीन अंसारी सहित आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### एसपी ने किया भवनाथपुर थाने का निरीक्षण

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे ने मंगलवार को भवनाथपुर थाना का निरीक्षण किया। एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। एसपी ने थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। गश्ती तेज करने, वाहन चेकिंग करने एवं न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने एवं अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया।

### पूर्व विधायक ने जायरिनों का किया इस्तेकबाल



**श्री बंशीधर नगर।** मदीना का मुकदस जियारत के लिए उमरा जायरिनों का जत्था सोमवार की देर शाम नगर उटारी रेलवे स्टेशन से स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस राजधानी से रवाना हुआ। अनुमंडल मुख्यालय के धुरकी प्रखंड के 14 जायरीन उमरा के लिए रवाना हुये। 21 सितंबर को दिल्ली हवाई अड्डे से मक्का मदीना के लिए एरोप्लेन के माध्यम से जाएंगे। नगर उटारी रेलवे स्टेशन पहुंचकर पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने सभी उमरा करने जाने वाले जायरिनों को माला पहनाकर क्षेत्र की खुशहाली एवं अमन चैन की दुआ करने की बात कही। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के धुरकी प्रखंड से उमरा करने के लिये जाने वाले जायरिनों को माला पहनाकर स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने जायरिनों के रवानगी के वक्त उनसे देश, राज्य एवं गढ़वा जिला की तरक्की की दुआ करने की अपील की। उमरा करने जाने वाले जायरिनों में शमहद अंसारी, हबीब अंसारी, मोहम्मद हुसैन,साबिर अंसारी, हरफूदीन अंसारी, सकुर अंसारी, कुदरत अंसारी, नेयाजुदिन अंसारी, कुर्बान अंसारी, मैमून बीबी, सलमा बीबी, रूकसाना बीबी शामिल हैं। जायरिनों ने कहा कि हम सभी लोग मदीना का मुकद्दस सफर के लिए जा रहे हैं। इसी वजह से काफी ज्यादा खुशी हो रही है। जायरिनों ने कहा कि मदीने में जाने से सभी दुआएं कबूल होती है। इस वजह से हम वहां जाकर मुल्क में भाईचारे की दुआएं मांगेंगे। मौके पर झामुमो के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, रजनीकांत देव, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना मोख्तार, हाफिज असरफ, तस्लीम खान, एहसान अंसारी, मदन सिंह, डॉ रिजवान अहमद, मकसूद आलम राशिब, अनवर, समसिर अजीजी आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मेराल।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को आर्म्स एक्ट तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के आरोपित सुदेश्वर भुइंया उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के कमरमां गांव निवासी सुदेश्वर भुइयां पिता स्वर्गीय जंगाली भुइयां के खिलाफ 2012 में आर्म्स एक्ट तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। सुदेश्वर विगत 13 वर्षों से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मरीजों के इलाज में बरती जा रही कोताही

### सीएचओ पर परिजनों के साथ दुर्व्यवहार का भी आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ कमल सैनी द्वारा मरीजों व उनके परिजनों के साथ आयें दिन दुर्व्यवहार करने तथा मरीजों का इलाज करने में कोताही बरतने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मंगलवार की सुबह 6 बजे की है। पेट दर्द की शिकायत होने पर इलाज कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे झामुमो के जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेश गुप्ता अस्पताल के मुख्य द्वार पर करीब एक घंटे तक ऑन ड्यूटी सीएचओ कमल सैनी का इंतजार करते रहे। उन्हें पेट दर्द से तड़पते देख अस्पताल के गार्ड ने उक्त चिकित्सक को सूचना दी, लेकिन सीएचओ कमल सैनी अपने डेरे से करीब एक घंटे विलंब से आये तथा पर्ची पर इंजेक्शन और दवा लिख कर एएनएम से इंजेक्शन चढ़वा लेने की बात कही। जब सुरेश गुप्ता ने उनसे इंजेक्शन चढ़ा देने की विनती की तो उन्होंने इंजेक्शन नहीं चढ़ाने की बात कह अपने रूम में चले गए। उधर घटना की जानकारी मिलते ही जिपस रंजनी शर्मा अस्पताल पहुंची और चिकित्सक कमल सैनी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए उन्हें जमकर खरीखोटी सुनाई। जिप सदस्य ने कहा कि चिकित्सक भगवान का रूप होता है, अगर चिकित्सक ही इलाज करने से इंकार कर दे, तो मरीज कहां जायेंगे। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा अस्पताल में मरीजों का इलाज नहीं करने और मरीजों के परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किये जाने की लगातार शिकायत मिल रही है। सीएचओ कमल सैनी की कार्यप्रणाली और उनके द्वारा इलाज में लापरवाही बरते जाने संबंधी शिकायत सिविल सर्जन गढ़वा को लिखूंगी। वहीं सीएचओ कमल सैनी ने बताया कि सूचना पर पहुंचकर मैंने मरीज के पर्ची पर इंजेक्शन और दवा लिख दिया था। एएनएम से इंजेक्शन चढ़वाने को बोला तो वह मुझसे ही इंजेक्शन चढ़वाने की जिद पर अड़ गया। मरीज को इंजेक्शन चढ़ाना मेरे कार्य क्षेत्र से बाहर है। इस संबंध में अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास ने कहा कि ऑन ड्यूटी सीएचओ कमल सैनी द्वारा आये दिन मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने व दुर्व्यवहार करने की लगातार शिकायत मिलने पर उन्हें हरिहरपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में वापस भेज दिया गया है।




# कर्ज से परेशान आदिवासी महिला ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कैलान पंचायत के रक्सा रामनगर टोला के एक आदिवासी महिला ने सोमवार के रात्रि में कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। रामप्रवेश कोरवा की पत्नी चंद्रावती देवी 45 वर्ष की थी। बताया जा रहा की चंद्रावती देवी ने अपनी लड़की की शादी में कर्ज कर लिया था। रोजगार नहीं मिलने के कारण वह कर्ज चुकाने में असमर्थ थी। चंद्रावती देवी ने प्रयत्न माइक्रो फाइनेंस से 45 हजार रुपये व कैशपार माइक्रो क्रेडिट से एक लाख रुपये ऋण कर्ज लिया था, जिसको चुकाना पड़ता था। पति रामप्रवेश कोरवा ने बताया कि हम लोग पर दबाव बनाया जा रहा था और करीब 5 बजे शाम में समूह के लगभग पांच से छह लोग घर पर आकर अभद्र भाषा के साथ गाली गलौज किए और घर की सामग्री व घर पर के सीटा उतार कर ले जाने की धमकी दी गई थी। इससे पत्नी

**बताया जा रहा कि रोजगार नहीं मिलने के कारण वह कर्ज चुकाने में असमर्थ थी**

काफी टेंशन में थी कि कैसे होगा। इसी उपरांत हम लोग सो गए थे। कब दावा खाई जान नहीं पाए। सुबह देखा तो मृत्यु हो गई थी। आपको बता दें कि अनेक फाइनेंस द्वारा समूह बना कर लोन देने का सिलसिला जारी है। यहां तक कि लोन लेकर कर्ज नही चुकाने के डर से बहुत लोग अपना घर छोड़ कर भाग गए। देखा जाय तो किसी को खाने तक की खर्ची नही है यो भी लाखों रुपये लोन लिया था। एसआई कुंदन यादव ने शव को पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा भेजवाया। मौके पर मुखिया सुकनी देवी, रामप्रताप यादव, समाजसेवि अलोक यादव, उपेंद्र यादव, गुडु यादव, लाका कोरवा, गुलजारी साह, नागेंद्र कोरवा, धर्मदेव कोरवा, अमिरका साह, सुरेश साह, बिनोद साह, अनिल यादव आदि मौजूद थे।

**धर्म-कर्म**

### व्यक्ति को जीवन में अनैतिकता व दुराचार से बचना चाहिए : जीयर स्वामी

# ‘धर्म के प्रति श्रद्धा से परिवार हो जाता है पवित्र’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

सदाचार एवं नैतिकता विहीन मनुष्य मानव कहलाने का अधिकारी नहीं है। व्यक्ति को जीवन में अनैतिकता एवं दुराचार से बचना चाहिए। अनैतिकता से जीवन और मरण दोनों अमंगलमय हो जाते हैं। भावी पीढ़ी भी कलंक ग्रसित हो जाती है। अनैतिकता से जीवन यापन करने वाले को कभी यश प्राप्त नहीं होता। इसलिए स्वयं तथा अपनी पीढ़ियों के निमित्त मानव को मयार्दानुकूल जीवनयापन करना चाहिए। जीयर स्वामी ने कहा कि भगवान ने मनुष्य के अलावे दैत्य पुत्र प्रह्लाद एवं पशु गजेन्द्र पर भी कृपा की हैं, जो शास्त्र में उल्लेखित है। भगवान कभी पक्षपात नहीं करते। भगवान का शब्दिक अर्थ भा से प्रकाश, ग-ज्ञान, वा से वैभव और न से नेक है। भगवान से ही ये गुण पैदा होते है। भगवान सब को प्रकाशित करते हैं, जिससे वे अपना प्रकाश हटा लेते हैं, उस जीव का तेज समाप्त हो जाता है। तेजोहीन जीव-अजीव का अस्मिता समाप्त हो जाती है। स्वामी जी ने कहा कि जिस परिवार में धर्म के प्रति श्रद्धा होती है। वह परिवार पवित्र और धन्य हो जाता है। जिस कुल में वैष्णव उत्पन्न होते हैं वह कुल पवित्र हो जाता है। माता कृतार्थ हो जाती हैं। देश लोक पृथ्वी और पिता धन्य हो जाता है। अर्थात्तवह कुल पवित्र हो जाता है। पृथ्वी पवित्र एवं धन्य हो जाती है। वह देश धन्य हो जाता है तथा उसके पितर लोग धन्य हो जाते हैं। भगवान का भक्त होना कल्याण कारक है। व्यास जी ने कहा है कि छेय, ज्ञेय, प्रेय और त्रेय नारायण ही एक माह भगवान एवं शास्त्र के वचनों पर संतों का सहज एवं मौलिक अधिकार होता है। भगवान ने एक बार नारद जी से कहा कि आप तय करें कि सबसे बड़ा कौन है? नारद जी ने कहा कि जो सबसे बड़ा कार्य करे वही बड़ा है। यानी पृथ्वी है। भगवान ने कहा कि पृथ्वी का भार शेष जी उठाते हैं तो शेष जी बड़े है उनसे भी बड़े शंकर जी हैं, जो उन्हें अपने शरीर में लपेटे रहते हैं। शंकर जी से बड़े रावण हैं जो अंगूठे पर शंकर जी को उठा लिया। उससे बड़े बालि हैं जो रावण को छः माह तक कांख में दबाये रखा, उनसे बड़े राम हैं, जो बालि का वध किए। लेकिन राम से भी बड़े भगवान के भक्त हैं, जो अपने हृदय में उन्हें सूक्ष्म रुप में सदा धारण किए रहते हैं। भगवान के भक्तों से बड़ा दुनिया में कोई नहीं है। भगवान के भक्तों के साथ कभी अपचार नहीं करना चाहिए।



# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**भवनाथपुर।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भवनाथपुर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत मंगलवार को थाना मोड़, कपूर्री चौक व खरौंधी मोड़ के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। क्राइम चेकिंग अभियान के तहत थाना के एएसआई मुनेश्वर राम विरोधी ने पुलिस बल के साथ दो पहिया और चार पहिया वाहनों के सघन जाँच व तलासी लिया। हालांकि इस जांच अभियान में पुलिस के हाथ कुछ भी संदिग्ध वस्तुएं नहीं लगी। वहीं पुलिस ने बगैर हेलमेट के चल रहे कुछ बाइक सवारों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी देकर छोड़ा। साथ ही पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत भी दी।

# फूलदेव उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट : बालक वर्ग में कुजी व बालिका वर्ग में गुमला विजयी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

जमीरा पंचायत के खेल खेल मैदान में शेरा सपोटिंग क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय स्व. फूलदेव उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन सोमवार को हो गया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रकाश राम ने किया। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला हड़गड़वा चंदवा बनाम कुजी कुडू के बीच हुआ जिसमें हड़गड़वा की टीम विजय रही।

वहीं बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला गुमला बनाम लोहरदगा के बीच खेला गया, जिसमें गुमला की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीमों को बम्फर खस्सी, ट्रॉफी और भी अन्य पुरस्कार देकर



सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने घोषणा की यदि अगली बार वो विधायक बने तो इस मैदान को प्रखंड का सबसे खूबसूरत फुटबॉल स्टेडियम बना देंगे। मौके पर शेरा सपोटिंग क्लब के अध्यक्ष अंकित कुमार, आशीष कुमार सिंह, रविराज, अनुरोध कुजूर, सुनील मुंडा, रामकीशुन गंझू,रोहित शाहदेव, अजीत शाहदेव, राजेश यादव, हरीवंश प्रजापति आदि मौजूद थे।

## लाधुप में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**चंदवा।** प्रखंड के लाधुप स्थित हाई स्कूल खेल मैदान में नव जवान कमिटी के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का



समापन मंगलवार को हो गया। समापन समारोह में मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा, लाधुप मुखिया बिफई मुंडा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष साजिद खान, झामुमो नेता मोहन गंझु, बबलु राय मौजूद रहे। फाइनल मुकाबला गड़ा टोली मांडर वर्सेज केकेआर सुंदरू के बीच खेला गया। मौके पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान, लाधुप मुखिया बिफई मुंडा, पंसस पति बुधन गंझु, साजिद खान, फिरोज राय, मोहन गंझु, खुर्शीद खान, जियाउल राय, मो काजु, कार्तिक मुंडा, जोहन मुंडा, मो इमरान आदि मौजूद थे।

## विनय सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड के काशिलौंग खेल मैदान में मंगलवार को शहीद विनय सिंह भोक्ता मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन से पूर्व अतिथियों ने भाजपा नेता विनय सिंह भोक्ता के पांचवी पूण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात उद्घाटन मैच यूएमएस पिंजनी बनाम नावाडीह विद्यालय के छात्रों के बीच खेला गया, जिसमें मध्य विधालय पिंजनी ने पेनाल्टी शूट से 3-0 से जीत दर्ज किया। इस



अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि विनय सिंह भोक्ता भाजपा के कदावर नेता थे और फुटबॉल खेल प्रेमी थे, इनके दिवगंत होने से पार्टी को बहुत बड़ी छति हुई है। आगे कहा की इनके पुण्य तिथि के अवसर पर हर वर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। मौके पर संसद प्रतिनिधि राकेश झा, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव, मुखिया अनिता देवी, जयराम भारती, बसंत यादव, बिनोद साव समेत कई लोग मौजूद थे।

### पांच दिवसीय गणेश पूजा का शुभारंभ, जिप उपाध्यक्ष, डीएसपी व जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगडा(चतरा)**

प्रखंड में पांच दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव को लेकर मंगलवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई। प्रखंड के श्री सार्वजनिक गणपति पूजा समिति बरवाडीह, पूजा समिति नावाडीह, सिंघानी, नोनगांव व मनोरंजन क्लब तेतरिया के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। नवाडीह और बरवाडीह में गणेश पूजा को लेकर निकाली गई शोभा यात्रा में मुख्यअतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी, मुख्यालय डीएसपी केदार नाथ व बीडीओ मोनी कुमारी शामिल हुए। बरवाडीह गणपति पूजा समिति द्वारा गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुवे जेजला नदी घाट पहुंचे, जहां कलशों में जल भरने का बाद कलश यात्रा पुनः पूजा महोत्सव





स्थल पहुंची और विधि विधान पूर्वक कलशों को स्थापित कर भगवान गणेश की पूजा का शुभारंभ किया गया। वहीं पूजा समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल का निर्माण कर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। पूजा महोत्सव 19 से 23 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान कई पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में जिप सदस्य, मुखिया संदीप कुमार सुमन, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर, विहिप नेता, उप प्रमुख संगीता कुमारी, मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, पूर्व मुखिया सोनमती देवी, मेघन दांगी, पूर्व पंसस राजेश दांगी, समाजसेवी रामचन्द्र दांगी आदि शामिल थे।

### दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव शुभारंभ

**टंडवा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर (चुन्द्रु धाम) में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मगंलवार को दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुवा। शोभा यात्रा में शामिल सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु चुन्द्रू धाम से कलश में जल भरकर नगर का भ्रमण करते हुए पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां विधिविधान से कलशों को स्थापित किया गया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक किशून कुमार दास, विशिष्ट अतिथि के रूप उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता सत्येन श्रीवास्तव, भावी लोक सभा प्रत्याशी डॉ. अभिषेक कुमार, जिप अध्यक्षा ममता कुमारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, टंडवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनोज चंद्रा, भाजपा नेता विनोद बिहारी पासवान, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सूर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मिथिलेश गुप्ता, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुबेश राम सहित कई जनप्रतिनिधि व गण्यमन लोग शामिल थे। महोत्सव का समापन 28 सितंबर को हवन पूजन के साथ किया जाएगा।

## रामसेली जंगल में भालू के हमले से एक व्यक्ति हुआ घायल

**लातेहार।** बारेसाढ़ वन क्षेत्र के रामसेली जंगल में जंगली भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल हो गया है। भालू के हमले से पहाड़कोचा ग्राम निवासी मंगल सिंह (55) गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन डाला में टांगकर गारू रेफरल अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद वनपाल परमजीत तिवारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल के परिजनों को इलाज के लिए सात हजार सहायता राशि दी। वहीं रेंजर तरूण कुमार सिंह ने सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा देने की बात कही है। घायल मंगल सिंह ने बताया कि वह मंगलवार सुबह गाय को खोजने रामसेली जंगल गया था। तभी एक भालू ने उसपर अचानक हमला कर दिया। भालू के साथ उसके बच्चे भी थे। वह काफी देर तक भालू से लड़ता रहा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे। इसके बाद भालू वहां से भाग गया। भालू के हमले में उसके सिर व शरीर का अन्य हिस्सा लहुलुहान हो गया।

## संक्षिप्त

### श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता पहुंचे पत्थलगड़ा

**चतरा/पत्थलगड़ा।** मंगलवार को राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह, बाजोबार, बरवाडीह, सिंघानी समेत कई स्थानों पर गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आयोजित गणपति पूजा उत्सव में शामिल हुए। साथ ही मंत्री श्री भोगता ने भगवान गणेश की पूजन कर देश प्रदेश के सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। मंत्री के साथ झामुमो नेता सह सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा,शामिल थे। साथ ही दौरे के क्रम में सिंघानी मुखिया राधिका देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बेबी देवी, नारायण दांगी समेत कई गणमान्य शामिल थे।

### दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**मयूरहंड।** मयूरहंड प्रखंड के नवडीहा गांव में आचार्य स्व. काली पांडेय की 88 वर्षीय पत्नी शकुंतला देवी के दशगात्र कार्यक्रम में मंगलवार को बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुवे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत के तस्वीर के समक्ष खड़े होकर 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्राद्ध कर्म में आए प्रतिनिधियों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह, ईश्वरी मेहता, शिक्षक गोकुलानंद सिंह, शिवकुमार सिंह, डॉ. निवेंदु शंकर हजारीबाग, गया से उदय पंडा, समाजसेवी सुधीर यादव, पूर्व मुखिया राजू मेहता, गोपाल मेहता, विश्वनाथ गुप्ता, मिथिलेश सिंह, सुधीर सिंह, शशि सिंह और देवेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

### उपेंद्र प्रसाद को बनाया प्रमंडलीय उपाध्यक्ष

**लातेहार।** पलामू प्रमंडलीय तैलिक साहु समाज की एक बैठक मेदिनीनगर के होटल रमाडा में आयोजित की गयी। बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहु ने लातेहार के युवा समाजसेवी उपेंद्र प्रसाद को पलामू प्रमंडल का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। साहू ने कहा कि उपेंद्र प्रसाद समाज के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इन्हें पलामू प्रमंडलीय उपाध्यक्ष बनाये जाने से पलामू में तेलिक साहु समाज और अधिक सशक्त होगा। गोविंद प्रसाद व राम प्यारे प्रसाद ने कहा कि लातेहार के समाज और अधिक सशक्त होगा। अधिवक्ता सुनील कुमार, बीमा अभिकर्ता बद्री प्रसाद व विशाल चंद्र साहु ने भी हर्ष व्यक्त किया। बधाई देने वालों में राजू रंजन, सुभाष प्रसाद, भोला प्रसाद, रामदेव प्रसाद, पंचम प्रसाद व चंदन प्रसाद आदि शामिल हैं।

### 'आंदोलनकारियों की मांगों पर करें विचार'

**बरवाडीह।** प्रखंड के पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी सदस्यों की। कौर कमेटी एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरीय आंदोलनकारी सदस्य विक्टर केरकेट्टा ने की। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी के केंद्रीय सचिव सह मीडिया प्रभारी अलीहसन अंसारी ने कहा कि प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा झारखंड आंदोलनकारी सदस्यों के साथ भेदभाव नीति अपनाते हुए चिन्हितिकरण कार्य काफी धीमी गति से करवाया जा रहा, जिससे आंदोलनकारियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार से सभी झारखंड आंदोलनकारी को सम्मानजनक पूर्वक मुआवजा देते हुए तत्काल पेंशन शुरू करने की मांग की गई है। झारखंड आंदोलनकारी अपने हक व अधिकार को लेकर 12 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में एकजुटता को लेकर महारैली करेंगे। मौके पर दीनानाथ राम, रवि कुमार, अकरम अंसारी, मुटकूम राम, संतोष कुमार, ललन तुरी आदि मौजूद थे।

### पंचमुखी शिव मंदिर दुर्गा पूजा समिति का गठन

**बरवाडीह।** दुगार्पूजा के सफल आयोजन को लेकर पंचमुखी मंदिर दुर्गा पूजा समिति की बैठक स्थानीय युवा समाजसेवी राजेश वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में पिछले वर्ष हुए आयोजन में आए व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। वहीं इस वर्ष पूजा के सफल आयोजन में पांच लाख रुपये का बजट बनाया गया। बता दें कि पंचमुखी शिव मंदिर में कोलकाता के मूर्तिकारों द्वारा मां दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की भव्य मूर्तियों का निर्माण किया जाता है। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष राजेश वर्मा, उपाध्यक्ष दीपक राज और सोनू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल सोनी, सचिव रविंद्र प्रसाद, प्रिंस गुप्ता, अजीत कुमार व रिक्की गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुभम दुबे, निखिल गुप्ता, मुकेश कुमार व ऋतिक गुप्ता, उप सचिव शकील अंसारी, जितेंद्र वर्मा, विकास विश्वकर्मा, रवि भीम, रॉकी व नागेंद्र गुप्ता, सरंक्षक विनोद प्रसाद, पंकज गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, पवन सोनी व संजय यादव के बनाया गया। चंदा प्रभारी में गुड्डू, मुन्ना, सूरज, सागर, सोहेल, सीनू, दीपक, कौशल, विक्रम, रौशन, दीपक लाल, सन्नी सोनी, रिक्की सोनी समेत अन्य युवाओं को शामिल किया गया है।

### मल्हार जाति ने की एसटी दर्जा देने की मांग

**बरवाडीह।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत केड़ के टोला चुटीखाड़ में नुन्नू मलार के अध्यक्षता में मल्हार जाति समाज के उत्थान में बैठक हुई, जिसमें लातेहार, गुमला, गया, चतरा, पलामू, रांची से मल्हार जाति के लोग उपस्थित हुए। इसमें मल्हार जाति को एसटी में शामिल करने की मांग की गई। सिमडेगा जिला के मल्हार जाति अध्यक्ष-फुलसाय ने कहा कि हम लोग अत्यंत गरीब जाति से आते हैं। मौके पर दीनूश मल्हार, देशु मल्हार, नुन्नू मल्हार, हरिनाम मल्हार, टोहान मल्हार, बली मल्हार, मरवाडी.मल्हार, कमलेश मल्हार आदि उपस्थित थे।

### नदी किनारे शव मिला, बहाव में बहने की आशंका

**महुआडांड़।** प्रखंड के अंतर्गत चैनपुर पंचायत के ग्राम अहिरपुरवा में मंगलवार नदी किनारे एक शव देखा गया। लग रहा था कि रात में बाढ़ के साथ शव बहकर कही से आया है। वहीं पानी में रहने के कारण शव पहचान में नहीं आ रहा था। अहिरपुरवा के ग्राम प्रधान सुरेश उरांव ने इसकी खबर थाना को दी। पुअनि अजय कुमार दास स्थल पर पहुंचे। आस-पास के गांव से लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराई, जिसकी पहचान महुआडांड़ पंचायत के राजडंडा गांव निवासी जेराल लकड़ा (65) के रूप में की गई। मृतक के परिवार को थाना बुलाकर कागजी कारवाई करके शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। बताया गया कि सोमवार की शाम नदी पार करते हुए जलस्तर बढ़ने के कारण वह बह गया। ज्ञात हो सोमवार शाम लगभग पांच बजे अचानक काले बादल छा गए। हवा और गर्जन के साथ लगभग दो घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई है।

## बालूमाथ : हेल्थ केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

मुरपा मोड़ के समीप पुरानी कस्तूरबा स्कूल के बगल में हेल्थ केयर हॉस्पिटल का बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मौके पर डॉक्टर बड़ाईक ने कहा कि बालूमाथ में इस तरह की सुविधा युक्त अस्पताल की हमेशा से आवश्यकता रही थी।

अस्पताल के खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसका समुचित लाभ मिल पाएगा। मौके पर हेल्थ केयर हॉस्पिटल के संचालक संजय कुमार रवि ने बताया कि अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मशीनों के माध्यम से दक्ष चिकित्सकों के द्वारा सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में ओपीडी के साथ,ज ांच लैब, अल्ट्रासाउंड ऑपरेशन थिएटर के साथ 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध रहेगी। मौके पर बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बड़ाईक के अलावा डॉ अमरनाथ प्रसाद, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ अलीशा कुमारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, बालेश्वर राम, मनोज यादव, दीपक यादव, तुलसी राम, बाबूलाल राम, मिथिलेश कुमार अनिल कुमार, मो.गुलाम आदि मौजूद थे।

# गणपति की प्रतिमा स्थापित कर की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के रेलवे कॉलोनी परिसर में मंगलवार को बासु डे परिवार द्वारा गणपति की पंडाल व भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। रेल कर्मी बासुदेव डे द्वारा बीते 15 वर्षों से अधिक समय से रेलवे कॉलोनी में अपने आवास परिसर के सामने गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करते आ रहा है। इस वर्ष भी लगातार डे परिवार द्वारा गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पंडित मृत्युंजय मिश्रा उर्फ बल्लू मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर में पूजा अर्चना के मौके पर डे परिवार के सभी सदस्यों एवं आसपास के काफी संख्या में भक्त शामिल हुए। पूजा अर्चना के उपरांत मंगलवार को पूजा पंडाल परिसर में गणपति बप्पा का पुरे दिन गूंज रही। मौके बासुदेव डे परिवार सायमली डे, मनीष दे, आदित्य कुमार यादव, शिल्पी डे, पायल डे, भोला बारिक, उतम रॉय, गोपाल दास, गीता दास, शिखा रॉय, कोयल, मन्ना, रेलवे कार्य निरीक्षक वरीय अनुभाग अभियंता विवेकानंद बासु, अर्पिता बाशु, माहुली डे, विजय कुमार मन्ना, शुभांकर बारिक, सोनू बारिक समेत आस पास के काफी भक्त शामिल थे।





### महुआडांड़ में गणेशोत्सव प्रारंभ

**महुआडांड़।** श्री गणेश चतुर्थी का त्योहार प्रखंड में मनाया गया। थाना चौक में मां महाकाली नवयुवक संघ एवं मुख्य बाजार शिव मंदिर में आर्यन संघ के नवयुवकों ने भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। पंडित सर्वेश पाठक एवं पंडित राजेश पाठक द्वारा पूजा अर्चना कराई जा रही है। मां महाकाली नवयुवक संघ के विकास कुमार छोटू ने बताया कि पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन समारोह का समापन 24 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में पप्पू कुमार, सूरज कुमार, शुभम गुप्ता, भोला, अभिषेक सोनी, अंकित कुमार, रिंकू कुमार, विनीत पाठक, शुभम जायसवाल, हिमांशु कुमार, रोहित गुप्ता आदि भूमिका निभा रहे हैं। वहीं आर्यन संघ के पंकज दास बाबू ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक कुमार, निकेस कुमार, विकास कुमार भोला, सत्यम कुमार, सतीश कुमार, आयुष जायसवाल, प्रिंस दास, अंकित जायसवाल, अंशु कुमार, सुरज कुमार, हंस कुमार, करन कुमार, नितिश कुमार, बिक्कू निखिल, विवेक शर्मा भूमिका निभा रहे हैं।

### पहाड़पूरी में मना गणेश चतुर्थी उत्सव

**लातेहार।** पहाड़ पूरी मुह्हले में गणेश चतुर्थी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस साल भी गणेश पूजा आयोजन में समिति के सचिन कुमार सिंह अध्यक्ष, मोहन राम सचिव, दीपक कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, राकेश सिंह पूजा संरक्षक, नागेंद्र सिंह, मनीष कुमार, अविनाश कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, सुधीर चौधरी, तूफानी भगत, अमित कुमार, मुकेश कुमार, उमेश भगत, संजय सिंह, प्रमोद उरांव आदि उपस्थित थे।

### कार्यक्रम | विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा, बच्चों को ईमानदारी से पढ़ना चाहिए

# 'माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

मंगलवार को संत जेवियर हाई स्कूल गोठगाँव में बिशप थेवोदोर मस्केरेन्हास, लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, डाल्टनगंज से शिक्षा निर्देशक फा. संजय गिद्ध ने अपोस्टोलिक कार्मेल सामलोंग रांची के धर्मबहने से मिल कर विधालय के बच्चों में शिक्षण सामग्री का वितरण किया।

बताते चलें कि इस कार्यक्रम की शुरुआत में पल्ली पुरोहित फादर मोरिस टोप्पो, विधालय सचिव फादर मनोरंजन कच्छप विधालय प्रधानाध्यापक फादर मैक्सीमिलियन ने बच्चों से मिल



कर सभी का स्वागत किया। बिशप थेवोदोर ने बच्चों को अपने संदेश में विद्यार्थियों से कहा कि वे मेहनत से पढ़ाई करके आगे बढ़े अच्छा विचार और अच्छा से शिष्टाचार सीखें, इंजीनियर डॉक्टर बनें। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि बच्चे ईमानदारी से पढ़ें। एसडीपीओ राजेश कुजूर व बीडीओ अमरेन डांग ने बच्चों को समय का सदुपयोग करके पूरी मेहनत से पढ़ाई करने तथा अच्छे संस्कार ग्रहण कर समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान देने पर जोर दिया।

इस मौके पर बिशप थेवोदोर, डाल्टनगंज शिक्षा निर्देशक फा. संजय गिद्ध, विद्यालय सचिव फा. मनोरंजन, पल्ली पुरोहित फा. मोरिस टोप्पो, फा. मैक्सी बिशप सेक्रेटरी फा. अमरदीप केरकेटा, रांची से आए फा. आशित टोप्पो, फा. वाल्टर किस्पोटा, अपोस्टोलिक कार्मेल सामलोंग रांची से धर्मबहने सुपीरियर रेनेशा और उनके साथ चार धर्म बहने, महुआडंड प्रखण्ड के उप प्रमुख अभय मिंज , अजीत पॉल कुजूर आदि लोग उपस्थित थे।

## युवक ने लगाया जेल के सुरक्षा कर्मियों पर दुर्व्यवहार का आरोप

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के बानपुर निवासी युवक सूरज कुमार यादव पिता कमेशर यादव ने लातेहार मंडल कारा गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में युवक ने लातेहार पुलिस अधीक्षक को आवेदन पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पत्र के माध्यम से युवक ने कहा है कि वह मंगलवार सुबह जेल में बंद अपने रिश्तेदार से मिलने गया था तभी गेट की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी उसका हाथ पकड़कर गाली गलौज करने लगे और डंडा से मारने की बात कही। सुरक्षा कर्मी पर्ची कटाने के नाम पर पैसे की मांग कर रहे थे। युवक ने यह भी आरोप लगाया कि सुरक्षा कर्मी ने उसे हाथ पकड़कर गेट से बाहर कर दिया।

## मांदर-नगाड़ा वितरण करना संस्कृति-सभ्यता को बचाना है : रामेश्वर उरांव

# कैरो में समारोह आयोजित कर मांदर का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को कला सस्कृति खेलकूद विभाग द्वारा मांदर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रामेश्वर उरांव लोहरदगा विधायक सह मंत्री योजना सह वित्त विभाग वाणिज्यकर विभाग, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार शामिल हुए।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत प्रखंड सह अंचल प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा आदिवासी रितिवाज, ढोल नगाड़ा, गीत संगीत के साथ स्वागत किया गया। मांदर वितरण समारोह का उद्धघाटन मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि उरांव ने कहा कि करमा त्योहार को देखते हुए मांदर वितरण किया जा रहा है ताकि हम सभी खुशियों के साथ त्योहार मना सके। मांदर नगाड़ा वितरण करना संस्कृति सभ्यता को बचाना और आगे बढ़ाना है। गीत संगीत, वाद्ययंत्र आदिवासियों के रीति रिवाज को दर्शाता है। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जिले में इस वर्ष 300 मांदर व 70 नगाड़े एवं सभी जगह अखड़ा का निर्माण किया गया है। आदिवासी बहुल गांव में कला संस्कृति एवं खेलकूद पर्यटन विभाग के द्वारा मांदर का वितरण किया जा रहा है। मांदर, नगाड़ा वितरण एवं अखड़ा निर्माण से आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को आगे बढ़ाया जा सकता है। साथ ही अखड़ा में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 65 लाख कार्ड धारियों को धोती साड़ी, 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन सभी को देने का काम किया है। पूर्व की भाजपा सरकार कोटा के आधार पर पेंशन देने का काम किया करता था जिसे हमने समाप्त किया।

आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गरम कपड़ा देकर ग्रामीणों का आर्थकि विकास करने का काम किया गया है। यही नहीं मशना घेराव, कब्रिस्तान घेराव, चार्ज घेराव कर संस्कृति को सुरक्षित करने का काम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, डॉ. अजय शाहदेव, डोमना उरांव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# बालू लदा दो हाईवा के साथ एक स्कार्पियो जब्त, 6 व्यक्ति गए जेल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में सेन्हा चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप से देर रात बालू लदा दो हाइवा ट्रक को पुलिस द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा दलबल के साथ करवाई किया गया। बालू लदा हाइवा ट्रक को रोक कर लोडेड बालू का कागजात की मांग की गई तो कागजात के अनुसार हाइवा ट्रक में क्षमता से अधिक बालू लोड होने के कारण जब्त किया गया है। बताया जाता है कि जब्त हाइवा ट्रक जे एच 07 जी 8523 एवं जे एच 07 जी 7208 में सिसई थाना क्षेत्र के नागफेनी नदी से बालू लाद कर लोहरदगा ले जाया जा रहा था। उसी दौरान स्कार्पियो वाहन जे एच 01एफ एफ 7639 को भी जब्त करते हुए



चालक सहित 6 लोगों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया है। वहीं बताया जाता है कि पूछताछ के पश्चात खनन अधिनियम के तहत कारवाई की जाएगी। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि जब्त वाहन चालक एवं मालिक के विरुद्ध कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। बताया गया कि पुलिस उपाधीक्षक मु० से प्राप्त गुप्त सूचनानुसार सेन्हा थाना अंतर्गत थाना प्रभारी अभिनव कुमार एवं पुलिस बल के साथ रात्रि लगभग 12 बजे दो अवैध बालू लदा हाईवा, एक ट्रेक्टर एवं एक रेकी कार्य में लगा स्कॉर्पियो सहित तीन रेकी करने वाले एवम चालक खलासी समेत कुल 6 व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई एवम उन्हें जेल भेजा गया।

## दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

# फेसबुक पर दोस्ती की, फिर दोस्त के साथ किया दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
फेसबुक से हुई दोस्ती के बाद युवक द्वारा अपने दोस्त के साथ मिलकर 18 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित छात्रा डुमरी थाना क्षेत्र की रहने वाली है मगर वर्तमान में वह चैनपुर के प्रेम नगर में किराए के मकान में अपने मां के साथ रहकर पढ़ाई करती है वही उसकी मां मजदूरी का काम करती है। इस बाबत पीड़ित छात्रा ने चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराते हुए दो लोगों को आरोपी बताया है।



चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के महुआटोली गांव का कुलदीप लकड़ा की दोस्ती फेसबुक पर प्रेम नगर किराए के मकान में रहने वाली एक छात्रा से हुई थी फेसबुक पर काफी दिनों तक दोस्ती रहने के बाद कुलदीप ने उसे छात्र को चैनपुर बस स्टैंड में मिलने के लिए बुलाया कुछ देर बातचीत करने के बाद कुलदीप प्रेम नगर छोड़ देने की बात कहते हुए उसे अपने केटीएम मोटरसाइकिल मैं बैठ कर जबरन माझाटोली की ओर ले गया इस दौरान लड़की ने काफी विरोध किया तो आगे से घूम कर लौटने की बात करते हुए कटकया गांव पहुँचा जहां से उसने अपने एक एक दोस्त मुकुल कुजूर को भी साथ में ले लिया। और रायडीह थाना क्षेत्र के कटकटा गांव के पुराना घाट शंख नदी के किनारे पानी मशीन वाले घर में ले जाकर दुष्कर्म करने की कोशिश की इस दौरान उक्त छात्रा ने काफी विरोध किया तो कुलदीप ने अपने साथी मुकुल को बाहर भेज दिया और छात्र के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद कुलदीप ने अपने दोस्त मुकुल को भी दुष्कर्म के लिए भेजा इस पर छात्र ने मुकुल को धक्का देकर गिरा दिया काफी हल्ला होने पर कुलदीप अंदर घुसा तो छात्र ने उसे भी धक्का देकर दोनों को इस घर में बाहर से बंद कर भाग गई। इसके बाद वह घर लौट कर अपनी मां को घटना की जानकारी दी। और दूसरे दिन सोमवार को चैनपुर थाना में मामला दर्ज करवाया। तत्वरित कार्रवाई करते हुए चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया जिसमें वर्तमान थाना प्रभारी मुकेश कुमार, प्रियंका तिर्की,आलोक कुमार एवं सैट बाल के जवानों ने छापामारी करते हुए कुलदीप लकड़ा उम्र 20 वर्ष पिता अलेक्सियूस लकड़ा को उसके गांव महुआ टोली से उसके घर से ग्रिफ्तार किया। वही उसके निशान देही पर उसके साथी मुकुल कुजूर लगभग 23 वर्ष पिता सन्तियुस कुजूर को उसके गांव कटकाया थाना रायडीह जिला गुमला से गिरफ्तार किया गया। वहीं घटना में प्रयोग किया गया केटीएम बाइक को अभियुक्त कुलदीप लकड़ा के घर से बरामद किया गया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# देवस्थल में गणेश उत्सव की धूमधाम देखते बन रही

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
देवस्थल प्रांगण शांति नगर लोहरदगा में गणेश उत्सव प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य सूरज मिश्रा के द्वारा कराया जा रहा है। यजमान के रूप में चंदन कुमार, स्पालिक एवं दिनेश वर्मा समेत कई भक्तजन शामिल हैं। वैदिक मंत्र व भक्ति संगीत के साथ आसपास का क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। देवस्थल प्रांगण की साज सज्जा, विद्युत सज्जा देखने में बेहद आकर्षक लग रहा है। आसपास क्षेत्र के धर्मावलंबी पूजन के उपरांत प्रसाद ग्रहण का आशीर्वाद ले रहे हैं। संध्या महाआरती में भी महिला पुरुष, बच्चों की संख्या देखने को मिल रही है। युवाओं की भी भागीदारी इस वर्ष बढ़-चढ़कर देखने को मिल रही है। शांति नगर क्षेत्र में यह पांचवा वर्ष निरंतर गणेश उत्सव का त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। 19 सितंबर से 23 सितंबर तक 5 दिन का गणेश उत्सव आयोजित है। गणेश पूजन में समिति के अध्यक्ष दिव्यांशु कुमार, शुभम गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार व राजीव कुमार, संजय महतो, बैजनाथ प्रसाद गुड्डु, शंकर गुप्ता, मंजू देवी, बबीता गुप्ता, ज्योति वर्मा, चंद्रिका यादव, अनुराधा देवी, धीरज प्रसाद, संजय साव, राजेश गुप्ता, बिट्ठू कुमार, मोनित समेत युवा वर्ग, मातृशक्ति व अभिभावकों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।



## गणपति बप्पा मोरया.. से भक्तिमय हुआ चैनपुर

**चैनपुर(गुमला)।** चैनपुर मुख्यालय में मंगलवार को गणेश चतुर्थी महोत्सव शुरू हुआ। चैनपुर के दुर्गा मंदिर एवं एमएलए रोड में भगवान गणेश का प्रतिमा स्थापित का वैदिक परंपरा से पूजा अर्चना की गई। चैनपुर मंदिर में गणेश पूजा समिति की ओर से गणेश भगवान का भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा को लेकर पूरे चैनपुर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। सुबह से ही भक्त भगवान का आशीर्वाद लेने एवं प्रसादी पाने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। ग्राम पुरोहित ने कहा सिद्धिविनायक भगवान गणेश जी के स्मरण एवं पूजन से ही सारे विघ्न बाध्य स्वत ही दूर हो जाती है। श्री गणपति बप्पा सभी की मनवांछित मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

## संक्षिप्त

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को किया जब्त



**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित मेढो कोयल नदी से गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा जप्त कर ट्रैक्टर को सेन्हा थाना लाया गया है। वहीं बताया जाता है कि जब्त ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नंबर एवं ट्रैक्टर टोली में नंबर अंकित नहीं है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने कहा जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचनार्थ किया गया है, जिसे जब्त ट्रैक्टर का चालक एवं मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत खनिज संपदा चोरी एवं राजस्व क्षतिपूर्ति को लेकर नियम संगत कारवाई की जाएगी। विदित हो कि क्षेत्र में अवैध बालू दोहन एवं राजस्व क्षति को लेकर पुलिस के सहयोग से विभाग लगतार कारवाई कर रही है। उसके बाबजूद धड़ले से बालू माफिया अवैध बालू ढुलाई में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं। वहीं सरकार द्वारा एनजीटी लगाए जाने के बाबजूद बालू माफियाओं द्वारा नियम का धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि खनन अधिकारी के निदेर्शानुसार बालू माफियाओं के प्रति सख्त से सख्त नियम संगत कारवाई की जाएगी।

### बच्चों के अधिकार को सुनिश्चित करना है जरूरी



**लोहरदगा।** जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत कैथोलिक मिडिल स्कूल कैमो, पतराटोली में होप एवं माई चोइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित गांव कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु, गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट, बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, मानव दुर्व्यवपार आदि से बचाना एवं समझ विकसित करना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बच्चों के चार अधिकार, मानव दुव्यार्पार, सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया, मुसीबत पड़ने पर किन टॉल फ्री नंबरों का उपयोग करना है और कैसे अपने आप और पूरे गांव को सुरक्षित रखेंगे इसपर भी चर्चा की गई। अरविंद वर्मा ने बच्चों से संबंधित कानूनों के बारे में बतलाया। उपस्थित प्रतिभागियों ने इन विषयों पर अपनी समझ बनाई। कार्यक्रम को और प्रभावी एवम सुलभ रूप से समझ विकसित हो इसके लिए सुरक्षित गांव कार्यक्रम का पुस्तक वितरित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे ओ आर ए टीम से अरविंद वर्मा, मनोरमा एक्का, स्कूल के शिक्षिका अंजना तिर्की, कुलदीप मिंज, पूनम भेंगरा एवं लगभग 200 से 250 बच्चों ने भाग लिया।

### अपर बाजार दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन



**लोहरदगा।** अप्पर बाजार दुर्गा पूजा समिति की बैठक संरक्षक दीपक सर्राफ की अध्यक्षता में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें की सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रवीण तमेड़ा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा एवं निखिल बर्मन, सचिव शशांक बर्मन सहसचिव चंदन राजगढ़िया एवं अनुराग पोद्दार, कोषाध्यक्ष शैलेश पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष अतुल सर्राफ एवं 11 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। निर्णय लिया गया कि भव्य पंडाल का निर्माण कराया जाए। इस संबंध में बुधवार को स्कूल परिसर में बैठक रखी गई है। बैठक पर संरक्षक दीपक सर्राफ, विमल बांका, संदीप पोद्दार, प्रवीण तमेड़ा, शशांक बर्मन, शैलेश पोद्दार, चंदन राजगढ़िया, मनीष पोद्दार, निखिल बर्मन, हनुमान पोद्दार, अमर पोद्दार, रितेश सोनी, रोहन तमेड़ा, हर्षित गर्ग, रजत तमेड़ा, अतुल सर्राफ, शुभम साहू आदि थे।

### कार के धक्के से बुजुर्ग घायल, रिम्स रेफर

**कुडू।** कुडू-रांची मुख्य पथ एनएच 75 बरवाटोली चौक के समीप सड़क किनारे चल रहे एक बुजुर्ग को कार ने चपेट में ले लिया। घटना मंगलवार की शाम करीब 4 बजे की है। घायल बुजुर्ग की पहचान थाना क्षेत्र के पंडरा गांव निवासी 75 वर्षीय कमाल पंवरिया पिता स्व कादिर मियां के रूप में हुई है। ज्ञात हो कि बुजुर्ग व्यक्ति भिक्षाटन करके अपना जीवन यापन करते थे। कमाल पंवरिया पैदल अपने गांव पंडरा जा रहे थे तभी रांची की ओर से आ रही एक हुंडाई सेंट्रो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद सड़क पर पड़े बुजुर्ग को स्थानीय लोगों ने कुडू अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों बाया हाथ कई जगह से टूटने और सर में गंभीर चोट की बात बताते हुए रिम्स रेफर कर दिया। इधर दुर्घटना के बाद गाड़ी लेकर भाग रहे चालक को स्थानीय लोगों ने कुडू में पकड़ा और कुडू थाना को सौंप दिया। हाल पुलिस आगे की कारवाई में जुट गयी है।

# भंडरा में तीन दिवसीय गणेश उत्सव हुआ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा में नवयुवकों द्वारा गणेश पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा पंडाल बनाकर स्थापित की गई है। पूजा समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा बताया गया कि भगवान गणेश का उत्सव भंडारा में तीन दिनों तक मनाया जाएगा।



पंडाल कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। पुरोहित आनंद दुबे के द्वारा पूजा पाठ कराई जा रही है। पंडाल का उद्घाटन भंडरा थाना के थाना प्रभारी गौतम कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि गणेश उत्सव शांति एवं सदभाव पूर्ण वातावरण में मनाया जाए। सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने से त्यौहार का उत्साह दोगुना हो जाता है। भंडरा में गणेश उत्सव इस वर्ष शुरू किया गया है, जिसमें पंडाल बनाकर मूर्ति स्थापित की गई है। पूजा को संपन्न कराने में आनंद दुबे, श्रीकांत गुप्ता, राजेश भगत, सूरज ठाकुर, भास्कर यादव, रोशन कुमार सहित गांव के अन्य युवाओं का योगदान है।

# भगवान श्री गणेश की हुई पूजा-आराधना

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी उत्सव मंगलवार से शुरू हो गई है जो अगले 10 दिन तक चलेगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी को विध्नविनायक भगवान गणेश का जन्मदिन मनाया जाता है। इस दिन को भक्त गणेशोत्सव के रूप में मनाते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र में लगभग एक दर्जन व पूरे जिले में लगभग 40 स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई। पूरा लोहरदगा भगवान श्री गणेश की आराधना में डूबा गया है। लोहरदगा के पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राणा चौक, मिशन चौक, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, किस्को मोड़ पूजा पंडाल में विद्युत सज्जा देखने लायक है। दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में



धार्मिक माहौल है। जिस तरह बंगाल में दुर्गा पूजा का प्रचलन है। उसी तरह महाराष्ट्र में गणेशोत्सव घर-घर मनाया जाता है। दुर्गा पूजा और गणेशोत्सव अब भारत के सभी शहरों में आयोजित हो रहा है। इससे हमारी संस्कृति और परम्परा प्रबल हो रही है। अगले दस दिनों में विध्नविनायक भगवान गणेश की पूजा- अर्चना इन्ही दस नामों की होगी। ऐसी मान्यता है कि भगवान गणेश की इन दस नामों का रोजाना स्तुति करते है। उनका समस्त विध्न और बाधा दूर हो जाता है। किस्को मोड़ शांति नगर में आकर्षक विद्युत सज्जा और भव्य पंडाल सबको आकर्षित कर रहा है। शहर का पूरा माहौल धार्मिक हो गया है। देर रात तक गणेश प्रतिमा पण्डालों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। पंडित रामाधार पाठक का कहना है कि शुभ नक्षत्र में श्री गणेश का आगमन सर्वत्र शुभ फल प्रदाता माना गया है। उन्होंने बताया कि चतुर्थी तिथि के देवता भगवान गणेश हैं, जो रिद्धि-सिद्धि प्रदान करते हैं। वायु देवता जो मनुष्य में पंच प्राण को संतुलित रखते हैं। वहीं, गुरु स्वाति योग में दस दिवसीय गणेशोत्सव में विधिवत पूजा मानोवांछित फल प्रदान करने वाला होता है। रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्रीगणेश की स्थापना करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। इधर मिशन चौक स्थित गणेश पूजा पंडाल में बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति के युवाओं ने बताया कि दोपहर से देर रात तक भण्डारा चलेगा। श्रद्धालुओं से आग्रह है कि समय पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करे।

## करमा त्योहार | साप्ताहिक बाजार में करम नचुआ व भेलवा डाहुरी की बिक्री

# प्रकृति पर्व की तैयारी जोरों पर, खूब बिक्र रहे ढोल-मांदर

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड में प्रकृति पर्व करमा हर्षोल्लासपूर्वक मनाए जाने को लेकर आदिवासी समुदाय ने तैयारी शुरू कर दी है। यूं तो करमा का त्योहार झारखंड में निवास करने वाले सभी जाति समुदाय मानते हैं लेकिन आदिवासी समुदाय इस पर्व को खास तौर से मानते हैं। इस मौके पर अखड़ा की विशेष साज-सज्जा को लेकर बैठको का दौर जारी है। इधर करमा को लेकर विभिन्न हाट बाजारों मे ढोल मंदार, करम नचुआ भेलवा डहूरी की बिक्री जोर से चल रही है। करमा पर्व के अवसर पर आदिवासी समाज में नए वैवाहिक संबंध वाले रिश्तेदारों के यहां कर्म नेचुआ में कर्म का संदेश एवं नव बिबाह हेतु तैयार कन्याओं



के लिए कपड़ा एवं अन्य सामग्री पहुंचाने की परंपरा है। इसी परंपरा के तहत जिन लड़कियों की शादी तय हो गई होती है। उसके ससुराल पक्ष से कर्म नचूवा एवं कपड़ा एवं अन्य सामग्री पहुंचाई जाती है। इसी तरह कर्म पर्व के अवसर पर बेलवा डाहुरी को घरों में एवं खेत खलिहानों में लगाने की परंपरा है। इस परंपरा के तहत यहां के लोग भेलवा दहुरी को अपने घर प्रतिष्ठा एवं खेत खलिहानों में लगाते हैं।

## आदिवासी रीति और रिवाज से धूमधाम से मनाई गई करमा पर्व पूर्व संध्या

सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में आदिवासी रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व पूर्व संध्या मनाया गया। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगभग 80 खोड़हा दल पारम्परिक वाद्य यंत्र के साथ आदिवासी महिला पुरुष शामिल हुए। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम का अरु और कल्हेपाट का पहान पुजार द्वारा तथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया तथा कार्यक्रम में आये हुए सभी खोड़हा दल के लोगो का आदिवासी परम्परा के अनुसार स्वागत किया गया। मौके पर मौजूद सेन्हा प्रखंड जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि करम आदिवासीयों का बहुत ही पुराना त्यौहार है। पर्व, त्योहार को संरक्षित करना है और आदिवासी समाज के सभी पहान पुजार तथा समाज के अगुवा और भाई बहनों को इसे संरक्षित करने की जरूरत है, क्योंकि करमा, जितिया,सरहुल पर्व से ही आदिवासी धर्म और समाज का पहचान होता है। मौके




पर राष्ट्रीय सरना धर्म परिचारिका रतनी उरांव, आदिवासी छात्र संघ जिला संरक्षक मनी उरांव, पड़हा उप बेल अनिल उरांव, सरना धर्म प्रचारक विजनरायन उरांव के अलावे मुखिया शोभा देवी, धनवाज उरांव, पंचायत समिति सदस्य पूनम उरांव, लक्ष्मी उरांव, सबिता उरांव, उप मुखिया गोपाल उरांव, आदिवासी छात्र संघ प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर उरांव आदि उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

### भारत 2030 तक होगा तीसरा बड़ा उपभोक्ता बाजारः नायका सीईओ

**नई दिल्ली।** सौंदर्य प्रसाधन कारोबार से जुड़ी फर्म नायका की मूल कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फाल्गुनी नायर ने वर्ष 2030 तक भारत के दुनिया का तीसरा बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने की संभावना जताते हुए कहा है कि वह अपने कारोबार की संभावनाओं को लेकर रोमांचित हैं। एफएसएन की तरफ से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, नायर ने कंपनी की सालाना आमसभा को संबोधित करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ अपने कारोबार की तेजी से बढ़ती संभावनाओं का उल्लेख किया। नायर ने कहा कि भारत की उद्यमिता भावना के साथ यहां की युवा एवं आकांक्षी जनसंख्या इसे उपभोक्ता-केंद्रित व्यवसाय एवं ब्रांड के लिए एकदम माकूल जगह बनाती है। उन्होंने कहा, यह नायका के लिए एक बढ़िया मौका मुहैया कराता है।

### सरकार का भरा खजाना डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में आया 23.5% का उछाल

**नई दिल्ली।** देश में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के आंकड़े आ गए हैं और इस बार अच्छी बढ़ोतरी से सरकार का खजाना भर गया है। 1 अप्रैल 2023 से 16 सितंबर 2023 के दौरान देश का डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 23.5 फीसदी बढ़कर 8.65 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। साल दर साल आधार पर जहां डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 23.5 फीसदी की शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है वहीं एडवांस टैक्स कलेक्शन भी 20.7 फीसदी की शानदार बढ़ोतरी के बाद 3,55,481 करोड़ रुपए पर आ गया है। डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 4.16 लाख करोड़ रुपए का कॉरपोरेशन टैक्स और 4.47 लाख करोड़ रुपए का पर्सनल इनकम टैक्स भी शामिल है जिसमें सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) का भी समावेश है।

# देश के आठ शहरों में लॉन्च हुआ जियो एयरफाइबर

**एजेंसी। नई दिल्ली**




मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने बुधवार गणेश चतुर्थी के मौके पर देश के 8 मेट्रो शहरों में जियो एयरफाइबर लॉन्च कर दिया। यह एक इंटीग्रेटेड एंड-टू-एंड सॉल्यूशन है जो होम एंटरटेनमेंट, स्मार्ट होम सर्विस और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड जैसी सर्विस देगा। कंपनी ने दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे में अपनी जियो एयरफाइबर की सर्विस लाइव कर दी है। जियो का ऑप्टिकल फाइबर इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरे भारत में 15 लाख किमी से अधिक में फैला हुआ है। लेकिन अब भी करोड़ों कॉम्प्लेक्सेज और घरों में वायर कनेक्टिविटी काफी मुश्किल है। जियो एयरफाइबर इस लास्ट माइल कनेक्टिविटी की मुश्किल को आसान बनाएगा। जियो एयरफाइबर के जरिए कंपनी 20 करोड़ घरों और परिसरों तक पहुंचने की उम्मीद कर रही है। अंबानी ने 29 अगस्त को रिलायंस की एजीएम में जियो एयरफाइबर के लॉन्च की घोषणा की थी। इसे इंटरनेट की दुनिया में क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। कंपनी ने एयर फाइबर और एयर फाइबर मैक्स नाम के दो प्लान बाजार में उतारे हैं। एयर फाइबर प्लान में ग्राहक को दो तरह की स्पीड के प्लान रखे गए हैं। इनमें 30 एमबीपीएस और 100 एमबीपीएस शामिल हैं। कंपनी के शुरूआती 30 एमबीपीएस प्लान की कीमत 599 रुपये है। वहीं 100 एमबीपीएस के प्लान की कीमत 899 रुपये रखी गई है। दोनों ही प्लान्स में ग्राहक को 550 से अधिक डिजिटल चैनल और 14 एंटरटेनमेंट ऐप मिलेंगे। एयर फाइबर प्लान के तहत कंपनी ने 100 एमबीपीएस स्पीड वाला एक 1199 रु का प्लान भी पेश किया है। इसमें नेटफ्लिक्स, एमेजॉन और जियो सिनेमा जैसे प्रीमियम ऐप्स भी मिलेंगे। जिन ग्राहकों को इंटरनेट की स्पीड अधिक चाहिए, वे एयर फाइबर मैक्स प्लान्स में से कोई एक चुन सकते हैं। कंपनी ने 300 एमबीपीएस से लेकर 1000 एमबीपीएस यानी 1 जीबीपीएस तक के तीन प्लान बाजार में उतारे हैं। 1,499 रु में 300 एमबीपीएस की स्पीड मिलेगी। 2,499 रु में 500 एमबीपीएस तक की स्पीड ग्राहक को हासिल होगी। और अगर ग्राहक को 1 जीबीपीएस की स्पीड वाला प्लान लेना है तो उसे 3,999 रु खर्च करने होंगे। सभी प्लान्स के साथ 550 से अधिक डिजिटल चैनल, 14 एंटरटेनमेंट ऐप और नेटफ्लिक्स, एमेजॉन और जियो सिनेमा जैसे प्रीमियम ऐप्स भी मिलेंगे। जियो एयरफाइबर के लॉन्च पर रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि हमारी फाइबर-टू-द-होम सर्विस, जियो फाइबर एक करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रही है। हर महीने हजारों लोग इससे जुड़ रहे हैं। लेकिन अभी भी लाखों घरों और छोटे व्यवसायों को जोड़ा जाना बाकी है। जियो एयरफाइबर के साथ, हम देश के हर घर को समान गुणवत्ता वाली सेवा के साथ तेजी से कवर करने जा रहे हैं। जियो एयरफाइबर शिक्षा, स्वास्थ्य, निगरानी और स्मार्ट होम में अपने सॉल्यूशन्स के माध्यम से लाखों घरों को विश्व स्तरीय डिजिटल मनोरंजन, स्मार्ट होम सेवाओं और ब्रॉडबैंड की सेवाएं देगा।

### रतन टाटा दे रहे बंपर कमाई का मौका

# तीन आईपीओ लाने की तैयारी में टाटा ग्रुप

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश का सबसे बड़ा औद्योगिक समूह टाटा ग्रुप तीन आईपीओ लाने की तैयारी कर रहा है। टाटा टेक्नोलॉजी और टाटा प्ले के आईपीओ की तैयारी पहले से ही चल रही है। अब टाटा ग्रुप अपनी एनबीएफसी कंपनी टाटा कैपिटल का आईपीओ लाने की भी तैयारी में है। आरबीआई ने टाटा कैपिटल और टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस को अपर-लेयर एनबीएफसी में शामिल किया है। नियमों के मुताबिक इस कैटगरी में शामिल किए जाने के तीन साल के भीतर कंपनी को पब्लिक होना जरूरी है। टाटा कैपिटल के मामले में यह डेडलाइन सितंबर, 2025 है। ग्रे मार्केट में कंपनी का शेयर 425 रुपये में ट्रेड कर रहा है और इस कीमत पर कंपनी की वैल्यू 1.5 लाख करोड़ रुपये बैठती। कंपनी में टाटा संस की 94.62 परसेंट हिस्सेदारी है। प्रमोटर कंपनी में 10 से 20 परसेंट हिस्सेदारी बेच सकते हैं। इस हिसाब से यह देश के सबसे बड़े आईपीओ में से एक होगा। पिछले साल एलआईसी 21,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाई थी जो देश का अब तक का सबसे बड़ा इश्यू है। मिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा कैपिटल लिमिटेड अपने ऑपरेशंस को रिस्ट्रक्चर कर रही है और साथ ही अपने बोर्ड का विस्तार कर रही है। एक सूत्र ने कहा कि टाटा ग्रुप की 2025 में टाटा कैपिटल का आईपीओ लाने की योजना है। कंपनी के बोर्ड का विस्तार किया गया है और साथ ही ग्रुप की कुछ कंपनियों का टाटा कैपिटल में मर्जर किया गया है। टाटा ग्रुप इस कंपनी के लिए जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की तरह वैल्यूएशन चाहती है। मुकेश अंबानी की इस कंपनी को हाल ही में लिस्ट किया गया था।

# एलन मस्क ने एक झटके में गंवाए 54,206 करोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क को हफ्ते के पहले दिन तगड़ा झटका लगा है। इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने वाली उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में विगत सोमवार को तीन फीसदी से ज्यादा गिरावट आई। इससे मस्क की नेटवर्थ में 6.41 अरब डॉलर यानी करीब 54,206 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस गिरावट के बाद मस्क की नेटवर्थ अब 243 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 106 अरब डॉलर की तेजी आई है। सोमवार को दुनिया के टॉप 20 रईसों में से केवल 15 की नेटवर्थ में गिरावट आई। इनमें भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी भी शामिल हैं। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सोमवार को 0.98 परसेंट की गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे कंपनी के चेयरमैन अंबानी की नेटवर्थ में 1.05 अरब डॉलर की गिरावट आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 91 अरब डॉलर रह गई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। गौतम अडानी की नेटवर्थ में सोमवार को 66.8 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह 65.2 अरब डॉलर रह गई है। अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 19वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 55.3 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इस बीच फ्रांस के बर्नार्ड आरनॉल्ट 172 अरब डॉलर की नेटवर्थ में दूसरे नंबर पर हैं।

### सरकार जल्द ही पीएलआई योजनाओं में कर सकती है बदलाव

**नई दिल्ली।** सरकार निवेश को प्रोत्साहित करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही दवा, ड्रोन तथा कपड़ा क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) में बदलाव कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विभिन्न उत्पादों से जुड़ी योजना के प्रदर्शन पर अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद इन क्षेत्रों की पहचान की गई है। अधिकारी ने कहा कि एसी व एलईडी लाइट जैसी वस्तुओं के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) का वितरण इस महीने शुरू होगा। इस योजना की घोषणा 2021 में दूरसंचार, एसी व एलईडी लाइट जैसी वस्तुओं, कपड़ा, चिकित्सकीय उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, जैसे 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इसके लिए 1.97 लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया गया था।

# देश के आयात में 12% गिरावट, कुल निर्यात भी घटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीने में भारत के कुल आयात में 12 प्रतिशत की कमी आई है। वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वाणिज्यिक आयात के 10 केंद्रों में से सिर्फ रूस और स्विट्जरलैंड से आयात बढ़ा है। भारत की रूस के कच्चे तेल पर निर्भरता बीते डेढ़ वर्ष में बढ़ गई है। इससे रूस से होने वाले आयात में वृद्धि हुई है। देश में अप्रैल-अगस्त के दौरान सालाना आधार पर वस्तुओं का आयात 86.56 प्रतिशत बढ़कर 25.69 अरब डॉलर हो गया। इस क्रम में भारत को होने वाले कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी बढ़कर 9.45 प्रतिशत हो गई जबकि यह बीते साल की आलोच्य अवधि में 4.45 प्रतिशत थी। अप्रैल-अगस्त के दौरान मूल्य के संदर्भ में देखा जाए तो रूस दूसरा सबसे बड़ा आयातक था। इसके बाद चीन था। स्विट्जरलैंड से आयात बढ़ने का प्रमुख कारण सोने की मांग में इजाफा होना था। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक जुलाई से सोने के कुल आयात में बढ़ोतरी हुई। इसका प्रमुख कारण त्योहारी मौसम का शुरू होना था। स्विट्जरलैंड से आमतौर पर सोने का आयात होता है। अप्रैल से अगस्त के दौरान भारत के कुल आयात में स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी बढ़कर 3.08 प्रतिशत हो गई थी जबकि एक साल पहले की आलोच्य अवधि में 2.16 प्रतिशत थी। जुलाई से अगस्त के दौरान अलग-अलग देशों के कारोबार का आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

## विदेश

### ईरान ने 8 साल बाद छोड़े 5 अमेरिकी नागरिक

# बाइडन ने ईरान को लौटाए 6 अरब डॉलर

**एजेंसी। दोहा**



ईरान ने आखिरकार अमेरिका के 5 नागरिकों को विगत मंगलवार को रिहा कर दिया। ये अमेरिकी नागरिक साल 2015 से ही ईरान की हिरासत में थे। इसके बदले में अमेरिका ने ईरान के जब्त किए गए 6 अरब डॉलर लौटा दिए हैं। ये अमेरिकी नागरिक अब अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। अमेरिकी नागरिकों की रिहाई से पिछले एक साल से चला आ रहा प्रयास आखिरकार सफल हो गया है और सभी को आजादी मिली है। अमेरिका और ईरान के बीच इन दिनों तनाव अपने चरम पर है और बाइडन ने हजारों की तादाद में सैनिक खाड़ी में भेजे हैं। ऐसे में ईरान और अमेरिका के बीच सहमति का बनना दुनिया के लिए शांति की एक उम्मीद लेकर आया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ कैदियों की अदला-बदली के तहत अमेरिका द्वारा मांगे गए पांच बंदी को तेहरान से रवाना होकर कतर पहुंचे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बंदियों के कतर पहुंचने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा, ह्यईरान में कैद पांच निर्दोष अमेरिकी आज आखिरकार अपने घर वापस आ रहे हैं। विमान के पहुंचने पर कतर में अमेरिकी राजदूत ने बंदियों से मुलाकात की। इससे पहले दिन में, उड़ान की आवाजाही संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर समाचार एजेंसी एपी ने पता लगाया कि कतर एयरवेज के विमान ने तेहरान के मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी, जिसका उपयोग अतीत में भी कैदियों की अदला-बदली में किया जाता रहा है।

इसके तुरंत बाद, ईरान की सरकारी मीडिया ने कहा कि विमान ने तेहरान से उड़ान भर ली है। अधिकारी ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि कैदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया अभी जारी है। दिन में अधिकारियों ने बताया था कि कभी लेन-देन पर रोक लगा दी गई करीब छह अरब डॉलर की ईरानी संपत्ति कतर पहुंचने के बाद कैदियों की यह अदला-बदली होगी। यह अदला-बदली के मुख्य शर्तों में से है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि कैदियों की अदला-बदली का मतलब यह नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम हो गया है। दोनों देशों के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम सहित विभिन्न मुद्दों पर तनाव की स्थिति है।

# यूक्रेन ने रक्षा मंत्री ओलेक्सी के बाद 6 उप रक्षामंत्री भी किए बर्खास्त

**एजेंसी। कीव**

यूक्रेन ने छह उप रक्षा मंत्रियों को सोमवार को बर्खास्त कर दिया। इससे करीब दो हफ्ते पहले रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज्निकोव को भ्रष्टाचार के आरोपों में बर्खास्त किया गया था। वहीं, पूर्वी यूक्रेन में भीषण लड़ाई जारी है। रूस ने दावा किया है कि उसने रात में किए गए हवाई हमलों में यूक्रेन में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। रूस ने कहा कि उसने ह्यस्टॉर्म शैडो' मिसाइल के स्टोर और ह्यडिप्लीटिड यूक्रेनियम एम्यूनिशन' के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक खुफिया केंद्र और यूक्रेनी सेना के एक प्रशिक्षण केंद्र को निशाना बनाया है। यूक्रेन के कैबिनेट मंत्रियों के स्थायी प्रतिनिधि तारस मेलनीचुक के टेलीग्राम अकाउंट के मुताबिक, बर्खास्त किए गए उप रक्षा मंत्रियों में हन्ना मलियार, विताली डेनेहा और डेनिस शारापोव शामिल है। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय के सचिव कोस्टिएंतिन वाशचेंको को भी बर्खास्त कर दिया गया है। मेलनीचुक ने उन्हें बर्खास्त करने का कोई कारण नहीं बताया है लेकिन सरकार सैन्य साजो सामान खरीद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। रक्षा मंत्री का पदभार संभालने वाले रुसतेम उमेरोव ने तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया। सैन्य जैकेट को अधिक कीमत पर खरीदने का घोटाला सामने आने के बाद इस साल के शुरू में रेज्निकोव को पद से हटा दिया गया था। उन्होंने आरोपों से इनकार किया है। वहीं, यूक्रेन की सेना ने कहा है कि उसने रूसी सैनिकों के साथ महीनों की भीषण लड़ाई के बाद क्लीशिचीवका गांव पर कब्जा कर लिया है। लड़ाई सोमवार को भी जारी रही।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के नागरिक को मास्क ठीक से न पहनने पर जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में कोरोना वायरस से संक्रमित भारतीय मूल के 64 वर्षीय व्यक्ति को 2021 में अपने घर से बाहर निकलने के दौरान मास्क ठीक से नहीं पहनने के अपराध में सोमवार को दो हफ्ते की जेल की सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, तमिलसेल्वम रामैया जानता था कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित है, बावजूद इसके उसने मास्क से नाक-मुंह को सही तरीके से नहीं ढंका और जानबूझकर मास्क हटाकर अपने सहकर्मियों की तरफ चेहरा करके खांसा। ह्यचैनल न्यूज एशिया' की खबर के अनुसार, सजा सुनाए जाने के दौरान दो अन्य आरोपों पर विचार किया गया। अदालत को सूचित किया गया कि घटना के वक्त तमिलसेल्वम लियोंग हुप सिंगापुर' कंपनी में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत था। खबरों के मुताबिक, 18 अक्टूबर 2021 की सुबह '6 सेनोको वे' में काम पर पहुंचने के बाद तमिलसेल्वम ने सहायक रसद प्रबंधक से कहा कि वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। इसके बाद उसका रैपिड एंटीजन टेस्ट (एआरटी) कराया गया, जिसमें उसके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट आने के बाद तमिलसेल्वम को घर लौटने का निर्देश दिया गया, लेकिन वह तुरंत घर नहीं गया और जांच रिपोर्ट के बारे में बताने के लिए कंपनी के सहायक रसद प्रबंधक के पास पहुंच गया।

### शैडो बैंकिंग की वजह से डूब रहा चीन का रियल एस्टेट सेक्टर, दुनिया की बढ़ गई टेंशन

**वाशिंगटन।** वर्ल्ड की दूसरी बड़ी इकॉनमी चीन की गिरती अर्थव्यवस्था ने दुनियाभर को टेंशन में डाल दिया है। अगर चीन की अर्थव्यवस्था इसी तरह गिरती रही तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ना भी लाजिमी है। चीन की खस्ता हालत के पीछे सबसे बड़ी वजह रियल एस्टेट सेक्टर यानि सम्पति बाजार को माना जा रहा है। एख रिपोर्ट के अनुसार चीन की इकॉनमी में वहां के रियल एस्टेट का एक चौथाई योगदान है। लेकिन भारी कर्ज के बोझ तले दबी चीन की रियल एस्टेट कंपनियां दम तोड़ रही हैं। चीन में मची उथल-पुथल के बीच शैडो बैंकिंग टर्म चर्चा में है जो देश की इकॉनमी पर असर डाल रही है। चीन के रियल एस्टेट मार्केट को एक बार फिर से शैडो बैंकिंग ने हिलाकर रख दिया है। लगभग पिछले 10 सालों से चीन में शैडो बैंकिंग ने विस्फोटक वृद्धि दर्ज की है। चीन का रियल एस्टेट सेक्टर शैडो बैंकिंग से प्रभावित दिख रहा है। चीन का प्रॉपर्टी मार्केट उनकी इकॉनमी में एक चौथाई की हिस्सेदारी रखता है। यह सेक्टर फिलहाल शैडो बैंकिंग से प्रभावित दिख रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने मंदिर की दीवारों पर अभद्र टिप्पणियों का दोष हिंदूओं के ही सिर मढ़ा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य की पुलिस ने इस वर्ष 3 मार्च को ब्रिस्बेन शहर में हिंदू मंदिर की दीवार पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ एवं 1984 के दंगों के संबंध में दीवारों पर लिखी गई आपत्तिजनक बातों के लिए खुद हिंदू समुदाय का हाथ होने का संदेह जताया है। हिंदू समुदाय के कुछ लोगों ने आरोप लगाया था कि कुछ खालिस्तानी समर्थकों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बयान जारी करते हुए बताया कि जांच में पाया गया कि जिस समय यह घटना घटित हुई, उस समय सी.सी.टी.वी. कैमरे बंद थे। इसके अलावा उन्हें वारदात का कोई भी चश्मदीद गवाह नहीं मिला और शिकायतकर्ता हिंदू सुमदाय के लोग कोई भी सबूत प्रस्तुत नहीं कर सके जिससे इन्हीं लोगों में से कुछ शरारती तत्वों के घटना में शामिल होने का संकेत है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा काम सोची-समझी साजिश के तहत हिंदू- सिख भाईचारे में दरार डालने और देश का माहौल खराब करने के लिए किया गया हो सकता है इसलिए इस केस की फाइल इस जांच के बाद बंद की जा रही है। इस वर्ष जनवरी से अब तक देश में ऐसी कुल 4 घटनाएं हो चुकी हैं।

**गोलीबारी** | अजरबैजान का आर्मेनिया के खिलाफ युद्ध का ऐलान

# नागोर्नो-काराबाख पर फिर किया आक्रमण

**एजेंसी। बाकू**



अजरबैजान ने आर्मेनिया के खिलाफ एक बार फिर जंग का ऐलान कर दिया है। अजरबैजानी सेना आर्मेनिया के कब्जे वाले में घुस चुकी हैं। बताया जा रहा है कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच भीषण गोलीबारी जारी है। अजरबैजानी रक्षा मंत्रालय का दावा है कि उसने आक्रमण की जानकारी रूस और तुर्की को दे दी है। पिछले कुछ महीनों से दोनों देशों में तनाव चरम पर था। आर्मेनिया और अजरबैजान दोनों ने कई मौकों पर एक दूसरे पर गोलीबारी करने का आरोप लगाया था। तब आर्मेनिया ने दावा किया था कि अजरबैजानी सेना रूस की स्टाइल में आक्रमण की प्लानिंग कर रही है। दोनों देश अगस्त 2020 में तीन महीने की भीषण युद्ध लड़ चुके हैं। इस युद्ध में लगभग 7000 लोगों की मौत हुई थी, जिसमें सैनिक भी शामिल थे। ग्रीक सिटी टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अजरबैजान ने आर्मेनियाई नागोर्नो-काराबाख में एक सैन्य ऑपरेशन शुरू करने की घोषणा की है। इसका मकसद नागोर्नो-काराबाख को आर्मेनिया के कब्जे से पूरी तरह से मुक्त करना है। नागोर्नो-काराबाख की राजधानी स्टेपानाकर्ट वर्तमान में अजरबैजानी सेना के तोपखाने की गोलीबारी का सामना कर रही है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, शोश गांव के पास और एस्केरन जिले में भी गोलाबारी हो रही है। अजरबैजानी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रूसी शांति सेना कमान और तुर्की-रूसी निगरानी केंद्र नेतृत्व को नागोर्नो-काराबाख के स्वदेशी अर्मेनियाई लोगों के खिलाफ हमला शुरू करने की उनकी योजना के बारे में विधिवत सूचित किया गया था। आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच 4400 वर्ग किलोमीटर में फैले नागोर्नो-काराबाख नाम के हिस्से को लेकर विवाद है। नागोर्नो-काराबाख अंतरराष्ट्रीय रूप से अजरबैजान का हिस्सा है लेकिन उस पर आर्मेनिया के जातीय गुटों का कब्जा है। 1991 में इस इलाके के लोगों ने खुद को अजरबैजान से स्वतंत्र घोषित करते हुए आर्मेनिया का हिस्सा घोषित कर दिया। उनके इस हरकत को अजरबैजान ने सिरे से खारिज कर दिया। इसके बाद दोनों देशों के बीच कुछ समय के अंतराल पर अक्सर संघर्ष होते रहते हैं। सोवियत संघ के विघटन के बाद आर्मेनिया और अजरबैजान स्वतंत्र मुल्क बनें।

### ऋषि सुनक को भारत में मिले सम्मान पर बौखलाए खालिस्तानी

**ब्रिटेन।** जी 20 सम्मेलन में भाग लेने आए यू.के. के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को भारत में मिले सम्मान से यू.के. के खालिस्तानी बौखलाए हुए हैं। सुनक के वतन वापसी पर सिख फैडरेशन यू.के. के गठन की 20वीं वर्षगांठ के संबंध में बर्मिघम के गुरुद्वारा स्मैदिक में आयोजित एक कांक्रम के दौरान यूके में भी सिख समुदाय को कनाडा की तरह बड़ी राजनीतिक ताकत के तौर पर उभारने पर विचार चर्चा हुई। गौरतलब है कि कनाडा में 2021 के चुनाव में भारतीय मूल के 17 सांसद चुने गए थे और इनमें से अधिकतर सांसद सिख समुदाय के हैं और कनाडा की जस्टिन टूडो सरकार में भी कई सिख मंत्री शामिल हैं। यही कारण है कि सिख समुदाय का समर्थन करने के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूटी कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को पनाह दे रहे हैं और खुलेआम खालिस्तानी रिफ्रेंडम करवाया जा रहा है।

# सामाजिक हादसे व रिश्ते

***झारखंड*** के महुआडांड़ में पिछले दिनों कलयुगी बेटे ने सुपारी देकर अपने पिता की हत्या करा दी। मामला संपत्ति विवाद का बताया जा रहा है। पिता रिटायर्ड शिक्षक थे। इस बात का खुलासा एसडीपीओ ने कर दी है। सेवानिवृत्त शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की हत्या का खुलासा तकनीकी अनुसंधान एवं लोकेशन ट्रेस के जरिये की गयी। अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि मृतक लकड़ा तथा उनके बड़े पुत्र मनोज लकड़ा के बीच जमीन जायदाद एवं पेशन के बंटवारे को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इस संबंध में पूछताछ में स्वीकारोक्ति बयान में मनोज लकड़ा ने बताया कि वह जमीन जायदाद एवं पेशन को पूरा अपने नाम कराना चाह रहा था। मनोज लकड़ा ने सुनियोजित तरीके से सर्वप्रथम अपने पिताजी क्लेमेंट लकड़ा की हत्या करवाने के लिए महुआडांड थाना के ग्राम हामी के रहने वाले अपने दोस्त अशोक राम पिता नंकु राम से 1 लाख 20 हजार रुपये में सौदा किया। दूसरी ओर पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत भालोगाड़ी में गत दिनों कुएं से मिले सुरेन्द्र साव उर्फ विदेश साव के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सुरेन्द्र साव की हत्या के आरोप में पत्नी चिंता देवी और उसकी बेटी पूजा कुमारी को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ के अनुसार इस मामले में मृतक की पत्नी चिंता देवी ने शव मिलने के बाद बिना किसी पर शक संदेह जाहिर किए आवेदन देकर यूडी कांड दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि सुरेन्द्र एवं बेटी के साथ शराब के नशे में मारपीट की थी। इसके बाद सुरेन्द्र की पत्नी चिंता एवं बेटी पूजा ने घर में रखी महुआ शराब की बोतल में जहरीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। साथ ही शव को घर में जलावन की लकड़ी में छुपाकर रख दिया। बाद में मौका देखकर शव को कुएं में डाल दिया। दोनों आरोपितों ने गुनाह कबूल लिया है। तीसरी घटना डायन बिसाही के मामले में खूंटी में हुई। जिसमें सात आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये। भानु मुंडा की हत्या डायन बिसाही के अंधविश्वास में की गई थी। ये तीनों घटनायें मानवता के नाम पर कलंक हैं। आज के भौतिकवादी युग में सारे रिश्ते टूट रहे हैं। जीवन यात्रा की पगडंडियों में अनेक उबड़-खाबड़ रास्ते बन गये हैं। जिस पर जहरीले घासों ने डेरा जमा लिया है। जो चलते फिरते आदमी को अपना ग्रास बना बना रहे हैं। आज ऐसे विनाश लीला की पटकथा लिखे जा रहे हैं,जिस पर विश्वास करना मुश्किल है। लेकिन विश्वास की पाठशाला में ऐसे शिक्षकों ने डेरा जमा लिया है,जहां से शिक्षा का विनाश निश्चित है। समाज का बड़ा तपका आज भी अंधविश्वास के मकड़जाल में इस हद तक उलझा हुआ है,जिसे निकालना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। आदमी के गिरने की सीमा का अंत आखिर कब होगा? यह महत्वपूर्ण सवाल है। जिस बेटे को एक पिता अपना सारा जीवन उसकी खुशी के लिए न्योछावर कर देता है, उसकी हत्या वह आखिर कैसे कर देता है। यह सवाल किसी भी व्यक्ति को विचलित कर सकता है। ऐसे में उगने वाले सूरज से यह बात जरूर पूछा जाना चाहिए कि उस पिता का क्या कसूर था कि उसकी हत्या चंद पैसों के लिए कर दी जाती है। यह गिरते समाज की एक बानगी है। संयुक्त परिवार की परिभाषा आज बदल गयी है।

**दूसरी ओर पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत भालोगाड़ी में गत दिनों कुएं से मिले सुरेन्द्र साव उर्फ विदेश साव के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सुरेन्द्र साव की हत्या के आरोप में पत्नी चिंता देवी और उसकी बेटी पूजा कुमारी को गिरफ्तार किया है।**

# महिलाओं को सशक्त बनाने पर सर्वसम्मति






इंदीवर पांडे

***वैश्विक*** राजनीतिक एवं कूटनीतिक परिदृश्य में कुछक्षण ऐसे भी आते हैं, जो आशा और उन्नंति की किरण साबित होते हैं। जी-20 नेताओं का वर्ष 2023 का नई दिल्ली घोषणा पत्र भी ऐसी ही एक युगांतकारी घटना है, जो दुनिया भर में महिला-पुरुष समानता तथा लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के नेताओं ने जी-20 महिला मंत्रिस्तरीय सम्मोलिन का समर्थन करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित एक कार्य समूह के गठन पर सहमति प्रकट की। यह उपलब्धि महिला-पुरुष समानता के महत्व को स्वी कार करने और वैश्विक स्तर पर महिला-पुरुष असमानताओं को दूर करने की तत्काल ध्याान देने योग्य आवश्यकता को गहन रूप से प्रतिध्वमनित करती है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्रधानमंत्री नरेन्द्रक मोदी के 'अमृतकाल' के विजन से प्रेरित रहा, जहां अर्थव्यवस्था और समाज के सभी क्षेत्रों में 'नारी शक्ति' को सराहा जाता है। इस विजन के आधार परभारत की जी-20 की अध्यक्षता ने पहली बार महिलाओं के विकास की जगह,अपना ध्याान 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' पर केंद्रित किया। महिला-पुरुष समानता के पक्षधर दशकों से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वैश्विक एजेंडे में सबसे आगे लाने का प्रयास करते आए हैं। उनकी यह यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण रही हैऔर उन्हेंक इस रास्ते में अनेक अड़चनों का सामना करना पड़ा है। अपने2023 के घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्रीय विषय के रूप में शामिल करने का जी-20 का सर्वसम्मत निर्णय दुनिया भर के नेताओं, सरकारों, सिविल सोसाइटी और हितधारकों के अथक प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दुनिया भर में महिलाओं के समक्ष आने वाले सबसे प्रासंगिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए जी-20 और अतिथि देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों और वक्ताओं के अलावा महिला पथप्रदर्शकों, उद्यमियों, नवोन्मेशषियों, वैज्ञानिकों, जमीनी स्तर की महिला नेताओं तथा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, निजी क्षेत्र, सिविल सोसाइटी, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों को एक मंच पर लाया। मंत्रालय द्वारा निर्धारित चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें शिक्षाः महिला सशक्तिकरण के प्रति आमूल-चूल बदलाव लाने वालामार्ग, महिला उद्यमिताः इक्विटी और अर्थव्यवस्था के लिए लाभपूर्ण स्थिति, जमीनी स्तर सहित सभी स्तरों पर महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारियां करना तथा जलवायु अनुकूलन कार्रवाई में महत्व पूर्ण भूमिका निभाने वालों में महिलाएं और लड़कियां-शामिल हैं। इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वएपूर्ण विषय रहा है। इन क्षेत्रों पर जी-20 एम्पॉवर पहल और सहभागिता समूह द्वारा चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। इन बैठकों के मुख्य निष्कर्षों ने महिला-पुरुष समानता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धताओं को प्रतिबिंबित किया, जिन्हें महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अध्यक्ष के वक्तव्य में अंगीकार किया गया और अंततः उसे जी-20 नेताओं के घोषणापत्र में पुख्ता स्थान दिया गया। यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है! अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ सर्वसम्मदति कायम करना और बातचीत करना कठिन कार्य रहा। विकासशील देशों की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुद्दे प्रायः विकसित देशों के साथ समान रूप से प्रतिध्वननित नहीं होते। प्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि जी-20 विमर्श में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और उद्यमिता के निष्कनर्षों को जमीनी स्तर की महिला सामुदायिक नेताओं को शामिल किए बिना पूरा नहीं किया जा सकता। 'सर्वोत्तम कार्यप्रणाली प्लेबुक' (या बेस्ट प्रैक्टिसेज प्लेबुक) की विरासत में 'स्थानीय स्तर पर महिला उद्यमियों और नेताओं का समर्थन' नामक एक नया फोकस क्षेत्र जोड़कर इसे समर्थन दिया गया। इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा। डिजिटल जेंडर डिवाइड को पाटने की प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रतिबद्धता ने 2 से 4 अगस्त, 2023 तक आयोजित एमसीडब्ल्यूई के दौरान महिलाओं के डिजिटल कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अभूतपूर्व 'टेक इक्विटी' प्लेटफॉर्म के शुभारंभ में योगदान दिया। इसके अलावा, इसकी निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल कौशल मंच की पहुंच का विस्तार करने के वास्तो एमसीडब्ल्यूई में जी-20 देशों के साथ साझेदारियां स्थापित की गईं। यह प्लेटफॉर्म 120 से अधिक भाषाओं में उपलब्धहै और जी-20 देशों की लड़कियां और महिलाएं अपने करियर में उन्नईति के क्रम में तेजी लाने के लिए डिजिटल स्किलिंग और अपस्किलिंग पाठ्यक्रमों में अब अपना पंजीकरण करा सकती हैं।

एक अन्य ठोस परिणाम मेंटरशिप प्लेटफॉर्म रहा। इसे एक वैश्विक नखलिस्तान माना जा सकता है, जहां जी-20 देशों की महिला परामर्शदाता अपने अनुभवों और विशेषज्ञता को प्रशिक्षुओं के साथ साझा करती हैं, ताकि समस्ती महिलाओं के सशक्तिकरण के सामूहिक विजन को साकार किया जा सके। प्रेरक कहानियां वास्तविक जीवन के उदाहरणों के जरिए सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हुए शक्तिशाली रोल मॉडल का काम करती हैं। पहली बार, भारत की अध्यक्षता में जी-20 एम्पॉवर वेबसाइट 9 देशों की 73 प्रेरक कहानियों के लिए एक ऐसा मंच बन गई, जिसने जी-20 देशों में कामयाबी का परचम लहराने वाली महिलाओं की शानदार यात्राओं को वृत्त चित्रित किया।

भारत की जी-20 की अध्यबक्षता ने स्वीकार किया कि नीतियों और रणनीतियों को सही मायने में प्रभावपूर्ण बनाने के लिए उनसे जुड़ी चर्चाओं में नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है, जिसके चलते जी-20 विमर्श में 'जनभागीदारी'की भावना को सम्मिश्रित किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पहल और सहभागिता समूहों के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को रेखांकित करने वाले वॉकथॉन से लेकर फ्लैश मॉब तक के आयोजनों के माध्यम से 300,000 से अधिक नागरिकों को सफलतापूर्वक साथ जोड़ा। मंत्रालय ने स्थानीय महिला कारीगरों, शिल्पकारों और महिला उद्यमियों को अपने उत्पाद और कौशल प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रदर्शनियों का आयोजन किया, जिससे भारत की जी-20 की अध्यलक्षता वास्तव में जनता का कार्यक्रम बन गई। जी-20 नेताओं का 2023 का नई दिल्ली घोषणापत्रकेवल आशा की किरण भर ही नहीं है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी है। यह देशों को बयानबाजी से आगे बढ़ने और महिला-पुरुष समानता की दिशा में सार्थक कदम उठाने की चुनौती देता है।

**श्री इंदीवर पांडे, सचिव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।**

**महिला-पुरुष समानता के महत्व को स्वी कार करने और वैश्विक स्तर पर महिला-पुरुष असमानताओं को दूर करने की तत्काल ध्याान देने योग्य आवश्यकता को गहन रूप से प्रतिध्वमनित करती है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

**धर्मराज** (यम) के दरबार में क्या होता है? मनुष्य की आयु पूर्ण होने पर यमदूत आत्मा को शरीर से जबरन निकालकर अपने साथ ले जाते हैं। व्यक्ति असहाय होकर मृत्यु को प्राप्त होता है। उसके अपने रिश्तेदार और सगे संबंधी भी मृत्यु को निकट आया देखकर भी कुछ नहीं कर पाते हैं। यम के दूत आत्मा पर बहुत अत्याचार करते हैं। जो लोग अपना पूरा जीवन नशा, भ्रष्टाचार, मांस खाने, महिलाओं को बुरे इरादे से देखने, जुआ खेलने, शराब या हुक्का पीने, धूम्रपान आदि करने और शास्त्रविरुद्ध पूजा करने में बर्बाद कर देते हैं, उन्हें बहुत कष्ट होता है। इसका उल्लेख सूक्ष्म वेद में भी किया गया है। संशय सोख सराय में सूतक दिन रति और जीवित जग में जूती पड़े फिर जम तोड़े छाती कबीर परमेश्वर अपनी इस अमृत वाणी में बता रहे हैं कि बिना सतभक्ति के जीव को काल के इस लोक में बहुत कष्ट है और मृत्यु के बाद धर्मराज (यम)/यमराज के दूत अर्थात यमदूत उसे अपने साथ ले जाते हैं और आत्माओं को विभिन्न प्रकार की यातनाएं देते हैं। यम के दूत आत्माओं को जिस रास्ते से होकर धर्मराज (यम) के दरबार में ले जाते हैं वो तेज आग की लपटों की तरह तप रहा होता है। आत्मा को उस पथ पर नंगे पैर चलना पड़ता है और अत्यधिक कष्टदायक गर्मी को सहन करना पड़ता है। रास्ते में जाते हुए ये आत्माएं कुछ आत्माओं को पकवान खाते हुए देखते हैं। जिन आत्माएं ने दान धर्म किया होता है, उनके साथ अच्छा व्यवहार भी होता है। भूखी कष्ट भोगती आत्माएं उन सुखी आत्माओं से भोजन मांगते हैं लेकिन यमदूत उन्हें नहीं लेने देते। जब आत्मा प्यासा हो जाता है और पानी मांगता है तो यमदूत उसे पानी भी नहीं पीने देते। यह अनुभव पीड़ित आत्मा के लिए बहुत दर्दनाक होता है। ***(क्रमशः)***

# सनातन है जीवन का आमंत्रण



गिरीश्वर मिश्र

***यह*** भारत का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि 'सनातन' और 'धर्म' जैसे अत्यंत व्यापक आशय वाले सदाशायी विचारों को लेकर अर्थ का अनर्थ करने वाली चर्चाएं चल रही हैं। इन अवधारणाओं का अवमूल्यन हो रहा है। पहले बिना जाने बूझे इन्हें 'विज्ञान विरोधी' कहा गया था और उसे आडम्बर और ढोंग की श्रेणी में रख व्यर्थ मान लिया गया। भौतिक और आध्यात्मिक की दो श्रेणियाँ बनाई गई। इसके साथ यथार्थ और कल्पित का भेद किया गया। शरीर और आत्मा के रिश्ते को विच्छिन्न कर दिया गया। हो होता है उसका एक ही स्वरूप है। वह सिर्फ. वस्तु है। फलतः सब कुछ को वस्तु की श्रेणी में रखा गया। अब राजनीति की सहूलियत देखते हुए उसमें अनेक दूसरे दोष देखे जा रहे हैं। 'सनातन धर्म' को लेकर उसे उसके मूल भाव से काट कर उस पर तोहमत जड़ कर उसकी छवि धूमिल करने की कोशिश हो रही है। इस तरह की कोशिश स्वस्थ और परिपक्व मानसिकता की जगह संकुचित मनोवृत्ति और धर्म तथा सनातन धर्म के वास्तविक विचार से अपरिचय को ही व्यक्त कर रही हैं। नई पीढ़ी के प्रबुद्ध और सुशिक्षित राजनेताओं से कदापि ऐसी आशा न थी। कदाचित यह हमारी शिक्षा से उपजी उस सतही सोच-विचार को व्यक्त करने वाली प्रवृत्ति का फल है जो सुनी-सुनाई बातों और नकल के भरोसे अपना काम चलाती है। उससे निकले महत्वाकांक्षी राजनीति के नए किरदारों को शब्दों के सही अर्थ और सही प्रयोग से कोई खास सरोकार नहीं है। इसकी कोई दरकार नहीं है। उनको इस बात की कोई चिंता नहीं है कि कही-सुनी जा रही बात में सत्य कितना है। उन्हें संभवतः जल्दी है क्योंकि राजनीति में जगह बनाने की हड़बड़ी है। उनकी दृष्टि सिर्फ मतदाताओं पर टिकी है और उनके तर्क का प्रयोजन सीमित और क्षणिक है। ऐसे में तात्कालिक हस्तक्षेप के लिए नेताओं द्वारा शब्दों और विचारों का मनचाहा अर्थ गढ़ने और अपने मनचाहे अर्थ को थोपने की तमाम चेष्टाएँ होती रहती हैं। आज की भाषाई गतिविधियों में राजनीति के गलियारों में शब्दों के मनचाहा प्रयोग और दुष्प्रयोग का चलन सबका ध्यान आकर्षित कर रहा है। साल में लगभग लगातार होते रहने चुनाव टी वी चैनलों और दूसरे मीडिया के उपक्रमों पर ऐसे प्रयोग ज्यादा ही बढ़ते जा रहे हैं। कभी-कभी ये वातार्लाप निराधार आरोप प्रत्यारोप के बीच अवांछित अभिव्यक्तियों का रूप ले लेते हैं चाहे बाद में उसके लिए क्षमा-याचना ही क्यों न करनी पड़े। कहने के बाद वही लोग मुकरने लगाते हैं और यह कह कर अपना पिंड छुड़ाने लगते हैं कि 'मेरे वक्तव्य को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है' या फिर 'मेरे कहने का यह आशय नहीं था, या उसे गलत संदर्भ में रख कर पेश किया गया है' आदि आदि। बहरहाल शब्द और भाषा को लेकर जन प्रतिनिधियों के बीच गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने की घटनाएँ आज एक आम बात होती जा रही है। चूँकि भाषा एक बेहद लचीला संवाद-माध्यम है इसलिए बोलने में अनपेक्षित छूट ले लेना आसान होता है। भारतीय संविधान अपने नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। उस स्वतंत्रता का अभेद्य कवच सबकी मदद के लिए उपलब्ध रहता है और उसकी परिधि की व्याख्या की कोई सीमा भी तय नहीं है न हो सकती है। उसका लाभ उठा कर कई नेता और मंत्री अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। वाद विवाद की ऐसी घटनाओं में जनता के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों और देश की समस्याओं को छोड़ कर अब एक दूसरे का चरित्र-हनन भी शामिल हो गया है। देश और समाज को पीछे छोड़ व्यक्तियों की सत्तादौड़ राजनैतिक विमर्श का केंद्र होता जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में राजनैतिक वर्चस्व की स्थापना में बढ़त पाने के लिए कुछ नेताओं ने मीडिया में 'सनातन' के विचार से असंतोष जाहिर किया है और उसमें सभी दोषों का दर्शन करते हुए उसे निकृष्ट दर्शाने की चेष्टा की है। यदि उसी को मानें तो सनातन के विचार को अपनाने वाले भी उसी निकृष्ट कोटि में पहुँच जाते हैं। परंतु उनकी यह चेष्टा इस अर्थ में बेमानी हो जाती है कि यह उसी भेद-भाव को प्रदर्शित और पोषित करती है जिसके लिए गैर सनातनी महाशय सनातन को जिम्मेदार ठहराते हुए उसकी भर्त्सना करते नहीं अघा रहे हैं। अपनी घोषणा करते हुए वे भूल जाते हैं कि सनातन का आशय नित्य, निरंतर, अखंड और समग्र होता है और जो सार्वभौमिक हो। चाह कर भी कोई उससे पीछा नही छुड़ा सकता। सनातन सबका है और सबके लिए है। सनातन का विचार समावेशी और सर्वव्यापी अस्तित्व है।

**पहले बिना जाने बूझे इन्हें 'विज्ञान विरोधी' कहा गया था और उसे आडम्बर और ढोंग की श्रेणी में रख व्यर्थ मान लिया गया। भौतिक और आध्यात्मिक की दो श्रेणियाँ बनाई गई।**

आस्था

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# लोकतंत्र की सफलता के लिए स्वस्थ बहस होना जरूरी



किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तरपर पूरी दुनियां की नजरें भारत के 18 - 22 सितंबर 2023 से शुरू हुए विशेष सत्र पर लगी हुई है कि किस तरह यह सत्र सफलताओं के नए-नए आयामों की रूपरेखा पर मोहर लगतीहै, क्योंकि 142 करोड़ भारतवासियों की बौद्धिक क्षमता से पूरी दुनियां वाविब है कि किस तरह प्रौद्योगिकी, तकनीकी विज्ञान साइंस से लैस यह अभूतपूर्व जनसंख्याकियतंत्र की विशाल शक्ति पूरी दुनियां को हैरत अंगेश करने वाली सफलताओं के झंडे चुटकियों में गाढ़ सकते हैं, क्योंकि आज भारत की विकास यात्रा के कुशल नेतृत्व के हाथों से नीतियों रणनीतियों और विजन 2047 के रास्ते पर चल पड़ा है, जिसने अपने स्वर्ण काल की यात्रा में विश्व गुरु बनने का एजेंडा सेट किया हुआ है ऐसे भारत का यह विशेष सत्र छोटा परंतु ऐतिहासिक फैसलों का यादगार सत्र होगा, क्योंकि दिनांक 18 सितंबर 2023 को देर रात केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों की बैठक में महिला आरक्षण बिल 33 परसेंट पारित किया गया है, उम्मीद है यह बुधवार 20 सितंबर 2023 को पेश होगा। नए आयामों की शुरूआत नए संसद भवन की विकास की नई गाथाएं लिखने के साथ शुरू होगी। बता दें इस सत्र का प्रथम दिवस भारत के 75 वर्षों की यात्रा के लोकतांत्रिक परंपराओं प्रक्रियाओं के उत्तम सृजन के यादगार पलों को याद किया गया और 19 से 22 सितंबर 2023 को अधिसूचित चार विधेयकों परचर्चा होगी जिसमें इतिहास रचा जाएगा। क्योंकि इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल सहित कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित होने की अभूतपूर्व संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकतंत्र की सफलता के लिए स्वस्थ बहस होना जरूरी है नए संसद भवन से नए भारत के स्वर्णिम काल की यात्रा शुरू करने का संकल्प लेना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 18 सितंबर 2023 को देर रात कैबिनेट में पारित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक की करें तो, बैठक में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिल गई है, हालांकि अभी इसका अधिकारिक ऐलान होना बाकी है। संसदीय कार्य मंत्री के ट्विटर हैंडल से जानकारी आ गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बिल को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन तमाम कयासों को दरकिनार करते हुए केंद्रीय कैबिनेट ने आखिरकार 33 फीसदी महिला आरक्षण को मंजूरी दे दी।अब इस मंजूरी के बाद महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में पेश किया जाएगा।बता दें कि करीब 27 सालों से महिला आरक्षण बिल लंबित है, इस मुद्दे पर आखिरी बार कदम 2010 में उठाया गया था, मौजूदा लोकसभा में 78 महिला सांसद हैं, जो कुल संख्या 543 का 15 प्रतिशत से भी कम हैं अगर ऐसा हुआ तो इससे पुरुषों राजनीतिज्ञों के सियासी हितों पर बड़ा कुठाराघात होगा। विपक्ष इस विधेयक को पारित कराने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर सकता है। साथियों बात अगर हम पुरानें संसद भवन से विदाई की करें तो 17 सितंबर 2023 को राज्यसभा बुलेटिन के अनुसारलोकसभा में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह सभी सदस्यों की पुरानी संसद के सामने ग्रुप फोटो ली गई। राज्यसभा में भी इसे लेकर बुलेटिन जारी किया गया। इसमें बताया गया था और मंगलवार (19 सितंबर) को सुबह 9:30 बजे से पार्लियामेंट हाउस के गेट नंबर 1 और सेंट्रल हॉल के बीच कोर्टयार्ड 1 (आंगन) में राज्यसभा और लोकसभा के सदस्यों की ज्वाइंट फोटोग्राफ ली गई। वहीं, राज्यसभा सदस्यों की भी ज्वाइंट फोटोग्राफ ली गई। इसके लिए सभी सदस्यों से सुबह 9.15 बजे मौके पर पहुंचने पहुंचे थे राज्यसभा के महासचिव ने भी दोनों सदनों के सदस्यों से अनुरोध किया था कि वे भारतीय संसद की समृद्ध विरासत को मनाने के लिए एकजुट हों। उन्होंने कहा था कि सभी सदस्य 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। साथियों बात अगर हम 18 सितंबर 2023 को राज्यसभा के सभापति माननीय उपराष्ट्रपति के संबोधन की करें तो उन्होंने भारतीय संसद की 75 साल की अनवरत यात्रा के महत्व पर बल दिया और उन उपलब्धियों, अनुभवों, यादों और शिक्षण पर प्रकाश डाला जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय लोकतंत्र में जनता की अटूट आस्था और अटूट विश्वास को रेखांकित करते हुए, जोर देकर कहा, हमारे लोकतंत्र की सफलता हम भारत के लोगों का एक सामूहिक, ठोस प्रयास है।

**नये आयामों की शुरूआत नये संसद भवन की विकास की नई गाथाएं लिखने के साथ शुरू होगी। बता दें इस सत्र का प्रथम दिवस भारत के 75 वर्षों की यात्रा के लोकतांत्रिक परंपराओं प्रक्रियाओं के उत्तम सृजन के यादगार पलों को याद किया गया।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# क्रिप्टो में निवेश से पहले करें ये काम, वरना हो जाएंगे कंगाल

हाल के वर्षों में क्रिप्टो करेंसी में निवेश बहुत लोकप्रिय हो गया है। हर महीने अधिक से डिजिटल मुद्राएं जोड़ी जा रही हैं। रोज ही नए नए लोग इन आभासी मुद्राओं के प्रति आकर्षित हो रहे हैं और भारी मुनाफा देखकर उसमें निवेश को आतुर हो जाते हैं। पर यह भी ध्यान में आ रहा है कि क्रिप्टो में सभी को लाभ नहीं मिलता बल्कि बहुत से लोग ठगे भी जा रहे हैं। यदि आप क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने का निर्णय लेते हैं तो सबसे पहले विचार करने वाली चीजों में से एक यह है कि अपनी कीमती डिजिटल संपत्तियों को कैसे स्टोर किया जाए। एक तरीका क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज पर क्रिप्टो करेंसी खरीदना और स्टोर करना है, जो एक ब्रोकिंग सेवा के समान है। यह क्रिप्टो करेंसी खरीदने और बेचने के लिए उपकरण प्रदान करती है। आपकी आवश्यकताओं के लिए सही क्रिप्टो एक्सचेंज चुनना महत्वपूर्ण है। ऐसे में क्रिप्टों में पैसा लगाने से पहले ही आपको एक अहम काम जरूर करना चाहिए और वो अहम काम है कि आपको सोच-समझ कर अपने क्रिप्टो एक्सचेंज का चुनाव करना चाहिए। कहीं भी अपनी पूंजी के निवेश के समय पहला और आवश्यक कदम घोटालों और धोखाधड़ी से सावधान रहना ही होता है। चूंकि आप डिजिटली या आभासी माध्यम से निवेश करते हैं तो क्रिप्टो करेंसी निवेश की दुनिया में घोटाला और धोखाधड़ी आम बात है। पहले ही कई डिजिटल मुद्रा एक्सचेंजों को हैक किया गया या उनके साथ समझौता किया गया है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि आपके जरिए चुना गया एक्सचेंज सरकार के जरिए निगरानी किया जाने वाला एक वैध कारोबार है। इसके लिए जरूरी है कि एक्सचेंज से जुड़े भौतिक पते की तलाश करें और यदि कोई स्थायी या जमीनी पता उपलब्ध नहीं है तो ऐसे एक्सचेंज का उपयोग न करें। क्रिप्टो करेंसी के एक्सचेंजों को चुनते समय उसकी प्रतिष्ठा और उसका इतिहास भी काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।



रविन्द्र आर्य

ऐसे में किसी भी एक्सचेंज पर अकाउंट बनाने से पहले जिस एक्सचेंज पर आप विचार कर रहे हैं उस पर गहन शोध करें। जांचें कि अन्य उपयोगकर्ता एक्सचेंज के बारे में क्या कहते हैं, क्या पहले कोई पूंजी की सुरक्षा या अन्य सिक्योरिटी की समस्याएं रही हैं और एक्सचेंज ने उन समस्याओं का समाधान कैसे किया? यदि किसी क्रिप्टो एक्सचेंज में हैक या उल्लंघन हुआ है, तो उसका चुनाव करने से बचें। यह भी समझना होगा कि क्रिप्टो में खाता बनाना जितना कठिन है, समझिए कि वह उतना ही सुरक्षित है। यदि अकाउंट बनाना बहुत आसान है, तो यह समझ लेना चाहिए कि वह एक्सचेंज बहुत सुरक्षित नहीं है।

यह सावधानी बरतनें के बावजूद यदि आपकी डिजिटल संपत्ति चोरी हो जाती है तो आपको अपने पैसे का पता लगाने और उसे वापस पाने में कठिनाई हो सकती है। ऐसे में आपके द्वारा चुने गए एक्सचेंज के बावजूद, अपनी अधिकांश डिजिटल संपत्तियों को कोल्ड वॉलेट जैसी ऑफलाइन स्टोरेज सेवा में रखना एक अच्छा विचार है। इसके अलावा, आपको ऐसे क्रिप्टो एक्सचेंजों का चयन करना चाहिए जो उच्चतम स्तर की सुरक्षा के लिए 2 फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2ERY E) सुविधा और केवाईसी प्रदान करते हैं। अधिकांश क्रिप्टो एक्सचेंज में कुछ प्रकार का लेन-देन शुल्क शामिल होता है। ये लेन-देन के आकार पर आधारित हो सकते हैं, आपकी गतिविधि के स्तर पर निर्भर हो सकते हैं। इन फीस के बारे में जानें और समझें कि यह आपकी इंवेस्टमेंट शैली को कैसे प्रभावित करेगा। क्रिप्टो एक्सचेंज एक ब्रोकर की तरह ही काम करते हैं, जो उपयोगकताओं को कम शुल्क के बावजूद आसानी से क्रिप्टो करेंसी खरीदने और बेचने का विकल्प देता है। एक्सचेंज आपकी डिजिटल संपत्तियों के लिए सुरक्षा और भंडारण विकल्प भी प्रदान करते हैं। हालांकि, इन क्रिप्टो एक्सचेंज सेवाओं का सावधानी से और रिसर्च के साथ उपयोग करना महत्वपूर्ण है क्योंकि क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज अक्सर साइबर अपराधियों के निशाने पर होते हैं और आपराधिक हैकर्स के लिए भी यह सबसे अधिक निशाना बनाए जाते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि अपनी अर्जित जमा पूंजी को अधिक लाभ के लिए डिजिटल पूंजी में बदलने से पहले पूरी जांच पड़ताल कर लें। योग्य व सफल निवेशक से सलाह लेकर किसी सुरक्षित प्लेटफार्म के जरिए ही निवेश करें।

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान



हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इस कोर्स को करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना जरूरी है। कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

**जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट :** बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

**अहम है यह फील्ड :** हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

**हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स :** कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

**क्वालिफिकेशन :** हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

## यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद
इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता
आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
एम्स, नई दिल्ली

सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी।

❖ अनन्या मिश्रा

# एमबीबीएस स्टूडेंट्स के लिए एनएमसी ने जारी की नई गाइडलाइन अब इन छात्रों को नहीं मिलेगी डिग्री



मेडिकल कॉलेजों और स्टूडेंट्स के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन नियम तैयार करता है। समय-समय पर कमीशन मेडिकल छात्रों के लिए गाइडलाइंस भी जारी करता है। ऐसे में कमीशन की तरफ से एक और गाइडलाइंस जारी की गई है। मेडिकल कॉलेजों और स्टूडेंट्स के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन नियम तैयार करता है। एनएमसी मेडिकल संस्थाओं की निगरानी का भी काम करता है। समय-समय पर कमीशन मेडिकल छात्रों के लिए गाइडलाइंस भी जारी करता है। ऐसे में कमीशन की तरफ से एक और गाइडलाइंस जारी की गई है। बता दें कि अब एमबीबीएस छात्रों को फर्स्ट इयर की परीक्षा 4 सालों में और पूरी एमबीबीएस की पढ़ाई 10 सालों में पास करनी होगी। ऐसे में अगर कोई भी स्टूडेंट 4 वर्ष में फर्स्ट इयर और 10 वर्ष तक फाइनल इयर की परीक्षा पास नहीं कर पाता है। तो उस छात्र को कॉलेज से बाहर कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में छात्र का डॉक्टर बनने का सपना अधूरा रह जाएगा।

**जरूरी होगी बायोमेट्री :** बीते शनिवार को एनएमसी द्वारा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और प्राचार्यों की ऑनलाइन मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग में मेडिकल शिक्षा से जुड़े बड़े फैसले लिए गए। इसके साथ ही स्टूडेंट्स की बायोमेट्री को भी अनिवार्य किया गया है। नए नियम के अनुसार, साल शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नए मेडिकल कॉलेज 150 से अधिक एमबीबीएस सीटों की पेशकश नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा एनएमसी द्वारा हर दस लाख आबादी वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नए कॉलेजों के लिए 100 एमबीबीएस सीटों के अनुपात का पालन करना आवश्यक कर दिया है। एमएनसी द्वारा जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में मेडिकल क्षेत्र में अधिक पारदर्शिता लाने की जरूरत है। इसलिए वार्षिक प्रवेश क्षमता के लिए नए मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए अनुमति पत्र जारी किए जाएंगे। ऐसे में कॉलेजों के पास कम से कम 21 विभाग होना जरूरी है। वहीं नए कलेजों को कक्षाओं में अस्पताल और रोगियों की देखभाल के लिए एनएमसी नियंत्रण कक्ष में लाइव-स्ट्रीम करना होगा।

# एक-एक बूँद का हिसाब



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

> मेरे जीवन में उसका जीवन है लेकिन उसके जीवन में मेरा जीवन कतई नहीं। वह जो हुक्म करता है मैं उसमें हामी भरती हूँ। उसकी नजरों में - मैं औरत नहीं हूँ। पागल हूँ। मूर्ख हूँ। न समझने वाली नासमझ हूँ। फिर भी उसके साथ वोट देने जाती हूँ। संविधान में बराबर जो हूँ। किताबों में देवी कहलाने वाली अक्सर व्यवहार में दासी बनकर रहती हैं। शासन आचरण में शून्य और मखौल में सर्वोच्च होता है। साड़ी मैं पहनती हूँ रंग उसकी पसंद का होता है। खाना मैं खाती हूँ व्यंजन उसकी पसंद का होता है। मेरे बदन के हार्डवेयर में वह सॉफ्टवेयर बनकर बस गया है। न मर्जी से बैठ सकती हूँ। न उठ सकती हूँ। न चल सकती हूँ। न रुक सकती हूँ। केवल गाय की तरह सिर हिला सकती हूँ।

न वह सिगरेट पीता था। न शराब। न जुआ खेलता था। न कुछ। फिर भी वह मुझे मारता-पीटता था। मुझे आज पता चला कि कि मारने-पीटने का बुरी लतों से कोई संबंध नहीं होता। उसका संबंध तो कर्ता और कर्म पर निर्भर करता है। बहुत पहले व्याकरण में पढ़ा था - राम ने रावण को मारा। यहाँ राम अच्छाई रूपी कर्ता है जबकि रावण बुराई रूपी कर्म। मेरे मामले में बुराई रूपी कर्ता अच्छाई रूपी कर्म यानी मुझे मारकर भी परिवार के व्याकरण में सास-ससुर जैसे घटकों के बीच पुरुषत्व का व्याकरण सम्मत शुद्ध वाक्य बना बैठा है। मूँछ प्रधान परिवार में यही वाक्य शुद्ध कहलाता है। जबकि पल्लू ओढ़ने वाली पल्ला झाड़ने पर 'बोल्ड' कहलाती है। पल्लू ओढ़ने वाली से यही अपेक्षा की जाती है कि वह झुकना, रोना, धंसना जैसे शून्य प्रेरणार्थक क्रिया शब्दों से बंधी रहे। यदि उसमें तनिक भी प्रथम प्रेरणार्थक क्रियाएँ जैसे - झुकाना, रुलाना, धंसाना आदि का संचार हो जाए तो उसे घमंडी, विद्रोही, अलगाववादी की संज्ञा दे दी जाती है।

मेरे जीवन में उसका जीवन है लेकिन उसके जीवन में मेरा जीवन कतई नहीं। वह जो हुक्म करता है मैं उसमें हामी भरती हूँ। उसकी नजरों में - मैं औरत नहीं हूँ। पागल हूँ। मूर्ख हूँ। न समझने वाली नासमझ हूँ। फिर भी उसके साथ वोट देने जाती हूँ। संविधान में बराबर जो हूँ। किताबों में देवी कहलाने वाली अक्सर व्यवहार में दासी बनकर रहती हैं। शासन आचरण में शून्य और मखौल में सर्वोच्च होता है। साड़ी मैं पहनती हूँ रंग उसकी पसंद का होता है। खाना मैं खाती हूँ व्यंजन उसकी पसंद का होता है। मेरे बदन के हार्डवेयर में वह सॉफ्टवेयर बनकर बस गया है। न मर्जी से बैठ सकती हूँ। न उठ सकती हूँ। न चल सकती हूँ। न रुक सकती हूँ। केवल गाय की तरह सिर हिला सकती हूँ। वह भी ऊर्ध्वाधर, क्षितिजीय नहीं। वह मेरे बदन को छूकर समझता है कि वह पुरुष है। यह भ्रम न होता तो दुनिया कब की लिंगीय अनुपात का शिकार हो जाती। यह दुनिया बदन को छूने और आत्मा के अनछुएपन से ग्रस्त है। स्त्री की आत्मा का अनछुआपन झूठे पुरुषार्थ का कटु सत्य है। मुझसे ज्यादा तो मोबाइल की इज्जत करता है। उसे हमेशा अपने साथ रखता है। उससे बतियाता है मुझसे गरियाता है। उससे संदेशे भेजता है मुझे उलाहने देता है। उससे वीडियो कॉल करता है, मेरे सामने रहने पर भी इग्नोर करता है। उसके नेटवर्क से लेकर डाटा तक पूरा ख्याल रखता है जबकि मुझे सरकारी एक्सल शीट की तरह जबरन 'फिल' करने में 'फील' होता है। मेरी जिंदगी इसी 'फिल' और 'फील' के बीच लटकी पड़ी है। सच है जीवन 'फिल' और 'फील' का दूसरा नाम है। अबला जीवन आँचल में दूध और आँखों में पानी से नहीं, अपना सर्वस्व कहलाने वाले स्वार्थियों पर विश्वास करके हारी है।

## सूडोकु नवताल- 6828

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6827 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**20 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.36 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | तुला | 07.51 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.06 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.22 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 14.27 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.13 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 17.46 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 19.17 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 20.57 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 22.55 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | कर्क | 01.08 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.24 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 263 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला **तिथि** पंचमी 14.17 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 14.59 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 03.05 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बालव 14.17 बजे तदनन्तर कौलव 02.21 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 04.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 17' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871742 **जूलियन दिन** 2460207.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 04 **विशेष** ऋषि पंचमी, सम्वत्सरी पर्व।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7890

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. जनमत-4
4. सचेत,सजग-4
7. सहयात्री,संगी-5
9. रुपया,पैसा -2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. बसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण,ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला,हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

**ऊपर से नीचे**

1. पूजा,प्रार्थना-4
2. मार्ग,पथ-2
3. यमराज,मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा,वरदान-2
6. द्वेष,ईर्ष्या-4
8. तमीज,तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद,खाद्य सामग्री-3
18. भयानक,डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज,सत्य-2
26. ईश्वर,भगवान-2
27. रुदन,क्रंदन-2
28. मोमबत्ती(उर्दू-2)

शब्द पहेली -7889 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ला | क | ■ | ह | म | रा | ज |
| म | ■ | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | रू |
| ना | ■ | श | त | ■ | ला | ल | ■ | र |
| ना | म | क | र | ण | ■ | की | म | त |
| ■ | लि | ■ | ता | ■ | म | ■ | क्रा | ■ |
| अ | न | ल | ■ | मा | न | क | र | ना |
| रा | ■ | ह | र | ■ | मो | ल | ■ | च |
| ज | ■ | ■ | ज | ग | ह | ■ | ■ | ना |
| क | रा | मा | त | ■ | क | ल | श | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष राशि :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मिथुन राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**सिंह राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कन्या राशि :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला राशि :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक राशि :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे।

**धनु राशि :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मकर राशि :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**कुंभ राशि :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मीन राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### बस फिसलकर सरहिंद फीडर नहर में गिरी, पांच यात्रियों की मौत

**मुक्तसर।** पंजाब के मुक्तसर में मंगलवार को एक निजी बस के फिसलकर सरहिंद फीडर नहर में गिर जाने से दो महिलाओं सहित पांच यात्रियों की डूबकर मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। मुक्तसर के पुलिस प्रमुख हरमनबीर सिंह गिल ने कहा कि नहर से पांच शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 45 यात्रियों को बस से बचाया गया और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### नूंह दंगा: विधायक मामन खान पहुंचे जेल

**गुरुग्राम/नूंह।** नूंह दंगों में आरोपित कांग्रेस के फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान को सीजेएम जोगेंद्र सिंह की कोर्ट ने 14 दिन के लिए जेल भेज दिया। दो बार के रिमांड के बाद एसआईटी नूंह ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। इसके साथ ही मामन खान पर अपने बयानों के कागजों पर साइन न करने का एक और केस दर्ज किया गया।

### बीएसएफ ने 14 करोड़ का सोना जब्त किया, एक गिरफ्तार

**कोलकाता।** बीएसएफ की 68वीं बटालियन ने मंगलवार तड़के उत्तर 24 परगना के बागदा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर लगभग 23 किलोग्राम तस्करी के सोने के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान उत्तर 24 परगना जिले के कुलिया गांव के निवासी इंद्रजीत पात्रा के रूप में हुई है। वह जिस बाइक को चला रहा था, उसके एयर-फि ल्टर के भीतर बिस्कुट और छड़ों के रूप में तस्करी का सोना ले जाया जा रहा था। जब्त किए गए सोने की कीमत करीब 14 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# भव्य भारत के निर्माण के लिए सोच के दायरे का विस्तार जरूरी : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए सोच के दायरे को बढ़ाने का आह्वान किया और कहा कि सभी सुधारों और नए कानूनों में देश की बढ़ती आकांक्षाएं प्राथमिकता होनी चाहिए। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि एक छोटे से कैनवास पर एक बड़ी तस्वीर चित्रित नहीं की जा सकती और अगर सदस्य बड़ा नहीं सोचते हैं तो एक भव्य भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, क्या एक छोटे कैनवास पर एक बड़ी तस्वीर खींचना संभव है नहीं! इसी तरह, अगर हमारे पास सोच का एक छोटा कैनवास है तो हम भव्य भारत की तस्वीर को चित्रित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, हमारे पास एक समृद्ध विरासत है!



अगर इस समृद्ध विरासत को हमारे सपनों, हमारे संकल्पों से जोड़ दिया जाए और हमारे चिंतन के कैनवास का विस्तार हो तो हम निश्चित रूप से भव्य भारत की तस्वीर चित्रित करने में सक्षम होंगे, हम निश्चित रूप से इस तस्वीर में रंग भरने में सक्षम होंगे और हमारी आने वाली पीढ़ियों को मां भारती की यह सुंदर, रंगीन और भव्य तस्वीर पेश करेंगे। मोदी ने सदस्यों से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया और नए संसद भवन में कार्यवाही स्थानांतरित किए जाने के कदम को एक नए भविष्य की दिशा में एक नई शुरूआत बताया।

पुराने संसद भवन की विरासत का जश्न मनाने के लिए आयोजित समारोह में मोदी ने कहा, नए संसद भवन में हम नए भविष्य के लिए, नई शुरूआत करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1952 से अब तक दुनिया भर के 41 राष्ट्राध्यक्षों ने केंद्रीय कक्ष में सांसदों को संबोधित किया है और पिछले सात दशकों में संसद ने 4,000 से अधिक विधेयक पारित किए हैं। उन्होंने कहा, आज नए संसद भवन में हम सब मिलकर, नए भविष्य का श्री गणेश करने जा रहे हैं। आज हम यहां विकसित भारत का संकल्प दोहराना, फिर एक बार संकल्पबद्ध होना और उसको परिपूर्ण करने के लिए जी-जान से जुटने के इरादे से नए भवन की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं।

पुराने संसद भवन में पारित विधेयकों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मुस्लिम माताओं और बहनों को न्याय मिला क्योंकि तीन तलाक के खिलाफ विधेयक यहां से एकजुट होकर पारित किया गया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में संसद ने ट्रांसजेंडरों को न्याय देने वाले विधेयक पारित किए हैं। हमने एकजुट होकर ऐसे विधेयक पारित किए हैं जो विशेष रूप से विकलांग लोगों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी देंगे। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद ने अनुच्छेद 370 से छुटकारा पाने और अलगाववाद तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर में इसी सदन में निर्मित संविधान लागू किया गया।

उन्होंने कहा कि आज जम्मू कश्मीर शांति और विकास के रास्ते पर चल पड़ा है और नई उमंग, नए उत्साह, नए संकल्प के साथ वहां के लोग आगे बढ़ने का कोई मौका अब छोड़ना नहीं चाहते। अनुच्छेद 370 के तहत पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्राप्त था।

## मुंबई के 2,729 सार्वजनिक पांडालों में विराजमान हुए भगवान गणेश

**भक्ति भाव में डूबा महाराष्ट्र**



**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई महानगर के 2,729 सार्वजनिक गणेशोत्सव पांडालों में मंगलवार को भगवान गणेश विराजमान हो गए हैं। साथ ही लाखों की संख्या में लोगों ने अपने घरों में भगवान गणेश को प्रतिस्थापित किया है। इस तरह पूरा मुंबई शहर भगवान गणेश के भक्ति भाव में डूब गया है और पूरा महाराष्ट्र गणेशमय हो गया है। मुंबई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने शासकीय निवास वर्षा बंगले पर मंगलवार को गणपति की प्रतिस्थापना की है। शिंदे परिवार सहित शासकीय अधिकारियों ने कर्मचारियों ने वर्षा बंगले पर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की है। मुख्यमंत्री ने मुंबई सहित पूरे राज्यवासियों को गणपति पर्व की शुभकामना दी है। इसी तरह मुंबई में सभी पार्टी के नेताओं ने भगवान गणेश की प्रतिस्थापना अपने आवास पर की है। मुंबई शहर में गणेशोत्सव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए 11,726 कांस्टेबल, 2,024 पुलिस अधिकारी और 15 डिप्टी कमिश्नर मुंबई में चप्पे पर तैनात किये गए हैं। गणेशोत्सव के दौरान यातायात पुलिस ने महानगर में वाहनों के आवागमन के लिए कई कदम उठाये हैं, जिनमें भारी वाहनों पर प्रतिबंध भी शामिल है। आज से 29 सितंबर के बीच सभी प्रकार के भारी वाहनों को आधी रात से सुबह 7 बजे के बीच संचालन की अनुमति दी गई है। गणेशोत्सव पांडालों में चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण से लेकर अयोध्या के राम मंदिर तक की प्रतिकृति की आकर्षक सजावट की गई है। मुंबई के मशहूर लालबाग का राजा, अंधेरी का राजा आदि गणेशोत्सव मंडलों की ओर प्रतिस्थापित भगवान गणेश का दर्शन पाने के भक्तगण कतार बद्ध होने लगे हैं।

## भारत ने कनाडाई राजनयिक को देश से निष्कासित किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और कनाडा के बीच बिगड़ते राजनयिक संबंधों के बीच, नई दिल्ली ने मंगलवार को एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया। उन्हें अगले पांच दिन में देश छोड़ने के लिए कहा गया है। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त (कैमरून मैके) को मंगलवार को समन मिला। इसमें भारत सरकार ने वर्तमान में देश में तैनात एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के अपने फैसले से अवगत कराया। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि संबंधित राजनयिक को आधिकारिक तौर पर अगले पांच दिन में भारत से प्रस्थान करने का निर्देश दिया गया है। बयान में कहा गया, यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है। यह निर्णय तब आया जब कनाडा ने पहले एक उच्च पदस्थ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया था।

### बिहार: अलग-अलग घटनाओं में किशोर सहित 7 लोग डूबे

**पटना।** राज्य के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को अलग-अलग घटनाओं में 7 लोग डूब गए जिनमें से 3 के शव बरामद कर लिए गए। जबकि गोताखोर 4 अन्य की तलाश कर रहे हैं। समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और मुंगेर जिले में ये दुर्घटना हुई है। समस्तीपुर में एक साथ तीन युवकों की नदी में डूब कर मौत हो गई। ये युवक गांव के किसी व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे, जहां मोहनपुर ओपी क्षेत्र स्थित सरारी गंगा घाट पर स्नान के दौरान तीनों की डूबने से मौत हो गयी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों युवकों के शव नदी से निकाले गए। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। एक अन्य घटना में मुजफ्फरपुर सकरा थाना क्षेत्र के इटहा रसूल नगर में मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में तीन युवक डूब गए। सकरा थानाध्यक्ष राजू पाल के अनुसार तीनों युवकों की खोजबीन जारी है।

## देश के विकास के लिए मिलकर करना होगा काम : खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश के विकास के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। खड़गे ने मंगलवार को संसद के सेंट्रल हॉल में सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास के लिए हमें पार्टी लाइन से हटकर काम करने की जरूरत है। तभी देश का विकास संभव है। खड़गे ने कहा कि यह सेंट्रल हॉल कई ऐतिहासिक क्षणों का गवाह रहा है। यह स्थान संविधान सभा की बैठकों के साथ पंडित नेहरू के संबोधन का साक्षी रहा है। यह सेंट्रल हॉल भारत की संसद की समृद्ध विरासत का गवाह है। इसी हॉल में संविधान सभा की बैठक 1946 से 1949 तक हुई थी। उल्लेखनीय है कि आज से संसद की कार्यवाही नये भवन में शुरू होगी। इस मौके पर सत्ता पक्ष व विपक्ष के सांसद सेंट्रल हाल में एकत्र हुए। इस मौके पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री तथा राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसदों के सामने अपने विचार रखे।

## एनटीए ने 2024 का परीक्षा कैलेंडर जारी किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जेईई मेन, सीयूईटी-यूजी, सीयूईटी-पीजी, नीट और यूजीसी-नेट की प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया। कैलेंडर के अनुसार, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन-2024) सत्र-1 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी 2024 के बीच होगी। एनटीए ने अतिरिक्त रूप से घोषणा की है कि जेईई मेन 2024 सत्र-2 की परीक्षा 1 से 15 अप्रैल, 2024 के मध्य होगी। कैलेंडर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2024 के लिए 5 मई, 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी)-यूजी 15 से 31 मई, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। सीयूईटी-पीजी 11 से 28 मार्च 2024 तक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा यूजीसी-नेट(राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) सत्र-1 की परीक्षा 10 से 21 जून 2024 तक आयोजित की जाएगी।

## ओंकारेश्वर में 21 सितंबर को 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का अनावरण

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में स्थापित स्टैच्यू ऑफ वननेस का अनावरण कार्यक्रम 21 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले देश के सभी प्रमुख साधु-संतों का परंपरागत स्वागत-सत्कार किया जाएगा। वहीं, मानसून को देखते हुए आयोजन स्थल और यातायात व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन सतर्क रहेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यालय भवन समत्व में ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में एकात्मता की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों



की समीक्षा की। इस दौरान तय किया गया कि 21 सितंबर की सुबह 11 बजे केरल की धार्मिक परंपराओं अनुसार साधु-संतों का स्वागत होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री और पूज्य संतों द्वारा वैदिक यज्ञ अनुष्ठान में आहुति दी जाएगी। इस अवसर पर देशभर की शैव परंपरा के नृत्यों की प्रस्तुतियों के साथ ही भारतीय प्रदर्शनकारी शैलियों के कलाकारों द्वारा आचार्य प्रवर्तित पंचायतन पूजा परंपरा का प्रस्तुतिकरण होगा। मुख्यमंत्री चौहान तथा पूज्य संतों द्वारा एकात्मता की मूर्ति के अनावरण और अद्वैत लोक का भूमि एवं शिला-पूजन किया जाएगा। कुल 101 बटुकों द्वारा वेदोच्चार व शंखनाद के बीच मुख्यमंत्री और पूज्य संत एकात्मता की मूर्ति के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

**निगरानी** पश्चिमी समुद्री तट पर तटीय सुरक्षा अभ्यास 'ऑपरेशन सजग'

# तटीय सुरक्षा को सशक्त करना उद्देश्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय तटरक्षक द्वारा देश के पश्चिमी समुद्री तट पर 'ऑपरेशन सजग' किया गया। तटरक्षक दल के इस विशेष अभ्यास में सीमा शुल्क, समुद्री पुलिस, बंदरगाहों और भारतीय नौसेना सहित कुल 118 जहाजों ने हिस्सा लिया। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 'ऑपरेशन सजग' तटीय सुरक्षा को बढ़ाने वाले सभी हितधारकों को शामिल करने के लिए संचालित किया गया एक अभ्यास है। तटरक्षक दल के मुताबिक यह समुद्री अभ्यास तटीय सुरक्षा तंत्र के पुनर्मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करता है और समुद्र में मछुआरों के बीच जागरूकता लाता है। रक्षा मंत्रालय में बताया कि इस अभ्यास के दौरान, समुद्र में मछली पकड़ने वाली सभी नौकाओं, नावों और छोटे जहाजों के आवश्यक दस्तावेजों तथा चालक दल को जारी किये गए पास की व्यापक जांच एवं सत्यापन किया गया। तटरक्षक दल ने बताया



कि इस अभ्यास में कुल 118 जहाज शामिल हुए। वहीं सीमा शुल्क, समुद्री पुलिस, बंदरगाहों और भारतीय नौसेना ने भी इस अभ्यास में शिरकत की। अभ्यास में तटीय सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य के साथ मछुआरों के लिए बायोमेट्रिक कार्ड जारी करने, प्रत्येक राज्य के अनुसार मछली पकड़ने वाली नौकाओं की रंग कोडिंग, मछली उतारने वाले केंद्रों की व्यवस्था और प्रवेश व निकास जांच बिंदुओं पर पूर्ण नियंत्रण व तटीय मानचित्रण जैसे कई उपाय शामिल किए गए हैं। तटरक्षक दल ने बताया कि इसके अलावा अभ्यास में सुरक्षा एजेंसियों के लिए विशिष्ट समुद्री बैंड आवृत्ति नामित करना, भारतीय तट रक्षक द्वारा समुद्री पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण आदि भी शामिल है।

सुरक्षा एजेंसियों को बायोमेट्रिक कार्ड रीडर भी जारी किए गए हैं। नौकाओं की निगरानी के अलावा, तटीय सुरक्षा व्यवस्था के तहत द्वीपों की सुरक्षा और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रमों को संस्थागत बनाया गया है। तटरक्षक दल के मुताबिक तटीय सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हर महीने एक दिवसीय अभ्यास आयोजित किया जाता है। दल का कहना है कि इससे प्राप्त होने वाले परिणामों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। यह अभ्यास महत्वपूर्ण प्रशिक्षण परिणाम को सामने लाने और तटीय सुरक्षा में प्राप्त हुए रुझानों को प्रस्तुत करने के अलावा विभिन्न तटीय सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सत्यापित करने में सक्षम बनाता है।




## ऑस्कर के लिए नॉमिनेट होगी शाहरुख की 'जवान'

**शाहरुख खान** की फिल्म जवान इस वक्त काफी सुर्खियों में है। 7 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में भी कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। इस फिल्म का निर्देशन एटली कुमार ने किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में एटली ने फिल्म जवान को ऑस्कर के लिए भेजने की इच्छा भी जताई। एटली ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा, 2020 में मैंने शाहरुख को जूम कॉल के जरिए फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई, लेकिन उस वक्त लॉकडाउन था। एटली ने कहा, मैं जवान को ऑस्कर में ले जाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि शाहरुख खान ये इंटरव्यू देखें। मैं शाहरुख को फोन करने जा रहा हूं और उनसे इस फिल्म को ऑस्कर के लिए भेजने का अनुरोध करूंगा। जवान की कमाई की बात करें, तो फिल्म जल्द ही 500 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। फिल्म ने 12 दिनों में 493 करोड़ की कमाई कर ली है। यह फिल्म इस साल की अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।



## सजाया गया परिणीति व राघव का घर, शादी 23-24 सितंबर को

**बॉलीवुड**



एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप के सांसद राघव चड्ढा की शादी की इस समय खूब चर्चा हो रही है। परिणीति और इस महीने के आखिरी हफ्ते में शादी के बंधन में बंध जाएंगे। राघव और परिणीति की शादी 23 और 24 सितंबर को होगी। राजनीतिक जगत के साथ कला जगत की हस्तियों की मौजूदगी में परिणीति और राघव ने 13 मई को दिल्ली के कपूरथला हाउस में धूमधाम से सगाई की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बताया जा रहा है कि 22 तारीख से मेहमानों का आना शुरू हो जाएगा। 23 सितंबर से मेहंदी, हल्दी और संगीत के कार्यक्रम शुरू होंगे। दोनों के परिवार वाले शादी की तैयारी कर रहे हैं। शादी से पहले परिणीति का मुंबई वाला घर और राघव का दिल्ली वाला घर सज चुका है।

## नीलकमल-अनुपमा का नया गाना 'ओढ़निया मईल बा' रिलीज

**लोकप्रिय** सिंगर नीलकमल सिंह और अनुपमा यादव के नए गाने ओढ़निया मईल बा ने रिलीज होने के साथ ही म्यूजिक वर्ल्ड में धमाल मचा दिया है। उनका यह गाना टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यू-ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इसमें नीलकमल सिंह और अनुपमा यादव की जुगलबंदी संगीत प्रेमियों को खूब पसंद आ रही है। गाने का म्यूजिक वीडियो भी कमाल का है। गाना ओढ़निया मईल बा को लेकर नीलकमल सिंह ने कहा कि गाना मजेदार है। यह गाना एक प्यार भरी नोक-झोंक पर आधारित है और इसे हमने मस्ती भरे अंदाज में अपने श्रोताओं के समक्ष पेश किया है। उन्होंने कहा कि अनुपमा यादव एक अच्छी सिंगर हैं। उनके साथ काम करके बहुत मजा आया है। हम लोगों ने इस गाने को अपना पूरा फोकस दिया है,



जिससे यह उभर कर सामने आ रहा है। गाने को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर सोनू श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे चैनल से रिलीज गाने को समर्थन मिल रहा है। उससे हम और अच्छे गाने लेकर आने को प्रेरित हो रहे हैं। यह गाना भी कमाल का है।

### गणेश चतुर्थी उत्सव के शुभ अवसर बाबा का हुआ विशेष श्रृंगार

# मंदिर का पट खुलते ही दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के शुभ अवसर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई थी प्रातः सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों का आना लगा हुआ था। सुबह 5:30 मंगला आरती के बाद तीनों मंड का पर्दा लगाकर बाबा का विशेष दिव्य श्रृंगार मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने किया। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का विषय श्रृंगार किया गया बालाजी महाराज को की विशेष तुलसीदल बागा का श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मोती मुर्गन तुलसीदल पीला गेंदा उड़हुल की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश का एवं सभी देवी देवताओं का विशेष दिव्य श्रृंगार किया गया। स्मृतिशेष बिजय कुमार जी अग्रवाल श्रीमती स्नेहलता अग्रवाल के द्वितीय सुपौत्र एवं गौरव अग्रवाल डोली अग्रवाल के द्वितीय सुपुत्र चिरंजीव केशव के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष श्रृंगार सेवा अग्रवाल परिवार द्वारा करवाई गई थी। विशेष दिवस श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती में भक्तजन खाटू नरेश के दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे श्रृंगार आरती के बाद गणेश जी महाराज के तेल चित्र पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर भक्तों ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए शिव परिवार स्थित गणेश जी को विशेष दूर्वा माला से सजाया गया था।

### 68 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 68 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 68 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ । मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू डॉली अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू एवं डोली अग्रवाल ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया । श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया।

### महिला आरक्षण पेश किये जाने पर अर्जुन मुंडा ने पीएम का जताया आभार

**रांची/नई दिल्ली।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पेश किये जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा निर्णय है, जिससे हमारी नारी शक्ति को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगा। मोदी जी ने अपने भाषण में सही कहा कि ₹महिलाओं को अधिकार देने, उन्हें शक्ति देने जैसे पवित्र कामों के लिए शायद ईश्वर ने मुझे चुना है।₹ नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटों पर आरक्षण का प्रावधान है। इसी 33 फीसदी में से एक तिहाई सीटें अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित की जानी है। श्री मुंडा ने कहा कि झारखंड विधानसभा में 81 सीटों में 27 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जायेगी।मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के लिए गौरव का क्षण

# सीबीएसई राष्ट्रीय प्रदर्शनी में शीर्ष स्थान हासिल किया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसटीईएम में अनुसंधान और आविष्कार के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कुमार दिव्यांशु राज और विनायक कुमार (Class IX) को आमंत्रित किया गया है। सीबीएसई (आईआरआईएस) द्वारा शोध-आधारित विज्ञान पहल है जो युवा भारतीयों के बीच विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देती है। आईआरआईएस ने मेंटरिंग कैंप की अवधारणा प्रस्तुत की थी, जिसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल के दोनों विद्यार्थियों ने सीबीएसई राष्ट्रीय प्रदर्शनी में शीर्ष स्थान हासिल किया। ये छात्र प्रोजेक्ट जमा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विद्यालय के प्रशासनिक एवं कार्मिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने टीम को उनकी गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने टीम को बधाई दी और मेंटरिंग कैंप के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020, इनोवेशन और योग्यता-आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करती है और हमारा स्कूल छात्रों को स्टीमी (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला, गणित, इनोवेशन और उद्यमिता) के क्षेत्र में प्रदर्शन के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अंतर्राष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन

# हरे-भरे झारखंड में दिख रहा जलवायु परिवर्तन का असर : संजय श्रीवास्तव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड के 33% से अधिक हरा-भरा होने के बाद भी यहां जलवायु परिवर्तन का असर दिखने लगा है। उत्तरी-पश्चिमी जिलों गढ़वा, लातेहार व पलामू में औसत तापमान का बढ़ना, बारिश घटना, जंगलों में आग को इसके परिणाम के तौर पर देखा जा रहा है। प्रदेश सरकार ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए काम करना शुरू कर दिया है` ये बातें प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) संजय श्रीवास्तव ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संयुक्त तत्वावधान में हुए अंतर्राष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में कही।

जलवायु उत्तरदायी कार्यों, नीतियों व विधानों पर झारखंड में हो रहे कार्यों पर विचार साझा करने के लिए देश में भारतीय वन सेवा के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सम्मेलन में कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों - ग्रीन हाउस प्रभाव, कृषि जीवाश्म ईंधन का प्रयोग, जंगलों की कटाई, कारखाने और अन्य प्रकार के प्रदूषण को मद्देनजर रखते हुए झारखंड में हरित हाइड्रोजन, जैव इंधन व नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। हरित हाईड्रोजन की दिशा में पहल करते हुए झारखंड के उद्योग विभाग ने टाटा समूह की कंपनी के साथ जमशेदपुर में हाइड्रोजन इंजन निर्माण की यूनिट स्थापित करने के लिए एमओयू किया है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान के लिए नई सौर ऊर्जा नीति लागू की गई है।

### चंद्रशेखर आजाद पूजा समिति काल्पनिक मंदिर का बनाएगा पंडाल

**रांची।** रांची के अलबर्ट एक्का चौक के समीप चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से काल्पनिक मंदिर पंडाल के रूप में बनाया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 70 फीट और चौड़ाई 60 फिट होगी। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने मंगलवार को बताया कि पूजा आयोजन के लिए पिछले कई महीनों से कार्य किया जा रहा है। सभी निर्माण कार्य और साज सज्जा का काम कोलकाता के उत्तम पाल की टीम की ओर से किया जा रहा है। पंडाल के अंदर देवलोक का दृश्य होगा। मां दुर्गा की 16 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पंडाल के मुख्य गेट के बाहर बड़ा सा ग्लोबी बना रहेगा जिसमें भारत की तस्वीर होगी इसके अलावा गंगा आरती का दृश्य मूर्ति के द्वारा दिखाया जाएगा। इस वर्ष पूरे आयोजन में लगभग 20 से 25 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया समिति 1971 से लगातार पूजा कर रही है।

### श्री श्याम मंदिर में चार दिवसीय महोत्सव का होगा आयोजन

# गणेश वन्दना के साथ होगा शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड राज्य की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मण्डल, रांची का 56 वें चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम मोहत्सव आगामी 21 सितम्बर 2023 से 24 सितम्बर 2023 रविवार तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा । मोहत्सव के आयोजन श्री श्याम मण्डल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा। विगत 3 माह से मण्डल के सैकड़ों सदस्य विभिन्न उप-समातियों के। माध्यम से मोहत्सव की तैयारियों में समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। मन्दिर परिसर की साफ सफाई व रंग रोगन का कार्य पूर्ण हो चुका है। पूर्ण मंदिर के साज सज्जा के लिए कोलकाता के कुशल कारीगरों का जत्था पूर्ण तन्मयता के साथ कार्य में जुटे हुए हैं । ज्ञात्व है की प्रति वर्ष मोहत्सव में श्री श्याम दरबार का श्रृंगार एक विशिष्ठ स्थान रखता है - श्री श्याम प्रभु व मन्दिर में विराजमान बजरंगबली व कामना शिव परिवार के मनमोहक श्रृंगार के लिए कोलकाता से ही कुशल मालाकार रांची पहुंच चुके हैं । मोहत्सव में आने वाले भग्तों को पूर्ण सुविधा मिले इस कार्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है । भक्तों की चरण पादुका रखने की व्यवस्था की जा रही है।

विस्तृत कार्यक्रम : दिनांक 21 सितम्बर 2023 वृहस्पतिवार - प्रातः 8 बजे श्री श्याम मन्दिर में श्रृंगार आरती के पश्चात मण्डल के सदस्यों श्री श्याम प्रभु के जयकारों के साथ सुकुरहुटू गौशाला के लिए प्रस्थान करेंगे जहां विधिवत गौ माता का पूजन वन्दन के पश्चात गायों को गुड़, चोकर, रोटी , हरी सब्जी व चारा भावपूर्ण रूप से खिलाया जाएगा।

दिनांक 22 सितम्बर 2023 शुक्रवार : अपराह्न 4 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर से श्री श्याम प्रभु का विराट शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी । शोभा यात्रा में श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियों का समावेश होगा। सैकड़ों श्याम भक्त धर्म पताकाएं व धार्मिक बैनर लेकर शोभा यात्रा के साथ चलेंगे साथ ही श्री श्याम मण्डल के सदस्यगण भारी संख्या में संगीतमय भजनों की वर्षा शोभा यात्रा में करेंगे। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण होगा - श्री श्याम प्रभु दिव्य रथ पर सवार होकर भक्तों को आशीष देते हुए नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे ।पूरे शोभा यात्रा मार्ग पर जगह जगह शहर के विभिन्न संस्थाओं द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत एवम श्री श्याम प्रभु की आरती की जायेगी ।

**दिनांक 23 सितंबर 2023 , शनिवार :** श्री श्याम मोहत्सव का मुख्य कारक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रात्रि 9 बजे प्रारम्भ होगा । श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश का अत्यंत मनोहरी एवम श्रृंगार किया जाएगा साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी भव्य श्रृंगार किया जाएगा।

श्री श्याम मण्डल के वन्दना के पश्चात विशेष रूप से मुम्बई से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक श्री साकेत बैरोलिया एवम गुमला , कोलकाता के मंडलियों द्वारा सम्पूर्ण रात्रि भजनों की अमृत वर्षा कर श्री श्याम प्रभु को रिझायेंगे।

दिनांक 24 सितम्बर 2023 रविवार प्रातः 8 बजे 501 पुरुष एवम महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेश भूषा में संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ किया जायेगा तत्पश्चात श्री हनुमान मण्डल, रांची, श्री शिव भक्त मण्डल , रांची एवम कोलकाता से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक श्री ज्योति खन्ना अनवरत भजनों की अमृत वर्षा करेंगे साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विशेष रूप से बनाए गए खीर चूरमा की सवामणि का भोग अर्पित किया जायेगा

# केंद्र सरकार ने आदिवासी समाज के हित में कोई भी कार्य नहीं किया : अनीता यादव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने आदिवासी समाज के हित में कोई भी कार्य नहीं किया है। साथ ही महिला, पिछड़े, अल्पसंख्यक के लिए भी कोई काम नहीं किया है। उन्होंने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विपक्षी दलों की एकता को देखते हुए भाजपा 2024 के चुनाव को लेकर भयभीत हो गई है। इसे लेकर महिला आरक्षण की बात कर रही है। उन्होंने पूछा कि किन महिलाओं को आरक्षण मिलेगा? क्या इस आरक्षण में आदिवासी, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को आरक्षण मिल रहा है? यदि नहीं तो इसका मतलब साफ-साफ ये होगा कि यह पिछड़े, दलित और आदिवासियों के आरक्षण के विरोध में षड्यंत्र के तहत लाया गया महिला आरक्षण बिल है।



### आमया ने की मुस्लिमों की समस्याओं पर चर्चा

**रांची।** अल्पसंख्यकों के अधिकार व न्याय को लेकर मंगलवार को आमया संगठन की बैठक हुई। एस अली की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुस्लिमों की समस्याओं पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने बैठक में कहा कि राज्य में शिक्षा नीति, स्वास्थ्य नीति और उद्योग नीति के नहीं रहने से लोगों को मौलिक अधिकार नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार मुस्लिमों की समस्याओं को अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि मदरसा बोर्ड, उर्दू एकेडमी, वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम का गठन चार साल में भी नहीं हुआ है।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। कांके**

राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन रांची जिला का बैठक जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में भामाशाह नगर कांके रिंग रोड हरिनाथ ट्रेडर्स प्रतिष्ठान परिसर पर रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक न्याय के साथ होने वाले 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के विषय पर चिंतन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा आजादी के 75 साल बीत चुके हैं हमारे समाज के लोग राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के नाम पर पिछले चार दशकों से भारतीय जनता पार्टी को अंध भक्त और बंधुआ वोटर बंद अपना 99% वोट लगातार देते रहा है,किंतु आज तक हमारे बहुसंख्यक तेली समाज की राजनीतिक भागीदारी लगभग शून्य है। बैठक में संगठन का विस्तार किया गया, जिसमें रांची महानगर अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू जी, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष पंकज साहू, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अजीत साहू, कपिल साहू, संगठन महासचिव रामविलास साहू, महासचिव हीरालाल साहू, उपाध्यक्ष दीपक साहू, मीडिया प्रभारी गणेश साहू, मुरारी गुप्ता, दशरथ साहू, अशोक साहू, प्रेमनाथ साहू, बलदेव साहू, रविंद्र साहू, का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया।

### श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर में गणपति महोत्सव सह वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

# नया कार्य प्रारंभ करने से पहले गणेश की अराधना की जाती है : संजय सर्राफ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के जयप्रकाश नगर, खादगढ़ा (सुखदेव नगर थाना के सामने) श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर का गणपति महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को धूमधाम से हुआ। मंदिर की संस्थापक अध्यक्ष रानी कुमारी एवं समाजसेवी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में श्रीगणेश लक्ष्मी मंदिर समिति से जुड़े सभी सदस्यों एवं ट्रस्ट के सदस्यों के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणपति महोत्सव का आयोजन किया गया है। मंगलवार को कलश स्थापना एवं विशेष पूजा अर्चना के साथ ही 9 दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ हुआ। श्रीमती रानी कुमारी ने बताया कि 28 सितंबर (बुधवार)को संध्या 6:00 बजे से संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाभोग प्रसाद वितरण एवं रात्रि में 9:00 बजे भजन जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भजन गायकों द्वारा भजनों की भव्य प्रस्तुति की जाएगी? वहीं, 29 सितंबर (गुरुवार) को हवन एवं कलश विसर्जन के साथ ही गणपति महोत्सव का समापन होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से गणपति महोत्सव के सफल आयोजन में यथासंभव सहयोग की अपील की है।

तिरुपति अपार्टमेंट में श्री गणेश जी का मूर्ति स्थापित कर हुआ पूजन : तिरुपति अपार्टमेंट कांके रोड में श्री गणेश महोत्सव उमंग के वातावरण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अपार्टमेंट में सुबह श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित किया गया, तथा पूरे विधि विधान, हवन एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजा- अर्चना की गई। तदुपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपार्टमेंट के सभी महिलाएं पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे। तिरुपति अपार्टमेंट के पूर्व सचिव संजय सर्राफ ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व हिंदू धर्म मे विशेष महत्व रखता है। इस दिन भगवान गणेश के पुर्नजन्म का उत्सव मनाया जाता है, गणपति जी को समृद्धि और ज्ञान का देवता भी माना गया है तथा बुद्धि के देवता भी कहा जाता है, गणेश जी विघ्नहर्ता और ऋद्धि सिद्धि के स्वामी है। इसलिए हिंदू धर्म में कोई भी नया कार्य प्रारंभ करने से पहले श्री गणेश जी का आराधना की जाती है।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू की बेटी को मिला एलेन...**

की कामना की है। बधाई देने वालों में स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, जिप सदस्य राजू मेहता,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह, बिनोद कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,कर्नल संजय सिंह,कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, हसन खलीफा आदि का नाम शामिल है।

**1250 करोड़ में बनकर तैयार हुई...**

तेजी से शुरू किया गया था, लेकिन दो साल बाद 2022 में इसकी लागत 200 करोड़ तक और बढ़ गई। बजट बढ़ने की वजह स्टील और अन्य सामानों की कीमतों में बढ़ोतरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूसरे कार्य थे। मॉर्डन ऑडियो-वीडियो विजुअल सिस्टम, सांसदों की टेबल पर टैबलेट जैसी चीजों की वजह से खर्च में बढ़ोत्तरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सेंट्रल पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट ने 200 करोड़ की बढ़ोत्तरी के बाद संसद भवन निर्माण की लागत 1200 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद जातई थी। 1200 करोड़ में बनी नई संसद में कामकाज शुरू हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल मई में नए संसद भवन का उद्घाटन किया था। इस भवन में लोकसभा कक्ष में 888 सदस्यों, तो राज्यसभा कक्ष में 300 सदस्यों के आराम से बैठने की व्यस्था है। अगर दोनों सदनों की संयुक्त बैठक होती है, तो लोकसभा कक्ष में कुल 1280 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है। नए संसद भवन में सुरक्षा को देखते हुए कई इंतजाम किए गए हैं। इस इमारत में छह प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। इनमें से तीन अश्व, गज और गरुड़ गेट औपचारिक द्वार हैं। इन गेटों का उपराष्ट्रपति, स्पीकर और प्रधानमंत्री इस्तेमाल करेंगे। तीन अन्य द्वार मकर गेट, शार्दूल गेट और हंस गेट का सांसदों और जनता के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। नई संसद भवन में अधिकारियों और कर्मचारियों के ऑफिसों को भी हाईटेक बनाया गया है। इनमें कैफे, डाइनिंग एरिया, कमेटी मीटिंग के अलग-अलग कमरों में हाईटेक डिवाइसेज को लगाया गया है। कॉमन रूम्स, महिलाओं के लिए लाउंज और वीआईपी लाउंज की भी व्यवस्था है। वहीं, गुजरात बेस्ड एक आर्किटेक्चर फर्म एचसीपी डिजाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने नए संसद भवन का डिजाइन बनाया है। इस भवन के मुख्य आर्किटेक्ट बिमल पटेल हैं, जिन्होंने कई बड़ी इमारतों को डिजाइन किया है। बिमल पटेल को आर्किटेक्टर क्षेत्र में असाधारण कार्य के लिए साल 2019 में पद्मश्री भी मिल चुका है।

**आदित्य-एल1 की पृथ्वी की कक्षा से...**

क्रमशः तीन सितंबर, पांच सितंबर और 10 सितंबर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया था। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि एल1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में स्थापित यान को बिना किसी रुकावट या ग्रहण के सूर्य पर लगातार नजर रखने का लाभ मिलता है। इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष के मौसम पर उनके प्रभाव का आकलन करना संभव हो पाता है। आदित्य एल1 इसरो और भारतीय ताराभौतिकी संस्थान, बेंगलुरु तथा इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे सहित अन्य राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित सात वैज्ञानिक उपकरण लेकर गया है।

ये उपकरण विद्युत-चुंबकीय, कण और चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टर का इस्तेमाल कर प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों-कोरोना-का अध्ययन करेंगे। आदित्य एल1 के चार उपकरण विशेष सुविधाजनक बिंदु एल1 का उपयोग करते हुए सीधे सूर्य पर नजर रखेंगे, जबकि बाकी तीन उपकरण एल1 पर कणों और क्षेत्रों का इन-सीटू (यथा-स्थान) अध्ययन करेंगे, जिससे अंतरग्रहीय माध्यम में सौर गतिशीलता के प्रभाव पर महत्वपूर्ण डेटा हासिल होने की उम्मीद है।

आदित्य एल1 के उपकरणों से सूर्य के परिमंडल की गर्मी और सौर हवा, सूर्य पर आने वाले भूकंप या कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष मौसम, अंतरिक्ष मौसम की गतिशीलता और कणों एवं क्षेत्रों के प्रसार आदि को समझने के लिए सबसे महत्वपूर्ण डेटा मिलने की संभावना है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी और सूर्य के बीच पांच लैग्रेंजियन बिंदु (या पार्किंग क्षेत्र) हैं, जहां पहुंचने पर कोई वस्तु वहीं रुक जाती है। लैग्रेंजियन बिंदुओं का नाम इतालवी-फ्रांसीसी गणितज्ञ जोसेफ-लुई लैग्रेंज के नाम पर रखा गया है। अंतरिक्ष यान इन बिंदुओं का इस्तेमाल अंतरिक्ष में कम ईंधन खपत के साथ लंबे समय तक रहने के लिए कर सकते हैं।

# भारतीय हॉकी टीम को रहेगी विश्व नंबर 1 बनने की ख्वाहिश



**एजेंसी। हांगझाऊ**

ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से लेकर विश्व कप हासिल करने तक पिछली एक सदी के दौरान अधिकांश समय हॉकी के शिखर पर रहने के बावजूद भारतीय टीम की विश्व की नंबर एक टीम बनने की हसरत फिलहाल पूरी नहीं हो सकी है। एक जमाने में हॉकी में भारत का डंका बजता था और उसके सामने प्रतिद्वंदी टीम का टिक पाना बेहद मुश्किल समझा जाता था मगर समय के साथ पश्चिम के देशों ने भी हाकी में खुद को स्थापित किया।

इस बीच रैंकिंग प्रणाली 2003 में अस्तित्व में आई। नई रैंकिंग प्रणाली लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी टीम की रैंकिंग में उतार-चढ़ाव आया है। 2003 में हॉकी रैंकिंग प्रणाली शुरू होने पर पुरुष टीम छठे स्थान पर थी। उसी साल भारत ने चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर पहली बार एशिया कप जीता। लेकिन जल्द ही भारत की फॉर्म में गिरावट आई और वे टूर्नामेंट से शुरू में ही बाहर हो गए।

भारतीय टीम 2005 में आठ देशों की राबो ट्रॉफी में सातवें स्थान पर खिसक गई जबकि 2005 में ही चैंपियंस ट्रॉफी में भी आखिरी स्थान पर रही। टूनामेंट जीतने के लिए संघर्ष कर रही भारतीय टीम ने इसके बावजूद शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाए रखा क्योंकि हॉकी रैंकिंग प्रणाली चार साल के चक्र के परिणामों पर विचार करती थी। 2007 चैंपियंस चैलेंज में कांस्य पदक से भी भारत को मदद मिली मगर भारतीय हॉकी की फॉर्म में गिरावट जल्द ही रैंकिंग में दिखाई देने लगी।

भारतीय टीम 2006 हॉकी विश्व कप में अपने सात में से पांच मैच हार गई और टूर्नामेंट में 11वें स्थान पर रही। टीम 80 वर्षों में पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही और बीजिंग 2008 में उसे बाहर रहना पड़ा। निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारत 2008 में पहली बार हॉकी रैंकिंग के शीर्ष 10 से बाहर हो गया। पूर्व विश्व चैंपियन भारत ने 2010 में विश्व कप की मेजबानी की थी लेकिन पूल चरण में केवल एक बार जीत हासिल की और आठवें स्थान पर जगह बनाई। इससे भारत 12वें स्थान पर खिसक गया, जो अब तक की उनकी सबसे खराब हॉकी रैंक है।

अगले दशक में भारत के प्रदर्शन में धीरे-धीरे सुधार देखा गया। भारत ने 2014 एशियाई खेलों और 2017 एशिया कप के साथ-साथ चार बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (2011, 2016 और 2018) जीती। भारत चैंपियंस ट्रॉफी, कॉमनवेल्थ गेम्स और हॉकी वर्ल्ड लीग में भी पदक विजेता रहा। हॉकी रैंकिंग में लगातार सुधार दिखाई दिया और 2020 में जब पुरानी रैंकिंग प्रणाली को बदला गया तो भारत पांचवें स्थान पर पहुंच गया।

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद 2021 में भारतीय पुरुष हाकी टीम अपनी सर्वोच्च रैंकिंग 'तीन' पर पहुंच गई। यह 41 वर्षों में उनका पहला ओलंपिक पदक था। तब से भारतीय टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2021, एफआईएच प्रो लीग 2021-22 और एशिया कप 2022 में तीसरे स्थान पर रहे। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में उन्होंने रजत पदक जीता और फिर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दोबारा हासिल करने में सफल रहे। 2023 में टीम वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर है।

# भारत में मोटो जीपी रेस के लिए कुछ प्रतिभागियों और अधिकारियों को अब भी वीजा का इंतजार

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**



भारत में होने वाली पहली मोटो जीपी में हिस्सा लेने वाले कुछ राइडर और टीम अधिकारियों को इस सप्ताहांत होने वाली रेस के लिए अब भी वीजा का इंतजार है जिसमें छह बार के चैंपियन मार्क मारक्वेज भी शामिल हैं।

रेपसोल होंडा टीम से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की है कि उनके राइडर मारक्वेज और जोआन मीर के भारत आने में वीजा मुद्दों के कारण विलंब हो रहा है। स्पेन के इन दोनों राइडर को बुधवार को मानेसर में होंडा इंडिया फेक्टरी का दौरा करना था लेकिन अब यह दौरा रद्द कर दिया गया है।

एक सूत्र ने बताया, वीजा मुद्दों के कारण राइडर अब तक भारत नहीं पहुंचे हैं। इसलिए कल के कार्यक्रम को रद्द करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।' डोर्ना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजक और अधिकार धारक हैं। फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के स्थानीय प्रमोटर हैं। मोटो जीपी टीमों के सामने आ रही वीजा समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के लिए हालांकि इन दोनों से ही संपर्क नहीं हो पाया है।

'रेस.कॉम' के अनुसार वीजा में विलंब के कारण टीमों से जुड़े बेहद कम कर्मचारी भारत पहुंच पाए हैं।

फामूर्ला वन इंडियन ग्रां प्री के बंद होने के बाद भारत पहली बार मोटरस्पोर्ट में इस स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। वित्तीय, कर और नौकरशाही से जुड़े मुद्दों के कारण 2013 सत्र के बाद फामूर्ला वन इंडियन ग्रां प्री को कैलेंडर से हटा दिया गया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### त्वेसा ने 65 का कार्ड खेलकर 6-शॉट की बढ़त बनायी



**गुरुग्राम।** त्वेसा मलिक ने बहुत ही मजबूत और सकारात्मक संकेत दिया कि उनका खेल किस दिशा में जा रहा है, उन्होंने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 13वें चरण के पहले दिन मंगलवार को 7-अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलकर छह शॉट की बढ़त बना ली।

### एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के लिए दावा कर सकती हैं दीक्षा



**स्विट्जरलैंड।** 22 वर्षीय दीक्षा डागर लेडीज यूरोपियन टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट रेस टू कोस्टा डेल सोल में शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं। 22 वर्षीय भारतीय, जिसने एलईटी टूर पर अपने करियर का दूसरा खिताब जीता, अब तीसरे स्थान पर है, लेकिन दूसरे स्थान पर मौजूद स्पेन की एना पेलेज ट्रिविनो से केवल कुछ अंक पीछे है। फ्रांस की सेलीन बाउटियर दौड़ में सबसे आगे हैं और दीक्षा को उनसे आगे निकलने के लिए, घरेलू इवेंट, हीरो महिला इंडियन ओपन सहित शेष पांच स्पर्धाओं में कुछ और अच्छे परिणामों की आवश्यकता होगी। दीक्षा ने कहा, मैं बहुत आश्वस्त हूं और अच्छा खेल रही हूं। मैं इस सप्ताह एलईटी टूर का ध्यान सोलहेम कप पर केंद्रित होने के कारण ब्रेक ले रही है। इस सीजन की 22 शुरूआतों में दीक्षा ने एक बार जीत हासिल की है और छह बार टॉप-10 में रही है। फिर भी सीजन का उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन एआईजी महिला ओपन में टी-21 भी रहा है, जहां उनका परिणाम महिला मेजर में किसी भारतीय महिला द्वारा हासिल किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

# भारतीय राइफल निशानेबाज निश्चल ने रियो विश्व कप में रजत पदक जीता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत की युवा निशानेबाज निश्चल ने रियो डी जेनेरियो में आईएसएसएफ विश्वकप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में रजत पदक जीता। उन्होंने सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत को उसका दूसरा पदक दिलाया। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनका सीनियर स्तर पर पहला विश्वकप था।

निश्चल ने फाइनल में 458.0 अंक बनाए और वह नार्वे की स्टार निशानेबाज जेनेट हेग डुएस्टेड के बाद दूसरे स्थान पर रही। डुएस्टेड एयर राइफल में मौजूदा यूरोपीय चैंपियन है तथा उनके नाम पर पांच स्वर्ण पदक सहित आईएसएसएफ विश्वकप में कुल 12 पदक दर्ज हैं। वह टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। निश्चल ने पूरे दिन भर शानदार प्रदर्शन किया तथा इस बीच महिला 3 पोजीशन के क्वालिफिकेशन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा।

उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, यह विश्व कप में मेरा पहला फाइनल था और मैं पदक जीतने में सफल रही, इसलिए इस प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। निश्चल ने एलिमिनेशन राउंड में 587 अंक बनाकर क्वालिफिकेशन राउंड में जगह बनाई। उनके अलावा पिछला क्वालिफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अंजुम मोदगिल और आयुषी पोदार भी क्वालिफिकेशन राउंड में जगह बनाने में सफल रही। क्वालिफिकेशन में निश्चल ने 542 अंक बनाए, जिनमें प्रोन पोजीशन में बनाए गए 'परफेक्ट' 200 अंक भी शामिल हैं। इस तरह से उन्होंने अंजुम का पिछले साल काहिरा में प्रेसिडेंट कप में बनाए गए 591 अंक के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा।

अंजुम ने 586 अंक बनाए और वह 10वें नंबर पर रहकर फाइनल में जगह नहीं बना सकी। आयुषी 580 अंकों के साथ 35वें स्थान पर रही। फाइनल में कई शीर्ष खिलाड़ियों ने जगह बनाई थी जिनमें डुएस्टेड के अलावा चीन की विश्व चैंपियन वानरू मियाओ, डेनमार्क की 2018 युवा ओलंपिक चैंपियन स्टेफनी ग्रुंडसोई, इटली की ओलंपियन सोफिया सेकेरेलो और पोलैंड की एनेटा स्टैंकिविज शामिल थी।

निश्चल पर हालांकि इसका कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने शुरू से ही बेहतरीन प्रदर्शन करके डुएस्टेड को आखिर तक कड़ी चुनौती दी। नार्वे की निशानेबाज ने हालांकि अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल करके 461.5 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। वह हरियाणा की निशानेबाज से 3.5 अंक आगे रही। प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरप्रीत सिंह भी एक अन्य पदक स्पर्धा में भाग ले रहे थे। वह हालांकि पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में 574 अंक बनाकर 15वें स्थान पर रहे। इस तरह से भारत के 16 सदस्यीय दल ने रियो विश्वकप में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। इलावेनिल वलारिवन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था।

### एफआईबीए अपील आयोग में फिर से नामित हुए चंदर मुखी शर्मा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित भारतीय बास्केटबॉल महासंघ के पूर्व महासचिव चंदर मुखी शर्मा को मंगलवार को एफआईबीए अपील आयोग में फिर से नामित किया गया है। यह आयोग दुनिया में बास्केटबॉल के खेल के प्रशासन से संबंधित सभी कानूनी मामलों का निर्णय लेता है, जिसमें यदि आवश्यक हो तो एफआईबीए (अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ) द्वारा लिए गए निर्णय भी शामिल हैं। शर्मा, जो दक्षिण एशिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के वर्तमान महासचिव हैं, 2019-23 के लिए पैनल में नामांकित होने वाले पहले भारतीय बने। इस उपाधि की पुष्टि करते समय शर्मा को संबोधित एक संदेश में, एफआईबीए महासचिव एंड्रियास जगक्लिस ने कहा, ृयह नियुक्ति आपके (शर्मा) कानूनी कौशल, अनुभव और बास्केटबॉल के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। अपने पुनः नामांकन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, शर्मा ने कहा, यह नियुक्ति भारत में संपूर्ण कानूनी बिरादरी के लिए एक गर्व की बात है, विशेष रूप से हममें से जो समाज के समग्र सेवा के लिए खेल में अच्छे, स्वच्छ और पारदर्शी शासन के आदर्शों को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

**क्लब छोड़ने की अफवाहों के बीच**

# पेप गार्डियोला ने काइल वॉकर की सराहना की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मैनचेस्टर सिटी के मुख्य कोच पेप गार्डियोला ने डिफेंडर काइल वॉकर की प्रशंसा की और कहा कि 33 वर्षीय खिलाड़ी में आनुवंशिक गुण है जो 'अतुलनीय' और 'अलग' है। काफी समय तक ऐसी कई खबरें सामने आई जिससे यह अफवाह फैल गई थी कि वॉकर बायर्न म्यूनिख में शामिल होने वाले हैं। हालांकि, 33 वर्षीय डिफेंडर ने अपने कार्यकाल को जारी रखने के लिए अनुबंध विस्तार का विकल्प चुनते हुए क्लब के साथ बने रहने का फैसला किया। जब मैनचेस्टर सिटी के मुख्य कोच पेप गार्डियोला से पूछा गया कि वॉकर क्लब के लिए कितने खास हैं तो कोच ने टीएनटी स्पोर्ट्स से कहा, मैं सबसे पहले कहूंगा कि एक फुटबॉलर के रूप में, उसके पास एक अलग गुणवत्ता है, जो हर किसी के पास नहीं है। उसके बाद है उनका व्यक्तित्व। जब वह अपने साथियों से बात करता है, तो लोग सुनते हैं। सिटी ने समर ट्रांसफर विंडो में कई वरिष्ठ खिलाड़ियों को खो दिया, जिनमें आयमेरिक लापोर्टे, रियाद महरेज, इल्के गुंडोगन, जोआओ कैंसिलो और कोल पामर शामिल हैं। गार्डियोला ने स्वीकार किया कि वॉकर को जाते हुए देखना कठिन होता। कोच ने आगे कहा, एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें खोना एक बहुत बड़ा झटका होता। सौभाग्य से, ऐसा नहीं हुआ। सात साल साथ रहने के बाद, हम एक-दूसरे को काफी अच्छी तरह पहचानते हैं। वह एक विशेष खिलाड़ी हैं और उसकी जगह कोई अन्य खिलाड़ी नहीं ले सकता, वो कई वर्षों तक क्लब के साथ जुड़ा रहेगा।

# आईसीसी ने 3 भारतीयों सहित 8 लोगों पर लगाए भ्रष्ट गतिविधियों के आरोप

**एजेंसी। दुबई**



आईसीसी ने 2021 एमिरेट्स टी10 लीग के दौरान भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने के लिए आठ खिलाड़ियों, अधिकारियों और कुछ भारतीय टीम मालिकों पर विभिन्न आरोप लगाए हैं। दो भारतीय सह मालिक पराग संघवी और कृष्ण कुमार हैं। ये दोनों टीम पुणे डेविल्स के सह मालिक हैं और उस सत्र में इनके एक खिलाड़ी बांग्लादेश के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज नासिर हुसैन पर भी लीग की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने वाला तीसरा भारतीय एक अंजान सा बल्लेबाजी कोच सन्नी ढिल्लों है। आईसीसी ने कहा, 'आरोप 2021 अबु धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं - इन प्रयासों को बाधित किया गया था। आईसीसी को इस टूर्नामेंट के लिए ईसीबी ने नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी (डीएसीओ) के रूप में नियुक्त किया गया था और इस प्रकार ईसीबी की ओर से ये आरोप जारी किए जा रहे हैं।' संघवी पर मैच के नतीजों और अन्य पहलुओं पर सट्टा लगाने तथा जांच एजेंसी के साथ सहयोग नहीं करने के आरोप लगे हैं। कृष्ण कुमार पर डीएसीओ से चीजों को छिपाने के आरोप लगे हैं जबकि ढिल्लों पर मैच फिक्स करने का प्रयास करने के आरोप हैं। बांग्लादेश के लिए 19 टेस्ट और 65 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले नासिर पर डीएसीओ को 750 डॉलर से अधिक के तोहफे की जानकारी का खुलासा नहीं करने का आरोप लगा है। जिन अन्य लोगों को निलंबित किया गया है उनमें बल्लेबाजी कोच अजहर जैदी, यूएई के घरेलू खिलाड़ी रिजवान जावेद और सालिया समन और टीम मैनेजर शादाब अहमद शामिल हैं। तीन भारतीयों सहित छह लोगों को अस्थाई रूप से निलंबित किया गया है और इन सभी के पास आरोपों का जवाब देने के लिए मंगलवार से 19 दिन का समय होगा।

### चेन्नईयिन एफसी ने सर्बियाई डिफेंडर लजार सिर्कोविक के साथ किया करार

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सीजन से पहले सर्बियाई डिफेंडर लजार सिर्कोविक के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। क्लब ने आगामी आईएसएल सीजन से पहले सर्बियाई डिफेंडर को अपने पांचवें विदेशी खिलाड़ी के रूप में अनुबंधित किया। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने क्लब की मीडिया टीम को बताया, हम लाज को क्लब में लाकर बहुत खुश हैं। कई क्लबों की उनमें काफी दिलचस्पी रही है क्योंकि वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं। सिर्कोविक आखिरी बार हंगेरियन क्लब बुडापेस्ट होनवेड एफसी के लिए खेले थे, जहां उन्होंने 2022-23 सीजन में हंगेरियन फर्स्ट डिवीजन में 17 मैच खेले थे। उन्होंने अपना अधिकांश सीनियर फुटबॉल सर्बियाई फर्स्ट डिवीजन में खेला है, जिसमें उन्होंने एफके रेड, एफके पार्टिजन बेलग्रेड और किस्वर्डा एफसी के लिए 146 मैच खेले हैं।

# बाबर आजम के साथ अनबन की अफवाहों पर शाहीन अफरीदी की प्रतिक्रिया आई सामने

**एजेंसी। नई दिल्ली**



शाहीन शाह अफरीदी ने मंगलवार 19 सितंबर को पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के साथ अपने मतभेद की खबरें सामने आने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की। सुपर फोर में श्रीलंका से हार के बाद पाकिस्तान के एशिया कप 2023 से बाहर होने के बाद दोनों क्रिकेटरों के ड्रेसिंग रूम में मौखिक विवाद में शामिल होने की खबर आई थी। खबर थी कि दोनों एक दूसरे से खुश नहीं थे। हालांकि, शाहीन ने हाल ही में सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है।

शाहीन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से बाबर के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने इसे कैप्शन देते हुए लिखा, 'फैमिली'। इसके बाद उन्होंने दिल का इमोटिकॉन बनाया। इस पोस्ट के साथ उन्होंने उन सभी अटकलों को खारिज कर दिया जिसमें उनके और बाबर आजम के बीच कुछ भी ठीक नहीं है।

मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में शुरूआती मैच में नेपाल को हराकर पाकिस्तान ने एशिया कप में शानदार शुरूआत की। उन्होंने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में सुपर फोर मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। हालांकि भारत के हाथों 228 रनों की हार ने उनके आत्मविश्वास को भारी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान का मैच खराब हो गया। जमान खान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 8 रनों की जरूरत थी, लेकिन वह अपनी टीम को फिनिश लाइन से आगे ले जाने में नाकाम रहे।

चैंपियनशिप के दौरान पाकिस्तान चोट की चिंताओं से भी जूझता रहा। हारिस रऊफ और नसीम शाह को चोटें आईं जिसके बाद जमान खान और शाहनवाज दहानी को बुलाना पड़ा। बाबर ने नेपाल के खिलाफ 131 गेंदों में 151 रन बनाए लेकिन उसके बाद बल्ले से उनका अभियान खराब होने लगा। दूसरी ओर शाहीन ने पल्लेकेले में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 45 रन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 10 विकेट लिए।

**विश्व कप 2023** | **राष्ट्रीय टीम में बुलावे का इंतजार कर रहे दीपक चाहर**

# भारत के लिए विश्व कप जीतना है सपना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय टीम के स्विंग गेंदबाज दीपक चाहर चोट से उबर कर पूरी तरह से फिट हैं और राष्ट्रीय टीम में बुलावे का इंतजार कर रहे हैं। दीपक ने कहा कि हर क्रिकेटर की तरह उनका सपना भी भारत के लिए विश्व कप जीतना है। भारत के लिए 37 मैच (13 एकदिवसीय और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय) खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा, मैं पूरी तरह से फिट हूं और राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए कोशिश कर रहा हूं। मैंने हाल ही आरपीएल (राजस्थान प्रीमियर लीग) टूर्नामेंट खेला है। रविवार तक मैं राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में था। भारतीय टीम एशियाई खेलों के लिए चीन जा रही है, मैं उनके साथ अभ्यास कर रहा था।'

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान ज्यादातर समय तक चोट के कारण टीम से बाहर रहने वाले दीपक का मानना खिलाड़ी को निराश होने की जगह ऐसी परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। भारत के लिए दिसंबर 2022 में अपना पिछला मैच खेलने वाले 31 साल के इस गेंदबाज ने कहा, ह्यएक खिलाड़ी के लिए निराश होना अच्छा नहीं होता। जो चीज आपके हाथ में नहीं है उसे आप नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। मेरे हाथ में फिट रहना और टीम के लिए उपलब्ध रहना है। मैं उस मामले में तैयार हूं और जब भी मौका मिलेगा टीम के लिए शत प्रतिशत दूंगा।'

दीपक चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर हुए और आगामी विश्व कप तथा एशियाई खेलों की टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। उन्होंने कहा, ह्यचोट के कारण मेरा करियर काफी प्रभावित हुआ है। खिलाड़ियों का चोटिल होना उनकी शरीर के प्रकार पर भी निर्भर करता है। कुछ लोग कम चोटिल होते हैं लेकिन मैं अपनी तरफ से सब कुछ करने के बाद भी ज्यादा चोटिल होता हूं। मैं खान-पान, अभ्यास और प्रशिक्षण पर पूरा ध्यान देता हूं।' उन्होंने कहा, मेरे मामले में यह भी कह सकते है कि मेरा समय खराब चल रहा था। पिछले साल मेरे पीठ में चोट लगी और तेज गेंदबाज के लिए यह काफी खतरनाक होता है लेकिन अब मैं पूरी तरह से फिट हूं। मैं इस समय अपनी गेंदबाजी से काफी खुश हूं।' गेंदबाजी के साथ निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए जाने-जाने वाले दीपक लंबे समय से इंडियन प्रीमियर लीग में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स के सदस्य है। वह धोनी के चहेते खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने कहा, मैं काफी किस्मत वाला हूं कि माही भाई के साथ इतना समय बिताने का मौका मिला। मैं पिछले कई वर्षों से उनके साथ खेल रहा हूं। मैं उनको बड़ा भाई मानता हूं और उन्हें अपना आदर्श खिलाड़ी मानता हूं। वह मुझे छोटा भाई मानते हैं। एक खिलाड़ी और इंसान के तौर पर उनकी काफी इज्जत करता हूं। उनसे काफी कुछ सीखा है।'

भारत के लिए एकदिवसीय में 13 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 29 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा ने कहा कि वह आम तौर पर अपने पहले टूर्नामेंट में खिताब जीतते हैं और आने वाले समय में अगर किसी विश्व कप में भारतीय टीम के लिए चुने जाते हैं तो उन्हें फिर से किस्मत का साथ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हार क्रिकेट खिलाड़ी का सपना होता है विश्व कप खेलना और भारत के लिए इसे जीतना। जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं इसे पूरा करने की कोशिश करूंगा।'

उन्होंने कहा, 'मेरा साथ यह कई बार हुआ है कि जब मैंने किसी टूर्नामेंट में पहली बार भाग लिया तो टीम चैंपियन बनी है। 2018 में भारतीय टीम ने एशिया कप का खिताब जीता था तब मैं टीम में था। आईपीएल में छह सत्र में पांच फाइनल खेल चुका हूं और तीन बार चैम्पियन बना हूं। आरपीएल के पहले सत्र में मेरी टीम जीती थी।' उन्होंने कहा, ह्यअभी तक विश्व कप नहीं खेला हूं और जब भी विश्व कप खेलूं तो टीम की जीत में मेरा योगदान हो। जब भी मौका मिलेगा अपना सब कुछ झोक दूंगा।

